| | |
|---|---|
| 52वां | **52nd** |
| राष्ट्रीय फ़िल्म | **National Film** |
| पुरस्कार | **Awards** |

# 2005

**मार्गदर्शन**
अफ़ज़ल अमानुल्लाह
**Guidance**
Afzal Amanullah

**संपादन/समन्वय**
मनोज श्रीवास्तव
**Editor/Co-ordination**
Manoj Srivastava

**सम्पादकीय बोर्ड**
संगीता सिंह
विश्वजीत सहाय
**Editorial Board**
Sangita Singh
Vishwajit Sahay

**उत्पादन**
एस. राय
वी. के. मीणा
किशोर कुमार
गणेशी लाल
**Production**
S. Roy
V. K. Meena
Kishor Kumar
Ganeshi Lal

फिल्म समारोह निदेशालय के लिए विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आकल्पित और प्रकाशित
मुद्रक : बंगाल ऑफसेट वर्क्स, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

Designed and published by the Directorate of Advertising & Visual Publicity, Ministry of Information & Broadcasting, Government of India, for the Directorate of Film Festivals, Printed at Bengal Offset Works, Karol Bagh, New Delhi-110005

No. : 2/8/2005 PP-V 1500 Copies October 2005

# विषय सूची

# CONTENTS

Page No.


| | | |
|---|---|---|
| **निर्णायक मंडल** | | **JURY MEMBERS** |
| **दादा साहेब फाल्के पुरस्कार** | 3 | **ABOUT DADASAHEB PHALKE AWARD** |
| दादा साहेब फाल्के पुरस्कार विजेता–2004 | 4 | Dadasaheb Phalke Award Winners-2004 |
| पिछले वर्षों के दादा साहेब फाल्के पुरस्कार विजेता | 6 | Dadasaheb Phalke Award Down The Years |
| पिछले वर्षों के स्वर्ण कमल विजेता | 7 | Past Winners of Swarna Kamal |
| **कथाचित्र पुरस्कार** | | **AWARDS FOR FEATURE FILMS** |
| सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार | 10 | Best Feature Film |
| निर्देशक के सर्वोत्तम प्रथम कथाचित्र के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार | 12 | Indira Gandhi Award for the Best First Film of a Director |
| स्वस्थ मनोरजंन प्रदान करने वाली सर्वोत्तम लोकप्रिय फिल्म | 14 | Best Popular Film Providing Wholesome Entertainment |
| राष्ट्रीय एकता के लिए सर्वोत्तम कथाचित्र का नर्गिस दत्त पुरस्कार | 16 | Nargis Dutt Award for Best Film on National Integration |
| परिवार कल्याण पर सर्वोत्तम फिल्म | 18 | Best Film on Family Welfare |
| अन्य सामाजिक मुद्दों पर सर्वोत्तम फिल्म | 20 | Best Film on Other Social Issues |
| पर्यावरण सरंक्षण / परिरक्षण पर सर्वोत्तम फिल्म | 22 | Best Film On Environment / Conservation / Preservation |
| सर्वोत्तम बाल फिल्म | 24 | Best Children's Film |
| सर्वोत्तम निर्देशक | 26 | Best Direction |
| सर्वोत्तम अभिनेता | 28 | Best Actor |
| सर्वोत्तम अभिनेत्री | 30 | Best Actress |
| सर्वोत्तम सह अभिनेता | 32 | Best Supporting Actor |
| सर्वोत्तम सह अभिनेत्री | 34 | Best Supporting Actress |
| सर्वोत्तम बाल कलाकार | 36 | Best Child Artist |
| सर्वोत्तम पार्श्व गायक | 38 | Best Male Playback Singer |
| सर्वोत्तम पार्श्व गायिका | 40 | Best Female Playback Singer |
| सर्वोत्तम छायांकन | 42 | Best Cinematography |
| सर्वोत्तम पटकथा | 44 | Best Screenplay |
| सर्वोत्तम ध्वनि आलेखन | 46 | Best Audiography |

| | | |
|---|---|---|
| सर्वोत्तम संपादन | 48 | Best Editing |
| सर्वोत्तम कला निर्देशन | 50 | Best Art Direction |
| सर्वोत्तम वेषभूषा | 52 | Best Costume Designer |
| सर्वोत्तम संगीत निर्देशन | 54 | Best Music Direction |
| सर्वोत्तम गीत | 56 | Best Lyrics |
| निर्णायक मंडल का विशेष पुरस्कार | 58 | Special Jury Award |
| सर्वोत्तम विशेष प्रभाव | 60 | Best Special Effects |
| सर्वोत्तम नृत्य निर्देशन | 62 | Best Choreography |
| सर्वोत्तम असमिया फीचर फिल्म | 64 | Best Feature Film in Assamese |
| सर्वोत्तम बंगला फीचर फिल्म | 66 | Best Feature Film in Bengali |
| सर्वोत्तम हिन्दी फीचर फिल्म | 68 | Best Feature Film In Hindi |
| सर्वोत्तम कन्नड फीचर फिल्म | 70 | Best Feature Film In Kannada |
| सर्वोत्तम मलयालम फीचर फिल्म | 72 | Best Feature Film in Malayalam |
| सर्वोत्तम मराठी फीचर फिल्म | 74 | Best Feature Film in Marathi |
| सर्वोत्तम पंजाबी फीचर फिल्म | 76 | Best Feature Film in Punjabi |
| सर्वोत्तम तमिल फीचर फिल्म | 78 | Best Feature Film in Tamil |
| सर्वोत्तम तेलुगु फीचर फिल्म | 80 | Best Feature Film in Telugu |
| सर्वोत्तम अंग्रेजी फीचर फिल्म | 82 | Best Feature Film in English |
| सर्वोत्तम कोंकणी फीचर फिल्म | 84 | Best Feature Film in Konkani |
| विशेष उल्लेख | 86 | Special Mention |
| पुरस्कार जो नहीं दिए गए | 88 | **Awards Not Given** |
| **गैर कथाचित्र पुरस्कार** | | **AWARDS FOR NON FEATURE FILM** |
| सर्वोत्तम गैर कथाचित्र पुरस्कार | 90 | Best Non-Feature Film |
| निर्देशक का सर्वोत्तम प्रथम गैर कथाचित्र पुरस्कार | 92 | Best First Non-Feature Film of a Director |
| सर्वोत्तम मानवशास्त्रीय / मानवजातीय फिल्म | 94 | Best Anthropological / Ethnographic Film |
| सर्वोत्तम जीवनी फिल्म | 96 | Best Biographical Film |
| सर्वोत्तम वैज्ञानिक फिल्म / पर्यावरण संरक्षण / परिरक्षण फिल्म | 98 | Best Scientific Film/Environment Conservation/Preservation Film |
| सामाजिक मुद्दों पर सर्वोत्तम फिल्म | 100 | Best Film on Social Issues |

| | | |
|---|---|---|
| सर्वोत्तम गवेषणा / साहसिक फिल्म | 102 | Best Exploration/Adventure Film |
| सर्वोत्तम खोजी फिल्म | 104 | Best Investigative Film |
| सर्वोत्तम कार्टून फिल्म | 106 | Best Animation Film |
| निर्णायक मंडल का विशेष पुरस्कार | 108 | Special Jury Award |
| सर्वोत्तम लघु कल्पित फिल्म | 110 | Best Short Fiction Film |
| परिवार कल्याण पर सर्वोत्तम फिल्म | 112 | Best Film on Family Welfare |
| सर्वोत्तम निर्देशन | 114 | Best Direction |
| सर्वोत्तम छायांकन | 116 | Best Cinematography |
| सर्वोत्तम ध्वनि आलेखन | 118 | Best Audiography |
| सर्वोत्तम संपादन | 120 | Best Editing |
| सर्वोत्तम संगीत निर्देशन | 122 | Best Music Direction |
| सर्वोत्तम प्रकथन / वाएस ओवर | 124 | Best Narration/Voice Over |
| पुरस्कार जो नहीं दिए गए | 126 | **Awards not given** |
| **सिनेमा पर सर्वोत्तम लेखन पुरस्कार** | | **AWARDS FOR BEST WRITING ON CINEMA** |
| सर्वोत्तम सिनेमा पुस्तक | 128 | Best Book on Cinema |
| सर्वोत्तम फिल्म समीक्षक | 130 | Best Film Critic |
| **सारांश : कथाचित्र** | | **SYNOPSES - FEATURE FILMS** |
| अकले | 134 | Akale |
| अलीशा | 135 | Aleesha |
| अमू | 136 | Amu |
| अन्जी | 137 | Anji |
| ऑटोग्राफ | 138 | Autograph |
| बेरू | 139 | Beru |
| छोटा सिपाही | 140 | Chhota Sipahi |
| छुटकन की महाभारत | 141 | Chhutkan ki Mahabharat |
| डांसर | 142 | Dancer |
| देस होया परदेस | 143 | Des Hoya Pardes |

| | | |
|---|---|---|
| देवराई | 144 | Devrai |
| दीनबंधु | 145 | Dinabandhoo |
| ग्रहणम् | 146 | Grahanam |
| हसीना | 147 | Hasina |
| हम तुम | 148 | Hum Tum |
| इति श्रीकान्त | 149 | Iti Srikanta |
| क्रान्तिकाल | 150 | Krantikal |
| लक्ष्य | 151 | Lakshya |
| नवरस | 152 | Navarasa |
| नेताजी सुभाष चन्द्र बोस–द फॉरगॉटन हीरो | 153 | Netaji Subhash Chandra Bose The Forgotten Hero |
| ओरीडम | 154 | Oridam |
| पेज 3 | 155 | Page 3 |
| पेरुमढ़कालम् | 156 | Perumazhkalam |
| रेनकोट | 157 | Raincoat |
| स्वदेस | 158 | Swades |
| स्वप्नेर दिन | 159 | Swapner Din |
| स्वराभिषेकम् | 160 | Swarabhishekam |
| उत्तरायण | 161 | Uttarayan |
| वीर.ज़ारा | 162 | Veer-Zaara |

## सारांश गैर कथाचित्र — SYNOPSES NON-FEATURE FILMS

| | | |
|---|---|---|
| क्रेडल साँग | 164 | Cradle Song |
| द्विजा | 165 | Dwijaa |
| एक सागर किनारे | 166 | Eka Sagar Kinaree... A Seaside Story |
| गिरनी | 167 | Gimi |
| हार्वेस्ट ऑफ हंगर | 168 | Harvest of Hunger |
| इट्स प्रभात | 169 | It's Prabhat |
| क्ष त्र ज्ञ | 170 | Ksha Tra Gya |
| द लीजेन्ड ऑफ फैट ममा | 171 | The Legend of Fat Mama |

| | | |
|---|---|---|
| राजू एण्ड आई | 172 | Raju & I |
| साँझ | 173 | Saanjh |
| शोर्स ऑफ साइलेन्स-व्हेल शार्क्स इन इंडिया | 174 | Shores of Silence-Whale Sharks in India |
| टाइमलैस ट्रेवलर-द हॉर्सशू क्रैब | 175 | Timeless Traveller-The Horseshoe Crab |

# निर्णायक मंडल **Jury Members**

## कथाचित्र निर्णायक मंडल


## JURY FOR FEATURE FILMS



सुधीर मिश्रा (अध्यक्ष)
Sudhir Mishra (Chairman)



वसन्त एस.एम.ए
Vasanth SMA



विनोद गनात्रा
Vinod Ganatra



एम. मोहन
M. Mohan



एम. संजीव
M Sanjeev



रणजीत दास
Ranjeet Das



संदीप सावंत
Sandeep Sawant



भजन सोपोरी
Bhajan Sopori



नागेश कुकुनूर
Nagesh Kukunoor



टी.एस. नागाभरणा
T.S. Nagabharana



शरद दत्त
Sharad Dutt



सुभद्रो चौधरी
Subhadro Chowdhury



चंडी मुखर्जी
Chandi Mukherjee



एल. वैद्यनाथन
L Vaidyanathan



वाणी श्री
Vani Shree



प्रीति सागर
Preeti Sagar



शताब्दी रॉय
Shatabdi Roy

## सिनेमा पर सर्वोत्तम लेखन निर्णायक मंडल JURY FOR BEST WRITING ON CINEMA



शोमा ए. चटर्जी
Shoma A. Chatterjee



रउफ़ अहमद (अध्यक्ष)
Rauf Ahmed (Chairman)



उत्पल बोड़पुजारी
Utpal Borpujari

गैर-कथाचित्र निर्णायक मंडल

# JURY FOR NON-FEATURE FILMS



ए.के. बीर (अध्यक्ष)
A.K. Bir (Chairman)



कादम्बरी चिन्तामणि
Kadambari Chintamani




वासिराजू प्रकाशम
Vasiraju Prakasam



सुदीश गोपालकृष्णन
Sudhish Gopalakrishnan



सुप्रियो सेन
Supriyo Sen



प्रसन्न जैन
Prasann Jain



पुष्पेश पन्त
Pushpesh Pant

# दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

# Dada Saheb Phalke Award



ढुंढीराज गोविन्द फाल्के (बायें)
Dhundiraj Govind Phalke (Left)

## ABOUT DADA SAHEB PHALKE AWARD

The prestigious and top most award of Indian cinema is named after the father of Indian cinema Dhundiraj Govind Phalke. He is credited with making the first ever Indian feature film in the year 1913. Beginning with Raja Harishchandra, Dadasaheb Phalke, as he was popularly called, went on to make 95 movies and 26 short films in a span of 19 years until 1932.

To honour this enterprising film personality, the Dadasaheb Phalke award was introduced in the year 1969 with a view to recognize the contribution of film personalities towards growth and development of Indian cinema. The first award was presented to the renowned actress and pioneer of studio system in India, Devika Rani.


## दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

भारतीय सिनेमा का सर्वोत्तम पुरस्कार भारत में सिनेमा के जनक माने जाने वाले ढुंढीराज गोविन्द फाल्के के नाम से सुशोभित है।

'राजा हरीश्चन्द्र' से फिल्मी जीवन का प्रारंभ करने वाले दादा साहेब फाल्के ने 1932 तक, 19 वर्षों में 95 फिल्में तथा 26 लघु फिल्में बनाई।

दादा साहेब फाल्के के सम्मानार्थ यह नामित पुरस्कार सन् 1969 में पहली बार प्रसिद्ध अभिनेत्री तथा स्टूडियो तंत्र की प्रतिपादक देविका रानी को प्रदान किया गया। प्रत्येक वर्ष भारतीय सिनेमा के उत्पादन और विकास के लिए आजीवन काम करने वाले व्यक्ति को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

# दादा साहेब फाल्के पुरस्कार विजेता 2004



अदूर गोपालकृष्णन

*Adoor Gopalakrishnan*

केरल में फिल्म सोसाइटी आन्दोलन के जनक तथा नवभारतीय सिनेमा के अग्रणी प्रकाशपुंज अदूर गोपालकृष्णन का जन्म सन् 1941 में केरल की शास्त्रीय नृत्य कला कथकली के संरक्षक परिवार में हुआ। उन्होंने आठ वर्ष की छोटी आयु से ही अव्यवसायी मंच पर अभिनय प्रारम्भ किया। अपने विद्यार्थी जीवन में उन्होंने अनेक नाटकों का लेखन और मंचन किया। भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे के स्नातक अदूर गोपालकृष्णन ने नौ फीचर फिल्मों तथा दर्जनभर वृत्तचित्रों का निर्माण किया है।

उनकी फिल्म स्वयंवरम् को राष्ट्रीय पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, सर्वश्रेष्ठ छायांकन तथा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इसके बाद निर्मित उनकी प्रत्येक फिल्म को राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई। अदूर गोपालकृष्णन दो बार सर्वश्रेष्ठ कथाचित्र, चार बार सर्वश्रेष्ठ निर्देशक तथा तीन बार सर्वश्रेष्ठ पटकथा लेखन का सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। उनकी फिल्मों में कार्यरत अभिनेता, अभिनेत्री तथा तकनीशियन भी अनेक राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। उनकी तीसरी फिल्म **ऐलीपथ्यम** ने सन् 1982 में "सर्वाधिक मौलिक तथा कल्पनाशील कथाचित्र" वर्ग में विशिष्ट ब्रिटिश फिल्म इन्स्टीट्यूट पुरस्कार प्राप्त किया। अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म आलोचकों द्वारा आयोजित फिप्रेस्की पुरस्कार उनकी छह फिल्मों **मुखामुखम, अनन्तरम, मथिलुकल, विधेयन, कथापुरुषन** तथा **निड़लकुथ्थू** को लगातार प्राप्त हुए हैं। अन्य अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कारों जैसे– यूनिसेफ फिल्म पुरस्कार (वेनिस), ओ.सी.आई.सी फिल्म पुरस्कार (एमियन्स), इण्टरफिल्म पुरस्कार, (मनहाइम) आदि से सम्मानित इस फिल्मकार की फिल्मों का प्रदर्शन विश्व के प्रत्येक महत्वपूर्ण फिल्म समारोह में हो चुका है। रॉटरडैम फिल्म समारोह में उनकी पिछली फिल्म **निड़लकुथ्थू** (शैडो किल) का चयन मानवाधिकारों के संवेदनशील प्रस्तुतीकरण के कारण एमनेस्टी–डॉयन पुरस्कार के लिए हुआ।

सन् 1984 में भारतीय सिनेमा में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्श्री से सम्मानित किया गया। उनके निबंधों के संकलन, "द वर्ल्ड ऑफ सिनेमा" को सन् 1984 में सिनेमा पर सर्वश्रेष्ठ पुस्तक का पुरस्कार प्राप्त हुआ। केरल राज्य पुरस्कार से सम्मानित, उनकी नई पुस्तक, *"दि एक्सपीरियन्स ऑफ सिनेमा"* कला तथा फिल्मकर्म पर आधारित लेखों का संकलन है। उनकी सिनेमा पर तीसरी पुस्तक, फिल्म, *लिट्रेचर एण्ड लाइफ* का हाल ही में प्रकाशन हुआ है।

सन् 2002 में वाशिंगटन के स्मिथसोनियन इन्स्टीटयूट ने उन के सम्पूर्ण फिल्मकर्म का सिंहावलोकन आयोजित करके सम्मानित किया तथा सिनेमाथेक ने ब्रुकलिन संगीत अकादमी, क्लीवलैंड सिनेमाथेक तथा म्यूजियम ऑफ फाइन आर्ट्स, ह्यूस्टन में विशेष श्रद्धांजलि अर्पित की। आपकी फिल्मों के अनेक सिंहावलोकन सिनेमाथेक पेरिस, ला रोशे, पेसारो, लिंकन सैंटर न्यूयार्क, फ्राइबुर्ग, एलेक्जांड्रिया, हेलसिंकी, फिगेरा द फोज, ब्रसेल्स, मैड्रिड तथा ल्यॉं आदि में आयोजित हो चुके हैं। उन्होंने अनेक निर्णायक मण्डलों – वेनिस, सिंगापुर, हवाई, एलेक्जांड्रिया, नई दिल्ली, सोची तथा शंघाई आदि में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

उनकी सेवाओं और अन्तर्राष्ट्रीय सिनेमा मे विशिष्ट योगदान के फलस्वरूप फ्रांसिसी सरकार ने उन्हें संस्कृति में सर्वोच्च सम्मान "द कमाण्डर ऑफ दि ऑर्डर ऑफ आर्ट्स एण्ड लेटर्स" से सम्मानित किया है। उनके प्रमुख वृत्तचित्रों में से कुछ हैं– **गुरु चेंगन्नूर, यक्षगान, कृष्णन्नोत्तम, कलामण्डलमगोपी, कूडियट्टम** तथा **कलामण्डलम रामनकुट्टी नायर**। आजकल वह केरल की शास्त्रीय नृत्यकला के एक रूप मोहिनीअट्टम पर वृत्तचित्र निर्माण में व्यस्त हैं।

# DADASAHEB PHALKE AWARD WINNER 2004

Adoor Gopalakrishnan, one of the leading luminaries of the New Indian Cinema and pioneer of Film Society Movement in Kerala, was born in 1941 into a family that patronized Kathakali, the classical dance theatre in Kerala. He started acting on the amateur stage at the early age of eight, wrote and directed several stage plays during his student days. A graduate of FTII, Pune he has scripted and directed nine feature films and over a dozen documentaries.

His debut film **Swayamvaram** went on to win national awards for best film, best director, best cameraman, and best actress. Each film he made thereafter has brought him national and international recognition (National Award for the best film twice, best director four times, and the best script-writer three times). His films have also won his actors and technicians several national awards.

Adoor's third feature **Elipathayam** got him the coveted British Film Award for the most original and imaginative film of 1982. The International Film Critics Prize (FIPRESCI) has gone to him six times successively for **Mukhamukham, Anantram, Mathilukal, Vidheyan, Kathapurushan and Nizhalkkuthu**. Winner of international awards like UNICEF film prize (Venice), OCIC film prize (Amiens), INTERFILM Prize (Mannheim) etc, his films have been shown in every important festival around the world. His last film **Nizhalkkuthu** (Shadow Kill) was chosen for the Amnesty-Doen award for its theme exemplifying human rights at the Rotterdam film festival.

In consideration of his contribution to Indian cinema, the nation honoured him with the title of Padmashree in 1984. His collection of essays, *The World of Cinema* was given the national award for Best Book on Cinema in 1984. His new book *The Experience of Cinema* which won the Kerala State Award for the Best Book on Cinema this year, is a collection of articles dealing with the art and practice of cinema. *Film, Literature and Life* has just been published.

In 2002, the Smithsonian Institution in Washington honoured him by holding a retrospective of his complete works followed by tributes by the Cinematheque at the Brooklyn Academy of Music, Cleveland Cinematheque and the Museum of Fine Arts, Houston.

Other major retrospectives of his films include those at the Cinematheque in Paris, La Rochelle, Pesaro, Lincoln Centre-New York, Fribourg, Alexandria, Helsinki, Figuera de Foz, Brussels, Madrid, Lyons etc. He has served on the juries of Venice, Singapore, Hawaii, Alexandria, New Delhi, Sochi and Shanghai.

In recognition of his contribution to international cinema, the French Government has recently bestowed on him the esteemed title of *The Commander of the Order of Arts and Letters*, the highest French honour in culture.

He has made several documentaries on performing arts, significant among them being Guru Chengannur, Yakshagana, Krishnanattom, Kalamandalam Gopi, Koddiyettam and Kalamandalam Raman Kutty Nair. Presently he is engaged in the production of a documentary on Mohiniyattam, a classical dance form of Kerala.

# DADASAHEB PHALKE AWARD DOWN THE YEARS

| SR. NO. | YEAR | AWARDEE |
|---|---|---|
| 1. | 1969 | Devika Rani Roerich |
| 2. | 1970 | B.N. Sircar |
| 3. | 1971 | Prithviraj Kapoor |
| 4. | 1972 | Pankaj Mullick |
| 5. | 1973 | Sulochana (Ruby Myers) |
| 6. | 1974 | B. N. Reddy |
| 7. | 1975 | Dhiren Ganguly |
| 8. | 1976 | Kanan Devi |
| 9. | 1977 | Nitin Bose |
| 10. | 1978 | R. C. Boral |
| 11. | 1979 | Sohrab Modi |
| 12. | 1980 | P. Jairaj |
| 13. | 1981 | Naushad Ali |
| 14. | 1982 | L.V. Prasad |
| 15. | 1983 | Durga Khote |
| 16. | 1984 | Satyajit Ray |
| 17. | 1985 | V. Shantaram |
| 18. | 1986 | B. Nagi Reddy |
| 19. | 1987 | Raj Kapoor |
| 20. | 1988 | Ashok Kumar |
| 21. | 1989 | Lata Mangeshkar |
| 22. | 1990 | Akkineni Nageshwara Rao |
| 23. | 1991 | Balachandra Govind Pendharakar |
| 24. | 1992 | Dr. Bhupen Hazarika |
| 25. | 1993 | Majrooh Sultanpuri |
| 26. | 1994 | Dilip Kumar |
| 27. | 1995 | Dr. Rajkumar |
| 28. | 1996 | Shivaji Ganesan |
| 29. | 1997 | Kavi Pradeep |
| 30. | 1998 | B. R. Chopra |
| 31. | 1999 | Hrushikesh Mukherjee |
| 32. | 2000 | Asha Bhosle |
| 33. | 2001 | Yash Chopra |
| 34. | 2002 | Dev Anand |
| 35. | 2003 | Mrinal Sen |

## PAST WINNERS OF SWARNA KAMAL

| Sr. No. | Film | Director | Language | Year |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Shyamchi Aai | P.K. Atre | Marathi | 1953 |
| 2. | Mirza Ghalib | Sohrab Modi | Hindi | 1954 |
| 3. | Pather Panchali | Satyajit Ray | Bengali | 1955 |
| 4. | Kabuliwala | Tapan Sinha | Bengali | 1956 |
| 5. | Do Ankhen Barah Haath | V. Shantaram | Hindi | 1957 |
| 6. | Sagar Sangame | Debaki Kumar Bose | Bengali | 1958 |
| 7. | Apur Sansar | Satyajit Ray | Bengali | 1959 |
| 8. | Anuradha | Hrishikesh Mukherjee | Hindi | 1960 |
| 9. | Bhagini Nivedita | Bijoy Basu | Bengali | 1961 |
| 10. | Dada Thakur | Sudhir Mukherjee | Bengali | 1962 |
| 11. | Shehar Aur Sapna | Khwaja Ahmed Abbas | Hindi | 1963 |
| 12. | Charulata | Satyajit Ray | Bengali | 1964 |
| 13. | Chemmeen | Ramu Kariat | Malayalam | 1965 |
| 14. | Teesri Kasam | Basu Bhattacharya | Hindi | 1966 |
| 15. | Hatey Bazare | Tapan Sinha | Bengali | 1967 |
| 16. | Goopy Gyne Bagha Byne | Satyajit Ray | Bengali | 1968 |
| 17. | Bhuvan Shome | Mrinal Sen | Hindi | 1969 |
| 18. | Samskara | T. Pattabhiram Reddy | Kannada | 1970 |
| 19. | Seemabaddha | Satyajit Ray | Bengali | 1971 |
| 20. | Swayamvaram | Adoor Gopalakrishnan | Malayalam | 1972 |
| 21. | Nirmalyam | M.T. Vasudevan Nair | Malayalam | 1973 |
| 22. | Chorus | Mrinal Sen | Bengali | 1974 |
| 23. | Chomana Dudi | B.V. Karanth | Kannada | 1975 |

| Sr. No. | Film | Director | Language | Year |
|---|---|---|---|---|
| 24. | Mrigaya | Mrinal Sen | Hindi | 1976 |
| 25. | Ghatashraddha | Girish Kasaravalli | Kannada | 1977 |
| 26. | No award recommended | | | 1978 |
| 27. | Shodh | Biplab Ray Choudhri | Hindi | 1979 |
| 28. | Akaler Sandhane | Mrinal Sen | Bengali | 1980 |
| 29. | Dakhal | Goutam Ghose | Bengali | 1981 |
| 30. | Chokh | Utpalendu Chakraborty | Bengali | 1982 |
| 31. | Adi Sankaracharya | G.V. Iyer | Sanskrit | 1983 |
| 32. | Damul | Prakash Jha | Hindi | 1984 |
| 33. | Chidambaram | G. Aravindan | Malayalam | 1985 |
| 34. | Tabarana Kathe | Girish Kasaravalli | Kannada | 1986 |
| 35. | Halodhia Choraye Bodhan Kahi | Jahnu Barua | Assamese | 1987 |
| 36. | Piravi | Shaji N. Karun | Malayalam | 1988 |
| 37. | Bagh Bahadur | Buddhadeb Dasgupta | Hindi | 1989 |
| 38. | Maruppakkam | K. S. Sethumadhavan | Tamil | 1990 |
| 39. | Agantuk | Satyajit Ray | Bengali | 1991 |
| 40. | Bhagavad Gita | G. V. Iyer | Sanskrit | 1992 |
| 41. | Charachar | Buddhadeb Dasgupta | Bengali | 1993 |
| 42. | Unishe April | Rituparno Ghosh | Bengali | 1994 |
| 43. | Kathapurushan | Adoor Gopalakrishnan | Malayalam | 1995 |
| 44. | Lal Darja | Buddhadeb Dasgupta | Bengali | 1996 |
| 45. | Thai Saheb | Girish Kasaravalli | Kannada | 1997 |
| 46. | Samar | Shyam Benegal | Hindi | 1998 |
| 47. | Vanaprastham | Shaji N. Karun | Malayalam | 1999 |
| 48. | Shantham | Jayaraj | Malayalam | 2000 |
| 49. | Dweepa | Girish Kasaravalli | Kannada | 2001 |
| 50. | Mondo Meyer Upakhyan | Buddhadeb Dasgupta | Bengali | 2002 |
| 51 | Shwaas | Sandeep Sawant | Marathi | 2003 |

# कथाचित्र पुरस्कार

# Awards for Feature Films

# सर्वोत्तम कथाचित्र

## पेज 3 (हिन्दी)

निर्माता **बॉबी पुष्कर्णा** को स्वर्ण कमल एवं 50,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक **मधुर भंडारकर** को स्वर्ण कमल एवं 50,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम कथाचित्र का पुरस्कार हिन्दी फिल्म **पेज 3** को दिया गया है। फिल्म में समाचारपत्रों के पेज 3 के उथले संसार को निष्ठुर एवं व्यंग्यपूर्ण होते हुए भी सौम्यतापूर्वक प्रस्तुत करने का यह संश्लिष्ट एवं साहसिक प्रयास है।

# BEST FEATURE FILM

## PAGE 3 (Hindi)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 50,000/- to the Producer **BOBBY PUSHKARNA**

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 50,000 to the Director **MADHUR BHANDARKAR**

**CITATION**

The Award for the Best Feature Film of 2004 is given to Hindi film **Page 3** for a complex and daring attempt which exposes the shallow world of Page 3 in a manner which is both savagely satirical yet gently ironical.

## बॉबी पुष्कर्णा

राहुल बॉबी पुष्कर्णा, प्रतिष्ठित फिल्म प्रोड्यूसर बलदेव पुष्कर्णा के पुत्र हैं।

लगभग दस वर्ष तक यूनाइटेड किंगडम में भू-व्यापार करने के पश्चात् भारत लौटे बॉबी ने फिल्म जगत में अपनी पहली फिल्म पेज 3 से अपार सफलता प्राप्त की है।



## BOBBY PUSHKARNA

Rahul Bobby Pushkarna is the son of Baldev Pushkarna, a veteran film producer.

After a stint as realtor for ten years in the United Kingdom, he has returned to India to be a film producer and has been a successful one, both commercially and artistically with his first film itself.

## मधुर भंडारकर

बाल्यकाल से फिल्मों में रुचि रखने वाले मधुर भंडारकर ने अस्सी के दशक में वीडियो लाइब्रेरियन के रूप में मुंबई से अपने कैरियर का प्रारंभ किया। सिनेमा में उनकी रुचि से प्रभावित हो कर उनके एक संबंधी ने उनका परिचय राम गोपाल वर्मा से कराया, जिनके साथ उन्होंने पांच वर्ष तक कार्य किया। उन्होंने अपनी पहली फिल्म **त्रिशक्ति** का 1999 में निर्माण किया और अपनी पहचान बनाई।

सन् 2001 में मुम्बई की 'डांस बार संस्कृति' पर निर्मित उनकी फिल्म **चाँदनी बार** से उनकी पहचान एक कर्मठ निर्देशक के रूप में बनी। फिल्म ने मॉस्को तथा जिंबाब्वे जैसे प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में पुरस्कार जीते। **चाँदनी बार** के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले मधुर भंडारकर का यह दूसरा राष्ट्रीय पुरस्कार है।



## MADHUR BHANDARKAR

A film buff since the time he was a teenager, in the early 80s, he started as a Video Librarian in Mumbai. His passion for cinema prompted his uncle to introduce him to the ace Director Ram Gopal Varma who he assisted for a period of five years. During this time, he learned the ropes of direction and went ahead to direct his first full length Hindi Feature Film in 1999 **Trishakti.**

Success came in the year 2001 when he directed one of the most hard hitting films based on the 'Dance Bar Culture' in Mumbai aptly titled **Chandni Bar**. This film was a revelation of sorts, a path breaking film in Indian Cinema which was lauded by Critics. **Chandni Bar** went on to win four awards at the 49th National Film Awards. It also won recognition at Film Festivals in Zimbabwe and Moscow. This is Madhur Bhandarkar's second National Award.

# निर्देशक की सर्वोत्तम प्रथम फिल्म

## ग्रहणम् (तेलुगु)

निर्माता **कनकधारा क्रिएशन्स** को स्वर्णकमल एवं 25,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशक **मोहन कृष्ण इंद्रगंति** को स्वर्णकमल एवं 25,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**
वर्ष 2005 का निर्देशक की सर्वोत्तम प्रथम फिल्म का इंदिरा गांधी पुरस्कार तेलुगु फिल्म **ग्रहणम्** को एक मौलिक लघु कथा को जीवन्त रूप से पर्दे पर उतारने के लिए दिया गया है। प्रथम प्रयास में भी उनका सिनेमाई नियन्त्रण एवं शैली वैशिष्ट्य सराहनीय है।

# INDIRA GANDHI AWARD FOR THE BEST FIRST FILM OF A DIRECTOR

## GRAHANAM (Telugu)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 25,000/- to the Producer **KANAKDHARA CREATIONS**
Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 25,000/- to the Director **MOHAN KRISHNA INDRAGANTI**

**CITATION**
The Indira Gandhi Award for the Best First Film of a Director of 2004 is given to Telugu film **Grahanam** for bringing alive the original short story on screen. The cinematic control and stylistic ability displayed are truly rare for a first time filmmaker.

## कनकधारा क्रिएशन्स

**ग्रहणम** कनकधारा क्रिएशन्स का प्रथम प्रयास है। उत्तम सिनेमा के निर्माण के लिए कटिबद्ध कनकधारा क्रिएशन्स ने **ग्रहणम्** के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है। कनकधारा की योजना भविष्य में ऐसे कई चलचित्रों के निर्माण की है।

## मोहन कृष्ण इंद्रगंति

यार्क यूनिवर्सिटी, टोरन्टो, कनाडा से फिल्म एवं वीडियो में मास्टर ऑफ फ़ाइन आर्ट्स करने से पूर्व, हैदराबाद विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य के छात्र मोहन कृष्ण एक पत्रकार एवं वृत्तचित्र निर्देशक रहे हैं। इनमें सर्वप्रमुख है स्वतन्त्रता के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 1997 में दूरदर्शन द्वारा निर्मित वृत्तचित्रों की श्रृंखला **महान्ध्रा** (महान आन्ध्र प्रदेश)। मोहन कृष्ण ने अनेक वृत्तचित्रों का लेखन एवं निर्देशन किया है। **ग्रहणम्** इनकी पहली फीचर फिल्म है।

तेलुगु साहित्य को सिनेमाई पर्दे पर उतारने का मोहन कृष्ण का स्वप्न उन की प्रथम फीचर फिल्म ग्रहणम से साकार हुआ है।



## KANAKDHARA CREATIONS

**Grahanam** is the first venture of Kanakdhara Creations. Passionate about producing good cinema, Kanakdhara Creations funded **Grahanam**. Kanakdhara plans to produce more such ventures in future.

## MOHAN KRISHNA INDRAGANTI

A student of English literature from University of Hyderabad, Mohan Krishna has been a journalist and a documentary filmmaker before obtaining an MFA (Master of Fine Arts) in Film and Video from York University, Toronto, Canada. He has worked as a writer and director for a number of documentaries. The most prominent of these was **Mahandhra** (The Great Andhra), a documentary series produced on the occasion of 50 years of independence by Doordarshan in 1997.

**Grahanam** is his first full length feature and the realization of his long-cherished dream of adapting Telugu literature to film.

# लोकप्रिय एवं स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वोत्तम फिल्म

## वीर ज़ारा (हिन्दी) एवं ऑटोग्राफ़ (तमिल)

निर्माता **यशराज फिल्म्स** एवं **चेरन** प्रत्येक को स्वर्णकमल एवं 20,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशक **यश चोपड़ा** एवं **चेरन** प्रत्येक को स्वर्णकमल एवं 20,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**

वर्ष 2004 का लोकप्रिय एवं स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वोत्तम फिल्म का पुरस्कार **वीर ज़ारा** एवं **ऑटोग्राफ** को संुयक्त रूप से दिया गया है।

**वीर ज़ारा** को यह पुरस्कार प्रेमकथा के मार्मिक चित्रण द्वारा मानव–निर्मित सीमाओं से ऊपर मानवीय संबंधों के महत्व को प्रतिपादित करने के लिए दिया गया है।

एवं

**ऑटोग्राफ** को यह पुरस्कार गृह–विरह के सशक्त किन्तु विशिष्ट काव्यात्मक प्रस्तुतीकरण के लिए दिया गया है।

# BEST POPULAR FILM PROVIDING WHOLESOME ENTERTAINMENT

## VEER ZAARA (Hindi) and AUTOGRAPH (Tamil)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 each to the Producers **YASHRAJ FILMS (P) LTD.** AND **CHERAN**
Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 each to the Directors **YASH CHOPRA** AND **CHERAN**

**CITATION**

The Award for the Best Popular Film Providing Wholesome Entertainment of 2004 is shared by **Veer Zaara** and **Autograph.**

The Award is given to **Veer Zaara** for invoking a touching tale of love highlighting the importance of human relationship above man-made boundaries.


and

**Autograph** for invoking nostalgia in a manner that is powerful yet poetic.

## यश चोपड़ा

निःसंदेह यश चोपड़ा भारत के जाने–माने एवं सफलतम फिल्मकारों में से एक हैं। पांच दशक तक फैले अपने फिल्मी जीवन में उन्होंने 30 फिल्मों का निर्माण किया है। इन में से अधिकतम व्यावसायिक दृष्टि से सफलता का इतिहास रच चुकी हैं। अपने बड़े भाई बी.आर. चोपड़ा के सहायक के रूप में अपने फिल्मी जीवन की शुरुआत करते हुए उन्होंने पांच फिल्मों, **धूल का फूल** (1959), **धर्मपुत्र** (1961), **वक्त** (1965), **इत्तेफाक** (1969) तथा **आदमी और इंसान** (1969) का निर्देशन किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने दूसरे बैनरों के लिए भी चार प्रसिद्ध फिल्मों का निर्माण किया। ये थीं – **जोशीला** (1973), **दीवार** (1975), **त्रिशूल** (1978) तथा **परम्परा** (1993)। उनका विशेष कार्य उनकी अपनी सन् 1970 में स्थापित कंपनी यशराज फिल्मस् की 27 फिल्में हैं। इन में से 12 उन्होंने स्वयं निर्देशित की हैं तथा अन्य 15 युवा फिल्मकारों ने उनकी देख–रेख में निर्देशित की हैं।

भारतीय सिनेमा की सेवा तथा योगदान के कारण वे भारत सरकार द्वारा पद्मश्री, पद्म भूषण तथा फिल्म जगत के सर्वश्रेष्ठ सम्मान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं।



## YASH CHOPRA


Yash Chopra is undoubtedly India's most successful film-maker. With a career spanning over five decades, he has been associated with almost 30 films, some of which have created box-office history.

He started out as an assistant to his brother B.R. Chopra and went on to direct 5 very successful films for his brother's banner – B.R. Films. These were **Dhool Ka Phool** (1959), **Dharmaputra** (1961), **Waqt** (1965), **Ittefaq** (1969) and **Aadmi Aur Insaan** (1969). He has wielded the baton, additionally, for four films made by other film companies – **Joshila** (1973), **Deewaar** (1975), **Trishul** (1978) and **Parampara** (1993). His greatest repertoire of work though has been 27 films made under the auspices of his own company, Yash Raj Films, established in 1970. Of these 27 films, he has directed 12 himself, while the other 15 have been directed by younger directors – under his supervision and administrative acumen as one of India's greatest producers.

In recognition of his services to Indian Cinema, he was bestowed with the highest honour in cinema by the Government of India, the Dada Saheb Phalke Award.

## चेरन

चेन्नई के सुप्रसिद्ध निर्माता–निर्देशक चेरन समकालीन तमिल सिनेमा में अपना विशिष्ट स्थान रखते हैं। अनेक कठिनाइयों के बाद सन् 2001 में चेरन ने अपनी कंपनी, 'ड्रीम थिएटर' का निर्माण किया। आटोग्राफ इस कम्पनी की पहली फिल्म है। सन् 2004 में प्रदर्शित इस फिल्म ने व्यावसायिक और आलोचनात्मक सफलता दोनों की चरमसीमा को प्राप्त किया। निर्माता–निर्देशक चेरन सिनेमा को सामाजिक परिवर्तन का यंत्र मानते हैं।



## CHERAN

Cheran is a renowned Producer and Director from Chennai. He set up his production house 'Dream Theatre' in 2001, with great perseverance and hard work.

Autograph is the first release of Dream Theatre. The film was released in 2004. Instantly, it found great commercial success and won critical acclaim, a rare feat for any movie.

Cheran believes cinema is an important tool for social change.

# राष्ट्रीय एकता संबंधी सर्वोत्तम कथाचित्र के लिए नरगिस दत्त पुरस्कार

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस–द फॉरगॉटन हीरो (हिन्दी)

निर्माता **सहारा इंडिया मीडिया कम्युनिकेशन्स लिमिटेड** को रजत कमल एवं 30,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशक **श्याम बेनेगल** को रजत कमल एवं 30,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

### प्रशस्ति

वर्ष 2004 का राष्ट्रीय एकता पर सर्वोत्तम कथाचित्र का नरगिस दत्त पुरस्कार हिन्दी फिल्म **नेताजी सुभाष चन्द्र बोस– द फॉरगॉटन हीरो** को दिया गया है। नेताजी आधुनिक भारत के अग्रणी व्यक्तित्व हैं। राष्ट्र के स्वतंत्रता के महान उद्धेश्य के लिये वे एक आदर्शवादी से क्रांतिकारी बन गये। फिल्म इस काल का अत्यंत प्रभावी रूप से चित्रण करती है।

# NARGIS DUTT AWARD FOR BEST FEATURE FILM ON NATIONAL INTEGRATION

## NETAJI SUBHASH CHANDRA BOSE-THE FORGOTTEN HERO (Hindi)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000 to the Producer **SAHARA INDIA MEDIA COMMUNICATION LTD.**
Rajat Kamal and cash prize of Rs. 30,000 to the Director **SHYAM BENEGAL**

### CITATION

The Nargis Dutt Award for Best Feature Film on National Integration of 2004 is given to the film **Netaji Subhash Chandra Bose-The Forgotten Hero**. Netaji is one of the leading of the figures of modern Indian History. From an idealistic cheracter he turned into a revolutionary to achieve his goal - freedom for his country. This film efficiently brings alive this era.

## सहारा इंडिया मीडिया कम्युनिकेशन

दर्शकों को उत्कृष्ट मनोरंजन से उत्प्रेरित करने तथा भारत के नये सिनेमाई भविष्य के सृजन के उद्देश्य से सहारा–1 मोशन पिक्चर्स का जन्म हुआ। आज भारत के प्रमुख स्टूडियो, निर्माता तथा वितरकों में यह कंपनी अग्रणी है।

## श्याम बेनेगल

भारतीय नवीन सिनेमा के द्योतकों में से एक श्याम बेनेगल का नाम उनकी पहली फिल्म 'अंकुर' के साथ ही देश के प्रख्यात फिल्मकारों के साथ जुड़ गया था। उनकी फिल्में देश–विदेश के फिल्म समारोहों में पिछले तीस वर्षों से प्रदर्शित होती रही हैं। उनकी फिल्में विभिन्न कथावस्तुओं को समाज के समक्ष प्रस्तुत करने के साथ समसामयिक भारतीय जनजीवन पर आधारित रही हैं..... विकास से जुड़ी समस्याएं, सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन उनकी फिल्मों में एक तार स्वरूप कई स्तरों पर चित्रित हुए हैं।

श्याम बेनेगल के नाम के साथ फिल्म कर्म का एक अपार इतिहास जुड़ा है। 24 फीचर फिल्मों, अनेक वृत्त चित्रों, टेलीविजन सीरिज़ आदि का निर्माण कर चुके, श्याम बेनेगल पद्मश्री तथा पद्म भूषण से सम्मानित हैं। इसके अतिरिक्त वे अनेकों राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार तथा सम्मान प्राप्त कर चुके हैं।



## SAHARA ONE MOTION PICTURES

Sahara-One Motion Pictures, India's biggest motion pictures studio, is driven by the desire to delight audiences with quality content and to change and shape the cinematic future of India. Sahara-One Motion Pictures is India's largest studio, producing quality movies,undertaking distribution, marketing, acquiring and promoting content that it believes will be loved by the masses.

## SHYAM BENEGAL

One of the pioneers of the new cinema in India, Shyam Benegal has been considered one of the leading filmmakers of the country ever since his first feature film, **Ankur** was released. His films have been seen and acclaimed widely in India and at International film festivals for the last three decades. The core subjects of his films have been varied in nature but mainly centered around contemporary Indian experience. Problems of development, social and cultural change appear on many levels as a continuing thread in practically all his films.

The Government of India has conferred on him two of its most prestigious awards– Padma Shri (1976) and Padma Bhushan (1991).

He has behind him 24 fiction features for Cinema, several documentaries and TV series including **Bharat Ek Khoj** on the history of India.

Practically all his films have won national awards and several of them have been awarded internationally. Shyam Benegal runs a film production company in Mumbai.

# परिवार कल्याण पर सर्वोत्तम फिल्म

## हसीना (कन्नड़)

निर्माता **चिगुरु चित्र** को रजत कमल एवं 30,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशक **गिरीश कासरवल्ली** को रजत कमल एवं 30,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**
परिवार कल्याण पर सर्वोत्तम फिल्म का पुरस्कार कन्नड़ फिल्म **हसीना** को दिया गया है। फिल्म में मुस्लिम समाज में व्याप्त महिला एवं बालिका उत्पीड़न की सामाजिक बुराइयों का प्रभावशाली चित्रांकन है।

# BEST FILM ON FAMILY WELFARE

## HASINA (Kannada)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000 to the Producer **CHIGURU CHITRA**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000 to the Director **GIRISH KASARAVALLI**

**CITATION**
The Award for the Best Film on Family Welfare of 2004 is given to the film **Hasina**. The film effectively brings to the fore the status of women and girl child in Muslim community.

## चिगुरु चित्र

कन्नड़ भाषा में सामाजिक रूप से सार्थक सिनेमा बनाने के उद्देश्य से चिगुरु चित्र की स्थापना सन् 2004 में की गई। **हसीना** चिगुरु चित्र की पहली फिल्म है। चिगुरुचित्र के अध्यक्ष आई. एम. विट्ठल मूर्ति पहले भी दो कन्नड़ फीचर फिल्मों **कानूरू हेग्गादिथि** तथा **मतदान** के कार्यकारी निमार्ता रह चुके हैं। **कानूरू हेग्गादिथि** ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता स्वर्गीय कुवेंपु के उपन्यास पर आधारित है। इस फिल्म के निर्देशक ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता गिरीश कर्नाड हैं। फिल्म **मतदान** प्रसिद्ध लेखक एस. एल. बायरप्पा के उपन्यास पर आधारित थी और इस के निर्देशक टी.एन. सीताराम थे। दोनों ही फिल्मों ने राष्ट्रीय तथा अनेकों राज्य स्तरीय पुरस्कार अर्जित किए हैं।

## CHIGURU CHITRA

Chiguru Chitra was formed in 2004, with the intention of producing meaningful cinema and to enrich the tradition of socially relevant films in Kannada. **Hasina** is their maiden venture.

I.M. Vittala Murthy has been the consulting producer for two Kannada Feature Films viz. **Kanooru Heggadithi** and **Mathadana.** Kanooru Heggadithi was based on the novel written by the Jnanapeeth Award Winner Late Shri Kuvempu and was directed by another Jnanapeeth Award Winner Girish Karnad. **Mathadaana** was based on the novel written by well known writer S.L. Byrappa and directed by T.N. Seetharam. Both these feature films have won National Level Awards in addition to many more state/local awards.

## गिरीश कासरवल्ली

समकालीन भारतीय सिनेमा के अग्रणी नामों में से एक है। 1975 में कन्नड़ फिल्म **घटश्राद्ध** से अपने कैरियर का प्रारम्भ करने वाले गिरीश कासरवल्ली ने तीन दशकों में नौ फिल्मों का निर्देशन किया है। उनकी फिल्में अनेक अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में प्रदर्शित, सम्मानित एवं पुरस्कृत हुई हैं। **घटश्राद्ध, तबर्णा कथे, ताई साहेब** एवं **द्वीप** इनकी मुख्य फिल्में हैं। गिरीश अनेक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय निर्णायक मंडलों के सदस्य एवं अध्यक्ष रह चुके हैं।



## GIRISH KASARAVALLI

One of the leading names in contemporary Indian cinema. Started his career with Kannada Cinema in 1975. In the next three decades he made nine films. Girish has won the Swarna Kamal at National Film Awards four times and Rajat Kamal four times. His films have been screened at many International Film Festivals. **Ghatashraddha**, **Tabarana Kathe**, **Thai Saheba, Dweepa** are his notable films. He has served regularly on many national and international film juries.

## मद्यनिषेध, महिला तथा बाल कल्याण, दहेज विरोधी, नशीले पदार्थों से हानियाँ, विकलाँग कल्याण आदि जैसे अन्य सामाजिक मुद्दों पर सर्वोत्तम फिल्म

### पेरुमढ़कालम् (मलयालम)

निर्माता **सलीम पडियत** को रजतकमल एवं 30,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशक **कमल** को रजतकमल एवं 30,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**

वर्ष 2004 का अन्य सामाजिक मुद्दों पर सर्वोत्तम फिल्म का पुरस्कार मलयालम फिल्म **पेरुमढ़कालम** को एक जटिल विषय का भावपूर्ण चित्रण करने के लिए दिया गया है। फिल्म के मुख्यपात्र भारतीय नारी के आत्म त्याग, क्षमाशीलता, तितिक्षा आदि पारम्परिक मूल्यों का प्रतिपादन करते हैं।

## BEST FILM ON OTHER SOCIAL ISSUES SUCH AS PROHIBITION, WOMEN AND CHILD WELFARE, ANTI-DOWRY, DRUG ABUSE, WELFARE OF THE HANDICAPPED ETC.

### PERUMAZHAKKALAM (Malayalam)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Producer **SALIM PADIYATH**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Director **KAMAL**

**CITATION**

Award for the Best Film on Other Social Issues Such as Prohibition, Women and Child Welfare, Anti-dowry, Drug Abuse, Welfare of the Handicapped etc. of 2004 is given to **Perumazhakkalam** for its deft handling of a complex, sensitive issue in a very sensitive manner. The central characters in the film reflect the traditional virtues of the Indian women, such as self-sacrifice, endurance and forgiveness, to bring two communities together.

## सलीम पडियत

सलीम पडियत का जन्म सन् 1958 में केरल राज्य के प्रसद्धि ऐतिहासिक शहर कोड्डुमगल्लूर में हुआ। वाणिज्य में स्नातक सलीम, पिछले 12 वर्षों से प्रख्यात फिल्मकारों कमल तथा एम. टी. वासुदेवन नायर के साथ लगभग 25 फिल्मों में सह–निर्देशक के रूप में कार्य कर चुके हैं। उन्होंने मोहम्मद अब्दुर रहमान साहिब की जीवनी पर एक वृत्तचित्र **शेरे–मलाबार** बनाया। इसके अतिरिक्त वे कई लघु चित्र तथा एडवरटाइजिंग फिल्में बना चुके हैं।

सलीम पडियत ने अपनी पहली फिल्म **घराक्षंगल** के निर्देशन के लिए सन् 2000 में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया। **पेरूमड़क्कालम** उनकी दूसरी फीचर फिल्म है।

## कमल

देश–विदेश में फैले मलयाली समाज के लिए निर्देशक कमल एक परिचित नाम है। प्रसिद्ध निर्देशकों पी.एन. मैनन, के.एस. सेतुमाधवन तथा भारतन के सहायक के रूप में काम कर चुके कमल ने निर्देशक के रूप में अपनी पहली फिल्म **मिज़ीनीर पूक्कल** (1986) से अपनी अलग पहचान बनाई। तब से कमल 32 सफल फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। **मंजू पोलुरु पेनकुट्टी** तथा **पेरुमड़क्कालम** उनकी दो वर्तमान फिल्में हैं। **पेरुमड़क्कालम** को मातृभूमि फिल्म पुरस्कारों में ग्यारह पुरस्कारों (सर्वश्रेष्ठ निर्देशक तथा सर्वश्रेष्ठ फिल्म सहित) से सम्मानित किया जा चुका है। इस फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार के अतिरिक्त सात केरल फिल्म क्रिटिक्स पुरस्कार तथा छः एशियानेट फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।





## SALIM PADIYATH

Salim Padiyath was born in 1958 in Kodungallur, a historic town of Kerala. A commerce graduate, he has during the past twelve years , worked as associate director with prominent film directors such as Kamal and M.T. Vasudevan Nair for about 25 films. He directed a documentary Sher-e-Malabar on freedom – fighter Mohamed Abdur Rahiman Sahib. He has also directed a few short films and Ad films.

**Gharaksharangal**, which he wrote and directed all by himself, is his first feature film. This movie bagged the National Award for the Best Children's Movie for the year 2000. **Perumazhakkalm** is his second feature production.

## KAMAL

Kamal is a well known director among the Malyali community around the world. Working with his mentors P.N. Menon, K.S. Sethumadhavan and Bharathan as Assistant Director moulded him into a director and gave the finishing touches before he debuted as a director in the production of **Mizhineer Pookkal** (1986). Starting with **Mizhineer Pookkal**, has directed 32 other movies, the latest being **Manjupoloru Penkutty** and **Peruumazhakkalam**. Winner of several State Awards, Kamal is identified with mainstream cinema.

Perumazhakkalam is his recent feature film. This film has already bagged eleven awards in Mathrubhumi Film Awards, including Best Director and Best Film, Seven Kerala Film Critics Awards including Best Film and Best Director and six Asianet Film Awards including Best Director, besides the coveted National Award.

# पर्यावरण संरक्षण/परिरक्षण पर सर्वोत्तम फिल्म

## देवराई (मराठी)

निर्माता **वाई.एन.ओक** को रजतकमल एवं 30,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशक **सुमित्रा भावे** एवं **सुनील सुक्थांकर** को रजतकमल एवं 15,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**

पर्यावरण संरक्षण/परिरक्षण पर सर्वोत्तम फिल्म का पुरस्कार मराठी फिल्म **देवराई** को दिया गया है। इस अव्यवस्थित संसार में पर्यावरण संरक्षण एवं परिरक्षण के महत्व की चर्चा तो है किंतु पूर्वजों द्वारा बनाए मिथकों से सीखने का प्रयत्न नहीं। फिल्म बिना किसी निर्णय, भेदभाव या निन्दा के प्रत्येक को इस बात पर विचार करने का अवसर प्रदान करती है।

# BEST FILM ON ENVIRONMENT CONSERVATION/PRESERVATION

## DEVRAI (Marathi)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Producer **Y.N. OAK**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 15,000/- each to the Directors **SUMITRA BHAVE and SUNIL SUKTHANKAR**

**CITATION**

Award for the Best Film on Environment Conservation/Preservation of 2004 is given to the Marathi film **Devrai**. In this chaotic world, when every body talks about the importance of environment, conservation and preservation but no body cares to learn from the wisdom of myth created by our forefathers, the film creates space for every mind to realize its potential without judging, discriminating or condemning.

## यशवंत नरहरि ओक

पुणे विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक यशवंत नरहरि ओक सिज़ोफ्रेनिया अवेयरनेस एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं। सन् 1998 से इस क्षेत्र में कार्यरत ओक ने मानसिक स्वास्थ्य तथा पर्यावरण संरक्षण पर फिल्म बनाने के उद्देश्य से फिल्म **देवराई** का निर्माण किया।

## सुमित्रा भावे

सुमित्रा भावे ने राजनीति विज्ञान तथा समाजशास्त्र में पुणे विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त की। तत्पश्चात् उन्होंने टाटा समाज विज्ञान संस्थान, मुम्बई से समाज सेवा में भी स्नातकोत्तर शिक्षा भी प्राप्त की। 10 वर्ष तक समाज सेवा शिक्षण करने के बाद कम्युनिटी एंड स्पॉन्सरशिप प्रोग्राम, मुम्बई में प्रोजेक्ट डायरेक्टर के पद पर कार्य किया।

इनका प्रथम वृत्तचित्र **बाई** एक दलित महिला के जीवन पर आधारित था। इस वृत्तचित्र के लिए इन्हें सन् 1985 में रजत कमल प्रदान किया गया। तब से सुमित्रा भावे अपने साथी फिल्मकार सुनील सुक्थांकर के साथ पांच फीचर, 32 वृत्तचित्र तथा 26 एपीसोड का एक टी.वी. धाराविक बना चुकी है।

## सुनील सुक्थांकर

बी.एम.सी.सी., पुणे से वाणिज्य में स्नातक उपाधि प्राप्त करने के बाद सुनील सुक्थांकर ने भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान से फिल्म निर्देशन में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की। सुमित्रा भावे के साथ मिलकर फिल्में बनाने के अतिरिक्त सुनील एक विशिष्ट रंगकर्मी के रूप में भी जाने जाते हैं।





## Y.N. OAK

Yashwant Narhari Oak is the President and member of the Executive Committee of Schizophrenia Awareness Association, a public trust working in the field of mental illness. He is also the Secretary of Vishwasetu Association, an organization for N.R.I.s and the local NGOs working in the field of Community Service.

## SUMITRA BHAVE

Sumitra Bhave completed her graduation from Ferguson College and Masters in Sociology and Political Science from University of Poona. She went on to further take another Masters in Social Work from the Tata Institute of Social Sciences, Mumbai.

After ten years of teaching social work in Karve Institute of Social Service, Pune she was the Project Director of Community Aid and Sponsorship Program, Mumbai.

She worked in the field of women's research as the Director of Research Project Stree Vani for ten years and felt it necessary to use the audiovisual medium to express her research findings before illiterate audience. Her first documentary film **Bai** based on a case study of a Dalit slum dweller woman won President's Rajat Kamal as the best Social Welfare film in 1985. Since then Sumitra Bhave along with Sunil Sukthankar, has made five feature films, 32 documentaries and a TV serial of 26 episodes.

## SUNIL SUKTHANKAR

Sunil Sukthankar a commerce graduate from BMCC, Pune did his post graduation in Film Direction from the Film & Television Institute of India. As a theatre activist he has written and directed a number of plays and street plays, apart, from several feature films.

## सर्वोत्तम बाल फिल्म

### छुटकन की महाभारत (हिन्दी)

निर्माता **भारतीय बाल चित्र समिति** को स्वर्णकमल एवं 30,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशक **संकलप मेश्राम** को स्वर्णकमल एवं 30,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम बाल का पुरस्कार हिन्दी फिल्म **छुटकन की महाभारत** को दिया गया है। यह फिल्म एक बच्चे की काल्पनिक कहानी है जिसके सपने अचानक सच होने लगते हैं। एक तूफान उठ खड़ा होता है जब गाँव में एक नौटंकी महाभारत का नाटक खेलने आती है। कौरव और पांडव योद्धा युद्ध आरम्भ होने से पहले ही अपने भेदभाव भूलकर मित्र बन जाते हैं।

## BEST CHILDREN'S FILM

### Chutkan Ki Mahabharat (Hindi)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Producer **CHILDREN'S FILM SOCIETY OF INDIA**
Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Director **SANKALP MESHRAM**

**CITATION**

The Award for the Best Children's Film of 2004 is given to the Hindi film **Chutkan Ki Mahabharat**. The film is phantasanagoric story of a boy whose dreams start coming true suddenly. All hell breaks loose when a Nautanki comes to village to play Mahabharata and suddenly its story changes. The warring Kaurvas and Pandavas bury their differences and become friends even before the war has begun.

## भारतीय बाल चित्र समिति

भारतीय बाल चित्र समिति की स्थापना 1955 में हुई। संस्था बच्चों की फिल्मों के निर्माण, वितरण, प्रदर्शन एवं उन्नयन में कार्यरत है। समिति भारत तथा विदेश में बच्चों की फिल्मों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सी.एस.एफ.आई. द्वारा निर्मित फिल्में अनेक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में प्रदर्शित की जा चुकी हैं।

## CHILDREN'S FILM SOCIETY OF INDIA (CFSI)

CFSI was established in 1955 to provide value-based entertainment to children through the medium of films. The organization is engaged in production, acquisition, distribution, exhibition and promotion of children's films.

The Society is committed to spreading and encouraging the children's film movement in India and abroad.

## संकल्प मेश्राम

भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे से फिल्म सम्पादक के रूप में प्रशिक्षित संकल्प मेश्राम दस वर्षों से फिल्म निर्देशन एवं सम्पादन का कार्य कर रहे हैं। इन्हें वर्ष 2000 में गैरकथाचित्र वर्ग में सर्वोत्तम सम्पादन का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हो चुका है।

कामनवेल्थ गेम्स 2002 के अवसर पर मान्चेस्टर में आयोजित सेन्सराउन्ड शो में स्पिरिट ऑफ फ्रेंडशिप मनाने के लिए ब्रिटिश फिल्म निर्देशकों के साथ संकल्प को भी आमन्त्रित किया गया था।

निर्देशन के रूप में **छुटकन की महाभारत** इनका प्रथम प्रयास है।



## SANKALP MESHRAM

Sankalp Meshram, a trained Film Editor from FTII, Pune has been working for ten years as a Film Maker and Editor in Mumbai. He received the National Award for Best Editing in the non-feature film category in the year 2000.

He was also invited to England to collaborate with some British Filmmakers for the Sensurround Show held in Manchester in May 2002 to celebrate the Spirit of Friendship Festival on the occasion of the Commonwealth Games, 2002.

**Chutkan Ki Mahabharat** is his debut feature.

# सर्वोत्तम निर्देशन

## बुद्धदेव दासगुप्ता

निर्देशक **बुद्धदेव दासगुप्ता** को स्वर्ण कमल एवं 50,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

### प्रशस्ति

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम निर्देशन का पुरस्कार **बुद्धदेव दासगुप्ता** को बंगला फिल्म **स्वपनेर दिन** के लिए दिया गया है। निर्देशक ने इस फिल्म में पश्चिम बंगाल के जटिल सामाजिक–राजनैतिक जीवन के चित्रण एवं लक्षणा का सटीक प्रयोग किया है।

# BEST DIRECTION

## BUDDHADEB DASGUPTA

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 50,000/- to the Director **BUDDHADEB DASGUPTA**

### CITATION

The Award for the Best Direction of 2004 is given to **BUDDHADEB DASGUPTA** in the Bengali film **SWAPNER DIN** for his apt usage of metaphors and complex handling of socio political situation present in West Bengal in a language simultaneously cinematic and poetic.

## बुद्धदेव दासगुप्ता

पिछले दो दशकों में अर्थशास्त्र के इस प्रोफेसर ने भारत के प्रमुख फिल्म निर्देशकों में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उनकी फिल्मकला में काव्यात्मक शैली तथा सामाजिक रूप से सार्थक विषयों का समावेश गोचर होता है। अपनी प्रारम्भिक फिल्मों **दूरत्व** (1978), **गृहयुद्ध** (1981) तथा **अन्धीगली** (1984) से ही बुद्धदेव दासगुप्ता ने फिल्म जगत का ध्यान अपनी प्रतिभा की ओर आकर्षित किया। उनकी प्रतिभा की पूर्णता उनकी बाद की फिल्मों **फेरा** (1986), **बाघ बहादुर** (1989), **ताहादेर कथा** (1992), **चराचर** (1993), **लालदार्जा** (1996), **उत्तरा** (2000) तथा **मन्दो मेयेर उपाख्यान** (2002) में दृष्टिगोचर होती है।

बहुमुखी प्रतिभा के धनी बुद्धदेव दासगुप्ता ने सन् 1978 तक शिक्षण कार्य किया। तब तक उनकी पहचान एक प्रसिद्ध कवि के रूप में हो चुकी थी। उनके उपन्यास समसामयिक बंगला साहित्य में अपना विशेष स्थान रखते हैं। उनके वृत्तचित्र भी उनकी फीचर फिल्मों की भांति ही वैशिष्ट्य प्राप्त कर चुके हैं। बुद्धदेव दासगुप्ता की कर्मशैली पर तीन पुस्तकें लिखी जा चुकी हैं। वे देश–विदेश से अनेक सम्मान प्राप्त कर चुके हैं।



## BUDDHADEB DASGUPTA

An economics professor by training, many critics consider Buddhadeb Dasgupta to be India's foremost director today. His reputation as a filmmaker rests as much on the lyrical poetry of the film as on the socially relevant themes he highlights. His films have seen him grow from strength to strength. His initial films, **Duratwa** (1978), **Grihajuddha** (1981) and **Andhi Gali** (1984) formed a triology that served to establish him as the director to look out for. That promise has been amply fulfilled in his latter body of work. **Phera** (1986), **Bagh Bahadur** (1989), **Tahader Katha** (1992), **Charachar** (1993), **Lal Darja** (1996), **Uttara** (2000) and his latest **Mondo Meyer Upakhyan** (2002)

A multi-faceted person, he continued to teach till 1978. By then he had already become a famous poet. His novels have a special place in Bengal's contemporary literature. His documentaries have been no less celebrated. Three books have already been written on him. National and international accolades have regularly come his way, and his films are prized commodities at festivals globally.

He is a filmmaker whose trademark is the pervasive humanism, visual poetry, with an economy of expression. In latter years he has moved towards a more poetic cinema, in which the camera, framing, compositions, lighting, symbolism have contributed significantly to the evocation of mood and atmosphere. In all his films, the pulse of critical humanism animates the cinematic discourse.

# सर्वोत्तम अभिनेता

## सैफ अली खान

अभिनेता **सैफ अली खान** को रजतकमल एवं 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**
वर्ष 2004 का सर्वोत्तम अभिनेता का पुरस्कार **सैफ अली खान** को हिन्दी फिल्म **हम तुम** में कठिन, जटिल पात्र को उनके सरल, सहज एवं स्वाभाविक अभिनय प्रस्तुति के लिए दिया गया है।

# BEST ACTOR

## SAIF ALI KHAN

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to Actor **SAIF ALI KHAN**

**CITATION**
The Award for the Best Actor of 2004 is given to **SAIF ALI KHAN** in the Hindi film **HUM TUM** for his sheer ease, subtlety and spontaneity in portraying a complex and demanding role.

## सैफ अली खान

1992 में प्रताप सिंह द्वारा निर्देशित **परम्परा** से अपने कैरियर की शुरुआत करके सैफ अली खान ने अभिनेता के रूप में लम्बा सफर तय किया है। सैफ प्रतिष्ठित अभिनेत्री शर्मिला टैगोर एवं भारतीय क्रिकेट के भूतपूर्व कप्तान मन्सूर अली खान पटौदी के पुत्र हैं।

अपने चौदह वर्ष के अभिनयकाल में सैफ ने अनेक चरित्र निभाए हैं। यह इनका प्रथम राष्ट्रीय पुरस्कार है।



## SAIF ALI KHAN

Beginning his acting career with **Parampara** directed by Pratap Singh in 1992, Saif Ali Khan has come a long way as an actor. Saif is the son of noted actress Sharmila Tagore and former Indian Cricket Captain Mansur Ali Khan Pataudi.

In his acting career of 14 years, Saif has displayed a variety of shades in his acting. This is his first National Award.

# सर्वोत्तम अभिनेत्री

## तारा

अभिनेत्री **तारा** को रजतकमल एवं 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

### प्रशस्ति

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम अभिनेत्री का पुरस्कार **तारा** को कन्नड़ फिल्म **हसीना** में एक युवा मुस्लिम पत्नी के अभिनय के लिए दिया है, जो अपने समाज के पारम्परिक नियमों पर प्रश्नचिह्न लगाती है। अभिनय के माध्यम से विभिन्न मनोभावों को व्यक्त करने की उनकी क्षमता प्रशंसनीय है।

# BEST ACTRESS

## TARA (Anuradha T.)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to Actress **TARA**

### CITATION

The award for the Best Actress of 2004 is given to **TARA** in the Kannada film **HASINA** for her powerful portrayal of a young Muslim wife boldly questioning the traditional laws of her community. Her ability to convey range of various moods through her performance in a forceful manner is commendable.

## तारा

तारा कन्नड़ फिल्म जगत की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री हैं। इन्हें सर्वोत्तम अभिनय के लिए तीन बार राज्य पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। उन्होंने कन्नड़ के अतिरिक्त तमिल एवं तेलुगु सहित सौ से अधिक फिल्मों में अभिनय किया है। **कानुरु हेगादिथि, कोटे, क्रम, मतदान** इत्यादि इनकी मुख्य फिल्में हैं।



## TARA

Tara is a leading actress of the Kannada film industry. She has won State Award for Best Actress three times. She has acted in more than a hundred films, which include films in Tamil and Telugu apart from Kannada language. Some of her notable films are **Maa Inti Katha, Kanooru Heggadithi, Kote, Krama, Mathadana** etc.

# सर्वोत्तम सह–अभिनेता

## हाराधन बनर्जी

सह–अभिनेता **हाराधन बनर्जी** को रजतकमल एवं 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम सह–अभिनेता का पुरस्कार **हाराधन बनर्जी** को बंगला फिल्म **क्रान्तिकाल** में एक असहाय एवं शय्याग्रस्त संभ्रात वृद्ध की सशक्त भूमिका के लिए दिया है।

# BEST SUPPORTING ACTOR

## HARADHAN BANERJEE

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to Supporting Actor **HARADHAN BANERJEE**

**CITATION**

The Award for the Best Supporting Actor of 2004 is given to **HARADHAN BANERJEE** in the Bengali film **KRANTIKAAL** for his subtle yet powerful performance in an understated portrayal of a helpless bedridden old royal.

## हाराधन बनर्जी

आयु के नवें दशक में प्रवेश कर चुके हाराधन बनर्जी अभिनय के क्षेत्र में लगभग 60 वर्षों से अपना लोहा मनवा चुके हैं। सत्यजीत रे के चहेते अभिनेताओं में से एक, बनर्जी ने, उनकी आठ फिल्मों में काम किया।

अभिनय के क्षेत्र में उनका प्रवेश नाट्याचार्य शिशिर कुमार भादुड़ी के सहयोग से 1940 के आस–पास हुआ। कोलकाता विश्वविद्यालय के स्नातक हाराधन बनर्जी ने अभिनय को गंभीरता से लिया। वे अबतक दो सौ फिल्मों तथा सौ नाटकों में अभिनय प्रदर्शन कर चुके हैं।



## HARADHAN BANNERJEE

Octogenarian Haradhan Bannerjee has been in the acting arena for nearly six decades. One of the favourite actors of Master Director Satyajit Ray, Banerjee has performed in eight of his films.

Bannerjee was initiated into this 'Art of acting' by great thespian Natyacharya Sishir Kumar Bhaduri, in the 40s of the last century. A post graduate from Calcutta (Kolkata) University, apart from a successful Insurance professional, Haradhan took up acting seriously. He has performed in over 200 films and nearly 100 theatre productions.

# सर्वोत्तम सह–अभिनेत्री

## एन. शीला देवी

सह–अभिनेत्री **एन. शीला देवी** को रजतकमल एवं 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**
वर्ष, 2004 का सर्वोत्तम सह–अभिनेत्री का पुरस्कार **एन. शीला देवी** को मलयालम फिल्म **अकले** में एक समुदाय के धीरे–धीरे क्षीण एवं धूमिल होने की त्रासदी को गरिमापूर्वक अभिनीत करने के लिए दिया गया है।

# BEST SUPPORTING ACTRESS

## N. SHEELA DEVI

Rajat Kamal and cash prize of Rs. 10,000 to Supporting Actress **N. SHEELA DEVI**

**CITATION**
The Award for the Best Supporting Actress of 2004 is given to **N. SHEELA Devi** in the Malayalam film **AKALE** for the grace with which she handles the tragedy of a community that is slowly fading away.

## एन. शीला देवी

त्रिचूर, केरल में जन्मी शीला दक्षिण भारत की सभी भाषाओं में 370 से अधिक फिल्मों में अभिनय कर चुकी हैं। राष्ट्रपति के स्वर्णपदक से पुरस्कृत फिल्म **चेमीन** में अभिनय कर चुकी, शीला लगातार पांच बार लक्स पुरस्कार की विजेता हैं।

सात बार दक्षिण भारतीय फिल्मफेयर पुरस्कार से सम्मानित शीला, सन् 1997 में स्क्रीन वीडियोकॉन लाइफ अचीवमेंट अवार्ड की भी विजेता हैं। इसके अतिरिक्त वे अनेक राज्यस्तरीय तथा राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुकी हैं।



## N. SHEELA DEVI

Born in Trichur, Kerala Sheela has acted in more than 370 films in all South Indian languages. Five times winner of Lux Award in a row, Sheela has acted in President's Gold Medal winning film **Chemmeen**.

She has also won the South Indian Film Fare Award seven times and Screen Videocon Lifetime Achievement Award. She has won several state and national awards.

# सर्वोत्तम बाल कलाकार

## ओम भुतकर

बाल कलाकार **ओम भुतकर** को रजतकमल एवं 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

### प्रशस्ति

वर्ष, 2004 का सर्वोत्तम बाल कलाकार का पुरस्कार **ओम भुतकर** को हिन्दी फिल्म **छोटा सिपाही** में एक भोले–भाले बालक से गोआ मुक्ति आन्दोलन के देशभक्त सिपाही में रूपान्तरण को अभिनीत करने के लिए दिया गया है।

# BEST CHILD ARTIST

## OM BHUTAKAR

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to Child Artist **OM BHUTAKAR**

### CITATION

The Award for the Best Child Artist of 2004 is given to **OM BHUTAKAR** in the Hindi film **CHHOTA SIPAHI** for his gradual evolution from a naïve innocent young child to a patriot in the liberation movement of Goa.

## ओम भुतकर

अभिनव विद्यालय पुणे, में 10 वीं कक्षा के छात्र ओम भुतकर रंगमंच तथा सिनेमा में अभिनय के क्षेत्र में सक्रिय हैं। प्रसिद्ध नाटक **अब्राह्म लिंकनचेपत्र** (मराठी) टेलीफिल्म **सखा माझा ज्ञानेश्वर** (मराठी) में काम कर चुके ओम दो फिल्मों **गाभारा** (मराठी) तथा **छोटा सिपाही** (हिन्दी) में काम कर चुके हैं।

यह राष्ट्रीय पुरस्कार उन्हें फिल्म **छोटा सिपाही** में उनके विशिष्ट अभिनय के लिए प्रदान किया जा रहा है।



## OM BHUTKAR

Born in 1990, Om Bhutkar studies in Abhinav Vidyalaya, Pune. He has acted in Marathi film **Gabhara** before **Chhota Sipahi**. Besides he has acted in telefilm **Sakha Maza Dnyaneshwar** (Marathi) and play **Abraham Linkanche Patra** (Marathi).

This national award is given to Om for his excellent performance in Chhota Sipahi.

# सर्वोत्तम पार्श्व गायक

## उदित नारायण

पार्श्व गायक **उदित नारायण** को रजतकमल एवं 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**
वर्ष 2004 का सर्वोत्तम पार्श्व गायक का पुरस्कार **उदित नारायण** को हिन्दी फिल्म **स्वदेश** में **'ये तारा वो तारा'** के भावपूर्ण गायन एवं स्वर सामंजस्य के लिए दिया गया है।

# BEST MALE PLAYBACK

## UDIT NARAYAN

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to Male Playback Singer **UDIT NARAYAN**

**CITATION**
The Award for the Best Male Playback Singer of 2004 is given to **UDIT NARAYAN** for the song **"Ye Tara Wo Tara"** in the Hindi film **SWADES** to honour his soulful rendition of this beautiful melody with imaging modulation.

## उदित नारायण

अत्यंत सुरीले स्वर वाले उदित नारायण ने छोटी आयु से ही गायन प्रारम्भ किया। कड़े संघर्ष के बाद उदित फिल्म **'कयामत से कयामत तक'** से दर्शकों के सामने आये और कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

20 वर्षों के कैरियर में आज वे चहेते पुरुष गायक के रूप में भारतीय सिनेमा में अपना विशिष्ट स्थान रखते हैं। हिन्दी तथा 15 अन्य भारतीय भाषाओं में 2600 से अधिक गीत गा चुके उदित ने कुछ प्राइवेट ऐलबमों जैसे दिल **दीवाना, भजन संगम, भजन वाटिका** तथा **ये दोस्ती** आदि का भी निर्माण किया है।

ये उनका तीसरा राष्ट्रीय पुरस्कार है। वे पहले **लगान** (2001) तथा **ज़िंदगी खूबसूरत है** (2002) के लिये भी राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं।



## UDIT NARAYAN

Gifted with a melodious voice, Udit began singing at a very young age. Wading his way through stiff competition, Udit Narayan shot into prominence with the film **Qayamat Se Qayamat Tak**.

He never looked back. In a career span of about 20 years, he has emerged as the most prolific and popular male singer in Indian Cinema. Having sung in over 2600 Hindi films in 15 Indian languages, Udit has released several private albums like **Dil Diwana, Bhajan Sangam, Bhajan Vatika, Ye Dosti** to name a few.

This is his third national award, the earlier two being **Lagaan** (2001) and **Zindagi Khubsurat Hai** (2002).

# सर्वोत्तम पार्श्व गायिका

## चित्रा

पार्श्व गायिका **चित्रा** को रजतकमल एवं 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

### प्रशस्ति

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम पार्श्वगायिक का पुरस्कार **चित्रा** को तमिल फिल्म **आटोग्राफ** में **'ओव्वोरु पूक्कलमें'** गीत के भावाभिव्यक्तिपूर्ण गायन के लिए दिया गया है। गायिका का स्वर गीत के कथन एवं चित्रण के अनुरूप सशक्त है।

# BEST FEMALE PLAYBACK SINGER

## CHITRA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to Female Playback Singer **CHITRA**

### CITATION

The Award for the Best Female Playback Singer of 2004 is given to **CHITRA** in the film **AUTOGRAPH** for expressive and soulful rendition of the song "Ovvoru Pookalume" with powerful voice throw suitable to the text and the scene.

# चित्रा

संगीतज्ञों के परिवार में जन्मी चित्रा ने अपने पिता प्रसिद्ध संगीतज्ञ श्री कृष्णनन नायर के संरक्षण में संगीत की प्रारम्भिक शिक्षा ग्रहण की। कर्नाटक शास्त्रीय संगीत में स्नातकोत्तर उपाधि मिलने के साथ चित्रा ने डा. के. ओमनाकुट्टी के संरक्षण में संगीत की उच्च शिक्षा प्राप्त की। फिल्म संगीत के क्षेत्र में उन्हें एम.जी. राधाकृष्णनन की प्रसिद्ध फिल्मों से प्रवेश मिला। डा. के.जे. येसुदास के साथ संगीत समारोहों में देश–विदेश में अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत करने का अवसर उनके जीवन का निर्णायक मोड़ था।

प्रसिद्ध संगीत निर्देशकों जैसे– इलियाराजा, रवीन्द्रन, जौन्सन, श्याम जैरी अमल देव, कन्नूर राजन के निर्देशन में चित्रा की प्रतिभा को और बल मिला। तमिल फिल्मों के पार्श्व गायन में चित्रा को प्रवेश प्रसिद्ध संगीत निर्देशक इलियाराजा की फिल्म (नी ताना अन्था क्वीन) से मिला। उन्होंने पार्श्व गायन के लिए पहला राष्ट्रीय पुरस्कार इलियाराजा द्वारा संगीत निर्देशित फिल्म **सिन्धु भैरवी** के लिए प्राप्त किया। आज चित्रा हिन्दी फिल्मों के लगभग सभी प्रसिद्ध संगीत निर्देशकों जैसे–ए.आर. रहमान, अनु मलिक, संदीप चौटा, आदेश श्रीवास्तव, विशाल, राजेश रोशन और संदेश आदि के लिए पार्श्व गायन कर चुकी हैं।

वे अनेक भाषाओं में पार्श्व गायन कर चुकी हैं। सन् 1984 से उन्होंने लगभग 12 हजार फिल्मी गीत विभिन्न भारतीय भाषाओं में तथा चार हजार गैर फिल्मी गीत गाये हैं। पार्श्व गायन के लिए ये उनका छठा राष्ट्रीय पुरस्कार है।



# CHITHRA

Chithra was born into a family of musicians. Her father late Krishnan Nair was a well-known singer of yesteryears. Through encouragement, single-minded dedication Nair helped his daughter develop into a playback artiste.

With a Master's degree in Music and comprehensive training in Carnatic Classical Music from Dr. K. Omanakutty, Professor of Music at Kerala University under the national talent search scholarship, Chithra was initiated into the film music field by M.G. Radhakrishnan through his films like **Attahasam, Snehapurvam Meera, Nan Ekananu**, etc. The opportunity to sing with Dr. K.J. Yesudas in live concerts all over India and abroad and also for his Tharangini Cassettes was a turning point in her career.

Having worked with Music Directors like Ilayaraja, Ravindran, Johnson, Shyam Jerry Amaldev, Kannoor Rajan Chithra's talent was further nurtured. Legendary Music Director Ilayaraja gave her the big break into Tamil films through his film Nee Tana Antha Kuil. She got her first National Award for the songs in the mega-hit film **Sindhu Bhairavi** tuned by Ilayaraja. Today she sings in Hindi films also for prominent music directos like A.R. Rehman, Anu Malik, Sandip Chowta, Adesh Srivastava, Vishal, Rajesh Roshan and Sandesh etc.

Of late she has also sung in other languages like Oriya and Bengali. Since 1984 she has recorded about 12000 film songs in various Indian languages and about 4000 non-film songs.

This is her sixth National Award as female playback singer.

# सर्वोत्तम छायांकन

## महेश अणे

छायाकार **महेश अणे** को रजतकमल एवं 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
फिल्म की **प्रोसेसिंग लैबोरेटरी एड लैब्स**, मुम्बई को रजत कमल एवं 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम छायांकन पुरस्कार **महेश अणे** को हिन्दी फिल्म **स्वदेस** में भारतीय ग्रामीण परिदृश्य को पूर्ण वास्तविकता एवं कठोरता से चित्रित करने के लिए दिया गया है।

# BEST CINEMATOGRAPHY

## MAHESH ANEY

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to Cameraman **MAHESH ANEY**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to Laboratory Processing the Film **ADLAB,** MUMBAI

**CITATION**

The Award for the Best Cinematography of 2004 is given to **MAHESH ANEY** in the Hindi Film **SWADES** for his lens that captures the rural Indian landscape with reality and harshness.

## महेश अणे

भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे से छायांकन में स्नातक महेश अणे ने पेप्सी, बेलॉग्स, टाटा स्टील, फेवीक्विक एवं मेगी इत्यादि के लिए एक हज़ार से अधिक व्यवसायी एवं विज्ञापन फिल्मों में कार्य किया है। इनमें से कुछ को पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं।

महेश ने बहुप्रचलित टेलीविजन धारावाहिकों **मूवर्स एण्ड शेकर्स**, **बिन्दास बोल**, **क्या मस्ती क्या धूम** एवं **वजूद** की परिकल्पना एवं निर्देशन किया जिसके लिए इन्हें अनेक पुरस्कार मिले।

महेश की कम्पनी द्वारा **कोका कोला**, **विक्स**, **ओनिडा टीवी**, **नीविया क्रीम**, **सिन्थॉल सोप** एवं **जॉनी वाकर गोल्फ** इत्यादि विज्ञापन फिल्मों का निर्माण किया गया है। **स्वदेश** से पूर्व महेश ने भारत दाभोलकर की **गॉड ऑनली नोज** तथा अरुणा राजे की **तुम** का छायांकन किया है।



## MAHESH ANEY

An FTII, Pune graduate with specialization in Cinematography. Mahesh Aney has shot for more than a thousand commercials including some award-winning for Pepsi, Kellogs, Tata Steel, Feviquick and Maggie. Mahesh has also conceptualized and directed extremely popular television show like **Movers and Shakers, Bindaas Bol, Kya Masti Kya Dhoom** and **Wajood** which have won several awards.

Mahesh runs his own production house and has produced more than fifty commercials for brands like **Coca Cola, Vicks, Onida TV, Nivea Cream, Cinthol Soap** and **Johnny Walker Golf**. He has worked as a cinematographer on films like Bharat Dabholkar's **God Only Knows** and Aruna Raje's **Tum** before doing **Swades**.

# सर्वोत्तम पटकथा

## मनोज त्यागी एवं नीना अरोड़ा

पटकथा लेखकों **मनोज त्यागी एवं नीना अरोड़ा** प्रत्येक को रजतकमल एवं 5,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

### प्रशस्ति

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम पटकथा पुरस्कार **मनोज त्यागी** एवं **नीना अरोड़ा** को हिन्दी फिल्म **पेज 3** एक जटिल कहानी को विलक्षण सरलता से कहने के लिए दिया गया है। यह फिल्म हमें पृष्ठ 3 के उथले संसार में ले जाती है जो हास्यपूर्ण हैं किंतु फिर भी परानुभूतिपूर्ण है।

# BEST SCREENPLAY

## MANOJ TYAGI & NINA ARORA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 5,000/- to each Screenplay Writers **MANOJ TYAGI & NINA ARORA**

### CITATION

The Award for the Best Screenplay writer of 2004 is given to Manoj Tyagi and Nina Arora in the Hindi film **PAGE 3** for telling a complex story in a stunningly simple manner. It takes you into the empty shallow world of Page 3, in a manner which is funny yet deeply empathetic.

## मनोज त्यागी

वाणिज्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने के बाद मनोज त्यागी ने पटकथा लेखन को अपने कैरियर के रूप में चुना।

**सत्ता, आन, अग्निपंख, अपहरण, कर्ण, पेज 3** जैसी फिल्मों के पटकथा लेखन के बाद मनोज आज मुम्बई फिल्म जगत में अपना विशिष्ट स्थान बना चुके हैं।

## MANOJ TYAGI

Even after obtaining a Masters in Business Administration, Manoj Tyagi chose to become a screen writer.

He has written screenplays for films like **Satta, Aan, Agnipankh, Apaharan, Karna Page 3** and the under production **Corporate**. Manoj has established himself in Mumbai film industry as a screenplay writer.

## नीना अरोड़ा

नीना अरोड़ा पिछले 27 वर्षों से पत्रकार के रूप में स्टारडस्ट, स्टार एंड स्टाइल, डब्ल्यु–मैगजीन फॉर वूमैन, मूवी आदि से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने अनेक विशिष्ट पत्र–पत्रिकाओं के साथ पत्रकारिता का अनुभव प्राप्त किया है।

हाल ही में उन्होंने मधुर भंडारकर की फिल्म **पेज 3** का पटकथा लेखन किया और व्यक्तिगत अनुभव के आधार पर पात्रों का सटीक रूपांकरण किया। नीना कई विशिष्ट टेलीविजन कार्यक्रमों जैसे–**आयुष्मान** तथा **जस्सी जैसी कोई नहीं** के लिये लेखन कर रही हैं।



## NINA ARORA

Nina Arora has been a journalist for the past 27 years and has edited magazines such as Stardust, Star and Style, W-magazine for women, Movie, she has also written for newspapers such as Mid-Day and Bombay Times. During her stint in London she wrote for International Asian publications such as India Asia, Brick – literary magazine in Canada, Khabar in Atlanta and various other publications.

Nina recently wrote the screenplay for Madhur Bhandarkar's film Page 3, the screenplay of the film largely came from her personal experiences with celebrities and film stars down the years. She is also currently writing extensively for television and doing prestigious show like Cinevista's **Ayushmaan** and **Jassi Jaisi Koi Nahin** for Sony Television.

# सर्वोत्तम ध्वनि

## अनूप मुखोपाध्याय तथा आलोक डे

अंतिम मिश्रित ट्रैक के लिए प्रत्येक री-रिकार्डिस्ट **अनूप मुखोपाध्याय** तथा **आलोक डे** प्रत्येक को 5,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम ध्वनि आलेखन का पुरस्कार अनूप मुखोपाध्याय तथा आलोक डे को बंगला फिल्म **इतिश्रीकान्त** में ध्वनि के ऐसे प्रभावशाली प्रयोग के लिए दिया है जिससे फिल्म को एक अतिरिक्त विस्तार प्राप्त हुआ है।

# BEST AUDIOGRAPHY

## ANUP MUKHERJEE and ALOK DEY

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 5,000/- each to the Re-recordist of the Final Mixed Track **ANUP MUKHERJEE** and **ALOK DEY**

**CITATION**

The Award for the Best Audiography of 2004 is given to Anup Mukherjee and Alok Dey for the Bengali Film **ITI SRIKANTA** for finest recordings of the sound in a superb way that lends an extra dimension to the film.

## अनूप मुखोपाध्याय

भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान से ध्वनि आलेखन तथा ध्वनि अभियांत्रिकी में ग्रेजुएट अनूप मुखोपाध्याय ने दूरदर्शन, एनएफडीसी और रूपायन में काम किया है। अनूप ने 250 से अधिक फिल्मों तथा वृत्त चित्रों के लिए ध्वनि आलेखन, पुनरालेखन किया।

इन्होंने सत्यजित राय, बुद्धदेव दासगुप्ता, तरुण मजूमदार, तपन सिन्हा, मृणाल सेन, अपर्णा सेन, नबेन्दु चटर्जी, गौतम घोष, डा. भाबेन्द्र नाथ सैकिया, गौतम बोरा, प्रदीप किशन, विक्टर बनर्जी, अंजन चौधरी, स्वप्न सिन्हा, बीरेश चटर्जी, सलिल दत्त और अरबिन्द मुखर्जी जैसे फिल्मकारों के साथ काम किया।

अनूप को पहले **सॉंग्स ऑफ महुलबनीर** तथा **उत्तरा** के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है।



## ANUP MUKHERJEE

Anup Mukherjee passed out of Film and Institute of India, Pune in 1974, as Sound Designer. Since then he has worked for over 300 films. A leading sound designer, re-recordist of the country, Mukherjee holds the credit of associating himself with three to four generation of film makers, from the master filmmaker Satyajit Ray to Budhdhadeb Dasgupta to Gautam Ghosh and others.

Anup Mukherjee, has won the National award for best audiographer, two times earlier.

## आलोक डे

भारतीय फिल्म एवं टेलीविज़न संस्थान, पुणे से ध्वनि विज्ञान में डिप्लोमा लेने के पश्चात् आलोक ने कुछ जानीमानी संस्थाओं जैसे–आनन्द रिकोर्डिंग स्टूडियो तथा सनी सुपर साउंड आदि के साथ 15 वर्षों तक कार्य किया। इस कार्यकाल में उन्होंने कुछ प्रसिद्ध फिल्मों जैसे– अपर्णा सेन की **मिस्टर एंड मिसेज़ अय्यर**, बुद्धदेब दासगुप्ता की **मंदोमेयेर उपाख्यान**, **स्वप्नेर दिन**, अनिल शर्मा की **गदर** तथा **अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो**, चन्द्र प्रकाश द्विवेदी की **पिंजर**, विक्रम भट्ट की **ऐलान**, कुन्दन शाह की **क्या कहना** तथा **मुगले आज़म** आदि में चीफ मिक्सिंग इंजीनियर के रूप में कार्य किया।



## ALOK DEY

Alok De has done Post Graduate Diploma in Sound Engineering and Sound Recording from Film and Television Institute of India, Pune in 1989. Before joining Fiesta Entertainment Pvt. Ltd. as Chief Mixing Engineer in 2004, Alok worked for Anand Recording Studio and Sunny Super Sound as Mixing Engineer. As Chief Sound Mixing Engineer, Alok has exceptional films to his credit like **Mr. & Mrs Iyer** by Aparna Sen, **Mondo meyer Upakhyan** by Buddhadeb Dasgupta, **Gadar** and **Ab Tumhare Hawale Vatan Sathiyo** by Anil Sharma, **Pinjar** by Dr. ChandraPrakash Dwivedi, **Elaan** by Vikram Bhatt, **Kya Kehna** by Kundan Shah and **Mughle-Azam**.

# सर्वोत्तम संपादन

## एस. सुरेश पाई

संपादन **एस. सुरेश पाई** को रजतकमल एवं 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम संपादन का पुरस्कार **एस. सुरेश पाई** को हिन्दी फिल्म **पेज 3** के सुस्पष्ट एवं कुशल संपादन के लिए दिया गया है। सुरेश संपादन द्वारा फिल्म में भाव, लय, अर्थवत्ता एवं वर्णनात्मकता को बनाए रखने में सफल हुए हैं।

# BEST EDITING

## S Suresh Pai

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to Editor **S SURESH PAI**

**CITATION**

The Award for Best Editing for the year 2004 is given to **S. Suresh Pai** for the Hindi film **PAGE 3** for the crisp cutting which gives a finesse to the film and successfully sustains the tempo of the film, mood and emotion while never loosing the narrative.

## एस. सुरेश पाई

अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर तथा भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे से फिल्म संपादन में प्रशिक्षित सुरेश पाई सर्वश्रेष्ठ संपादन के लिए पहले भी फिल्म स्निप के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। सुरेश द्वारा संपादित कुछ अन्य फिल्में हैं– **झंकार बीट्स, ऐव्रीबडी सेज़ आईएम फाइन, रघु रोमियो, दोबारा** तथा **पेज 3** ।



## S. SURESH PAI

S. Suresh Pai, a post Graduate in English literature is a qualified Film Editor from FTII, Pune. He has already won a National Award for Best Editing for the film SNIP. Pai has edited films like **Jhankar Beats, Everybody Says I Am Fine, Raghu Romeo, Dobara** and **Page 3** and many television serials.

# सर्वोत्तम कला निर्देशन

## समीर चन्दा

कला निर्देशन **समीर चन्दा** को रजतकमल एवं 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**
वर्ष 2004 का सर्वोत्तम कला निर्देशन का पुरस्कार **समीर चन्दा** को हिन्दी फिल्म **नेताजी सुभाष चन्द्र बोस** में कला निर्देशन के माध्यम से कई राष्ट्रों में द्वितीय विश्व युद्ध काल तक का प्रभावी पुनर्निर्माण करने के लिए दिया गया है।

# BEST ART DIRECTION

## SAMIR CHANDA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to Art Directors **SAMIR CHANDA**

**CITATION**
The Award for the Best Art Direction of 2004 is given to **SAMIR CHANDA** in the Hindi film **Netaji Subhash Chandra Bose** for effectively recreating the period upto the second world war period across nations.

## समीर चन्दा

फाइनआर्ट्स में स्नातक समीर चन्दा पिछले 20 वर्षों से फिल्म जगत तथा एडवरटाइजिंग से जुड़े हुए हैं। एक चित्रकार और रंगकर्मी के रूप में अपना कैरियर शुरू करने वाले समीर ने धीरे-धीरे फिल्म जगत का रुख किया।

प्रसिद्ध कलानिर्देशक नितीश रॉय के नेतृत्व में लगभग 8 वर्ष काम करने के बाद उन्होंने अपने आप को कलानिर्देशक के रूप में स्थापित किया। शीघ्र ही प्रख्यात फिल्मकारों मृणालसेन, श्याम बेनेगल, गोविन्द निहालाणी, मणिरत्नम, सुभाष घई, एम.टी.वासुदेवन नायर, आदि ने उन्हें उनके योग्यता को पहचाना। समीर दो राष्ट्रीय पुरस्कारों के साथ कई अन्य पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। 45 वर्ष के समीर चन्दा श्याम बेनेगल, मणिरत्नम तथा कई अन्य युवा फिल्मकारों की फिल्मों में काम कर रहे हैं।



## SAMIR CHANDA

Samir Chanda, a graduate in fine arts, has been associated with filmmaking and advertising for over 20 years now. Starting on the other side of the fence as a painter and a theater enthusiast, he migrated to the world of film making quite by accident.

Under the able leadership and guidance of renowned production designer Nitish Roy, he was given an insight into the exciting and creative world of film making for eight years. He started sailing on his own as a production designer and art director very soon. He was accepted by the great masters of Indian cinema, like Mrinal Sen, Shyam Benegal, Govind Nihalani, Mani Ratnam, Subash Ghai, M.T. Vasudevan Nair, and earned two Prestigious National Awards, Kerala State Award and several other awards. Still going strong at the age of 45 he is designing the Forthcoming Projects with veterans like Shyam Benegal, Mani Ratnam and young film makers like Rakesh Mehra and Samir Karnik.

# सर्वोत्तम वेशभूषाकार

## इशरत निसार एवं एम.एन. स्वामी

प्रत्येक वेशभूषाकार **इशरत निसार** एवं **एम.एन. स्वामी** को रजतकमल एवं 5,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

### प्रशस्ति

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम वेशभूषाकर का पुरस्कार **इशरत निसार** एव **एम.एन. स्वामी** को **हसीना** फिल्म में ऐसी वेशभूषा सज्जित करने के लिए दिया गया है, जिससे पात्रों में वास्वविकता का पुट आया है और उनकी विश्वसनीयता में वृद्धि हुई है।

# BEST COSTUME DESIGNER

## ISHRATH NISSAR and M.N. SWAMI

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 5,000/- each to the
Costume Designers **ISHRATH NISSAR** and **M.N. SWAMI**

### CITATION

The Award for the Best Costume Designers of 2004 is given to **ISHRATH NISSAR** and **M.N. SWAMI** in the Kannada film **HASINA** for the costumes that lent a realistic feel to the characters thereby adding to their credibility.

## इशरथ निसार

इशरथ निसार एक प्रख्यात पत्रकार सामाजिक कार्यकर्ता तथा लेखिका हैं। वेशभूषाकार के रूप में **हसीना** उनकी प्रथम फिल्म है।



## ISHRATH NISAR

Masters in literature (Kannada), Ishrath Nisar is a journalist, social activist, writer. As a social activist she is involved with 'Samvada' an NGO working with youths and 'Spandana' a women's collective working for violence against women. Hasina is her first film as Costume Designer.

## एम.एन. स्वामी

एम.एन. स्वामी कन्नड़ फिल्म उद्योग में तीन दशकों से सम्पादक के रूप में कार्य कर रहे हैं। इन्हें सर्वोत्तम सम्पादन के लिए राज्य पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है। इनके द्वारा सम्पादित मुख्य फिल्मों में **तबर्णा कथे, ताई साहिबा, द्वीप, भगवद्‌गीता** इत्यादि हैं। हसीना फिल्म के लिए स्वामी ने इशरत् निसार के साथ वेशभूषासज्जा का कार्य भी किया है।



## M.N. SWAMY

M.N. Swamy is working as an editor for three decades in the film industry. He has also won state award for Best Editing. Films edited by him include **Tabarna Kathe, Thai Saheba, Dweepa, Bhagwat Gita.** etc.

Swamy has designed costumes for **Hasina** alongwith Ishrath Nissar.

# सर्वोत्तम संगीत निर्देशन

## विद्या सागर

संगीत निर्देशक **विद्या सागर** को रजत कमल एवं 10,000/–रुपये का नकद पुरस्कार प्रशस्ति

**प्रशस्ति**

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम संगीत निर्देशन का पुरस्कार **विद्या सागर** को तेलुगु फिल्म **स्वराभिषेकम्** के लिए प्रदान किया गया है। उन्होंने संगीत विशेषकर गीतों को इस प्रकार से निर्देशित किया है कि वे फिल्म के कथ्य को बल प्रदान करते हैं। उन्होंने पारंपरिक शास्त्रीय संगीत तथा भारतीय वाद्यों के माध्यम से विशेष प्रभाव का सृजन किया है।

# BEST MUSIC DIRECTION

## VIDYA SAGAR

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to
Music Director (Songs and Background Music Score) **VIDYA SAGAR**

**CITATION**

The Award for the Best Music Direction of 2004 is given to **VIDYA SAGAR** in the Telugu film **SWARABHISHEKAM.** Songs are composed as per the situation and enrich the theme of the film. From the beginning to the end he has maintained traditional classical music and used Indian acoustic instruments thus bringing out the colour and flavour of Indian music.

## विद्या सागर

आन्ध्र प्रदेश के संगीतज्ञ यू. रामचन्द्र के पुत्र विद्या सागर 11 वर्ष की बाल्यावस्था में फिल्म संगीत के क्षेत्र में पदार्पण कर चुके थे। इन्होंने तमिल, तेलुगु, मलयालम एवं कन्नड भाषा की 200 से अधिक फिल्मों के लिए संगीत दिया है। विद्या सागर को अब तक अनेक पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं जैसे–सर्वोत्तम संगीत निर्देशन का केरल राज्य पुरस्कार तीन बार, फिल्मफेयर पुरस्कार दो बार, टाइम्स क्रिटिक्स पुरस्कार चार बार। विद्या सागर स्वयं दस संगीत वाद्य बजा सकते हैं।



## VIDYA SAGAR

Born to a Musician Composer father U. Ramachander in Andhra Pradesh, Vidya Sagar entered the Film Music scene at the tender age of 11. Having composed music for over 200 films in Telugu, Tamil, Malayalam and Kannada. Vidya Sagar went on to win several laurels. Recipient of Kerala State Award as best music director thrice, Filmfare award twice and Times critics award four times. Vidya Sagar, plays as many as 10 instruments himself.

# सर्वोत्तम गीत

## बी. विजय

गीतकार **बी. विजय** को रजत कमल एवं 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम गीत पुरस्कार **बी. विजय** को तमिल फिल्म **ऑटोग्राफ** में **"ओवरु पुक्कलमें"** गीत में आशावादी भविष्य के चित्रण तथा उसकी अत्यंत भावपूर्ण रचना के लिए दिया गया है।

# BEST LYRICS

## B. VIJAY

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to Lyricist **B. VIJAY**

**CITATION**

The Award for the Best Lyrics of 2004 is given to **B. VIJAY** for the song "Ovvoru Pookalume" in the Tamil film **AUTOGRAPH** for meaningful and powerful lyrics generating hope for a better future.

## बी. विजय

तमिल साहित्य में स्नातकोत्तर, बाल कृष्ण विजय प्रसिद्ध कवि और गीतकार हैं। अनेकों पुरस्कार और सम्मान प्राप्त कर चुके विजय ने 600 से अधिक गीत 200 फिल्मों के लिए लिखे हैं। विजय तमिल सिनेमा के सर्वोत्तम गीतकारों में से एक हैं। उनके कुछ प्रसिद्ध गीत हैं–कादल वेन्निला (**वानाथई पोले**), रईले रईले (**5 स्टार**) तथा पक पक मदपुरा (**पार्थिबन कनवु**)।



## B.VIJAY

A postgraduate in Tamil literature, a celebrated poet and lyric writer, B.Vijay has won several awards.

Having written over 600 lyrics for over 200 films, Vijay is recognized in Tamil Cinema as a top notch lyricist. Some of his hit songs include 'Kathal Vennila' (Vaanathai pola), Raile Raile (5 Star), Pak Pak Madapura (Parthiban Kanavu) etc.

# निर्णायक मंडल का विशेष पुरस्कार

## जे फिलिप बी.एम. कोशी (कुट्टी)

अभिनेता **जे फिलिप बी.एम. कोशी (कुट्टी)** को रजत कमल एवं 25,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**

वर्ष 2004 का निर्णायक मण्डल का विशेष पुरस्कार **जे. फिलिप बी.एम. कोशी (कुट्टी)** को तमिल फिल्म **डांसर** में शारीरिक रूप से विकलांग होते हुए भी उनके अभूतपूर्व अभिनय एवं नृत्य कौशल के प्रदर्शन के लिए दिया गया है।

# SPECIAL JURY AWARD

## J. PHILLIP B.M. KOSHY (KUTTY)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 25,000/- to **J. PHILLIP B.M. KOSHY (KUTTY)**

**CITATION**

The Special Jury Award of 2004 is given to **J. PHILLIP B.M. KOSHY (KUTTY)** in the Tamil film **DANCER** for his incredible acting and dance performance despite being a physically challenged person.

## जे. फिलिप ब्रीट मैन कोशी (कुट्टी)

21 वर्षीय जे. फिलिप ब्रीट मैन कोशी उर्फ कुट्टी विशिष्ट प्रतिभाशाली हैं। एक टाँग खो देने पर भी कुट्टी एक सफल कलाकार एवं नर्तक हैं। इन्होंने तमिलनाडू के स्कूल एवं कालेजों में 2500 से अधिक स्टेज शो किये हैं। इन्होंने दुबई, कुवैत, श्रीलंका तथा बहरीन में भी स्टेज शो किये हैं।

कुट्टी को अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं।

**डांसर** इनकी पहली फिल्म है। इन्होंने रविराज द्वारा निर्देशित **उरुत्थी** (वृत्तचित्र) में भी काम किया है।



## J. PHILIP BREAT MAN KOSHY (KUTTY)

Twenty one year old J. Philip Breat Man Koshy alias Kutty is a man with exceptional talent. Despite losing one leg, he has excelled as an actor and dancer. He has performed on more than 2500 stages, in schools and colleges in Tamil Nadu and foreign star nights in Dubai, Kuwait, Sri Lanka, Bahrain etc.

Winner of several prestigious awards, Kutty is an active performer. **Dancer** was his debut movie. He has also worked in **Uruthi** (Documentary) directed by Raviraj D.F.T.

# सर्वोत्तम विशेष प्रभाव

## सनत पिल्लेरी चेल्लेरी

प्रभाव सृजक **सनत पिल्लेरी चेल्लेरी** को रजत कमल एवं 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

### प्रशस्ति

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम विशेष प्रभाव पुरस्कार **सनत पिल्लेरी चेल्लेरी** को तेलुगु फिल्म **अंजी** में विशेष प्रभाव द्वारा बाह्य संसार की काल्पनिक एवं प्रभावशाली संरचना के लिए दिया गया है।

# BEST SPECIAL EFFECTS

## SANATH PILLERI CHELLERI

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to Creator **SANATH PILLERI CHELLERI**

### CITATION

The Award for the Best Special Effects of 2004 is given to **SANATH PILLERI CHELLERI** in the Telugu film **ANJI** for imaginative and effective creation of an outside world using special effects.

## सनत पिल्लेरी चेल्लेरी

सनत फायर फ्लाई क्रिएटिव स्टूडियो के निदेशक है। फायर फ्लाई क्रिएटिव स्टूडियो एक डिजिटल विजुअल एफेक्ट्स स्टूडियो है जो कैरेक्टर एनीमेशन तथा फिल्म और वीडियो के मोशनग्राफिक्स के क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करता है। सन् 2002 में चार विशिष्ट प्रतिभाओं द्वारा स्थापित इस स्टूडियो में 20 वर्षों के अनुभव का समावेश है। इस स्टूडियो ने कई प्रमुख तेलुगु फिल्मों के लिए विजुअल एफेक्ट्स का निर्माण किया है। इनमें से प्रमुख हैं– **अंजी, इंद्रा, टैगोर, साम्बा बन्नी।**



## SANATH PILLERI CHELLERI

Sanath is the Director of Fire Fly Creative Studio (Pvt) Ltd, a Digital Visual Effects Studio with Cutting Edge capabilities in character Animation and Motion Graphics for Film and Video. Fire Fly was started in 2002 by four meritocrats with a combined experience of over 20 years in visual media. Fire Fly has delivered complex visual effects for Telugu feature such as **Anji, Indra, Tagore, Samba Bunny** etc.

# सर्वोत्तम नृत्य निर्देशन

## प्रभुदेवा

नृत्य निर्देशिक **प्रभुदेवा** को रजत कमल एवं 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

### प्रशस्ति

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम नृत्य निर्देशन का पुरस्कार **प्रभु देवा** को हिन्दी फिल्म **लक्ष्य** में काल्पनिक, चमत्कारिक एवं संगीतमय नृत्य संयोजन के लिए दिया गया है।

# BEST CHOREOGRAPHY

## PRABHU DEVA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to Choreographer **PRABHU DEVA**

### CITATION

The Award for the Best Choreography of 2004 is given to **Prabhu Deva** for the Hindi film **Lakshya** for his imaginative, spectacular and rhythmic dance composition.

## भु देवा

4 वर्ष की आयु में सहायक नृत्य निर्देशक के रूप में अपने पिता एन. सुन्दरम के संरक्षण में अपने कैरियर की शुरुआत करने वाले प्रभु देवा आज विभिन्न भाषाओं में 250 से अधिक नृत्य निर्देशन कर चुके हैं। सन् 1991 में पवित्रन द्वारा निर्देशित तमिल फिल्म इन्दु से उन्होंने अभिनय के क्षेत्र में पदार्पण किया। तब से लगभग 20 फिल्मों में वह अभिनेता के रूप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं।

नृत्य निर्देशक के रूप में यह प्रभु देवा का दूसरा राष्ट्रीय पुरस्कार है।



## PRABHU DEVA

Prabhu Deva entered the film industry at the age of 14 as Assistant choreographer to his father N. Sundaram. As choreographer, he has directed more than 250 films in various languages, as of now.

In the year 1991, he extended his career to acting and played a lead role in the Tamil film **Indhu** directed by Pavithran. Ever since, he has acted in more than 20 films. The is Prabhu Deva's second National Award as Choreographer.

# संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल प्रत्येक भाषा में सर्वोत्तम कथाचित्र

## सर्वोत्तम असमिया फीचर फिल्म
## दीनबंधु

निर्मात्री **कृष्ण रॉय** को रजतकमल एवं 20,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशिका **मुनीन बरुआ** को रजतकमल एवं 20,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

### प्रशस्ति

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम असमिया कथा चित्र का पुरस्कार **दीनबन्धु** को परिस्थितियों के विरुद्ध विशेषकर दहेज एवं झूठी प्रतिष्ठा से जनित मानवीय संघर्ष को दर्शाने के लिए दिया गया है।

# BEST FEATURE FILM IN EACH OF THE LANGUAGES SPECIFIED IN THE SCHEDULE VIII OF THE CONSTITUTION

## BEST FEATURE FILM IN ASSAMESE
## DINABANDHOO

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to Producer **KRISHNA ROY**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to Director **MUNIN BARUA**

### CITATION

The Award for the Best Feature Film in Assamese of 2004 is given to **Dinabandhoo** for a human struggle against circumstances, mainly because of dowry to portray a social status which is false.

## कृष्णा रॉय

कृष्णा रॉय ने अपना कैरियर पूर्व ज्योति थिएटर के निर्देशक और प्रकाश निर्देशक के रूप में आरम्भ किया। शीघ्र ही उन्होंने रूप कुंवर थिएटर के साथ एक प्रकाश निर्देशक के रूप में कार्य आरम्भ किया। कुछ समय बाद प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक, सांस्कृतिक कार्यकर्ता, लेखक तथा पत्रकार डा. भवेन्द्र नाथ सैकिया के सहयोग से कृष्णा रॉय ने 120 से अधिक नाटकों का निर्देशन किया।



## KRISHNA ROY

Krishna Roy began his career with Purbajyoti Theatre as Director and Light Director, soon shifting over to Rupkonwar Theatre as a Light Director. Alone he launched Awahan Theatre, with the support of internationally renowned film director and cultural activist, writer, journalist Dr. Bhabendra Nath Saikia. Roy directed over 120 plays through this group.

## मुनीन बरुआ

मुनीन बरुआ ने चित्रपट लेखक के रूप में 19 फीचर फिल्मों का पटकथा लेखन किया। इनमें से प्रमुख हैं–**बोवारी, एई दिश मोर दिश, पिता–पुत्र, प्रभाती पाखीर गान, हिया दिया निया, बारूद, रौंग** तथा दीनबन्धु।

निर्देशक के रूप में उनकी प्रमुख फिल्में हैं– **प्रतिमा** (1985), **पिता–पुत्र** (1987), **पहाड़ी कन्या** (1989), **प्रभाती पाखीर गान** (1992), **हिया दिया निया**(2000), **दाग** (2001), **नायक** (2001), **कन्यादान** (2003), **विधाता** (2003), **बारूद** (2003), **रौंग** (2004) तथा **दीनबन्धु** (2004)

अनेकों पुरस्कारों के विजेता मुनीन ने 50 से अधिक नाटकों का लेखन किया है।



## MUNIN BARUA

Munin Barua began as a Screenplay writer and wrote nineteen Assamese feature films. Notable among them are films like Bowari, Eai Desh Mor Desh, Pita Putra, Prabhati Pakhir Gaan, Hiya Diya Niya, Barood, Rong, Dinabandhoo etc.

As a director he has directed feature films like **Pratima** (1985), **Pita Putra** (1987), **Pahari Kanya** (1989), **Prabhati Pakhir Gaan** (1992), **Hiya Diya Niya** (2000), **Daag** (2001), **Nayak** (2001), **Kanya Daan** (2002), **Bidhata** (2003), **Barood** (2003), **Rong** (2004), **Dinabandhoo** (2004) etc.

Winner of several awards, Munin has written more than fifty stage plays.

# सर्वोत्तम बंगला फिल्म

## क्रांतिकाल

निर्माता **शम्पा भट्टाचार्जी** को रजतकमल एवं 20,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशन **शेखर दास** को रजतकमल एवं 20,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम बंगला कथा चित्र का पुरस्कार क्रांतिकाल को समयपाश में बद्ध प्रतिष्ठित बांग्ला संस्कृति के साथ एक आतंकवादी के द्वन्दात्मक प्रतिकार को प्रभावी रूप से दर्शाने के लिए दिया गया है।

# BEST FEATURE FILM IN BENGALI

## KRANTIKAAL

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to Producer **SAMPA BHATTACHARJEE**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Director **SEKHAR DAS**

**CITATION**

The Award for the Best Feature Film in Bengali of 2004 is given to **Krantikaal** for dialectical portrayal of a terrorist's critical encounter with a decadent Bengali royal culture trapped in a time wrap.

## शम्पा भट्टाचार्जी

कोलकाता विश्वविद्यालय से शिक्षित तथा कला एवं सिनेमा की प्रशंसक शम्पा ने अपनी प्रबंधन कम्पनी से ही अपने सिने कैरियर की शुरूआत एक निर्माता के रूप में की। उनकी पहली फिल्म **महुलबनीर सेरेंग** को देश विदेश में पर्याप्त सराहना मिली तथा भारतीय पैनोरमा 2004 में भी शामिल की गई। इस फिल्म की सफलता के बाद प्रफुल्ल रॉय के उपन्यास पर आधारित **क्रान्तिकाल** शम्पा की दूसरी फिल्म है।



## SAMPA BHATTACHARJEE

Sampa Bhattacharjee, educated from Calcutta University has always been an ardent appreciator of 'Serious entertaining and meaningful Cinema'. Proprietor of Nobel Associate, Sampa after concentrating a stretch of time on Management Consultancy, diversified into production of serious and meaningful Cinema. **Mahulbanir Sereng** has been her debut venture, highly appreciated in India and abroad.

After the grand success of Mahulbani...... Sampa produced her next feature film based on Prafulla Roy's Academy award winning novel Krantikal.

## शेखर दास

सिनेमा के प्रति अतीव उत्साह शेखर दास को सैंटजेवियर कालेज कोलकाता के जनसंचार विद्यालय चित्रबनी ले आया। सिनेमा का अध्ययन करते हुए उन्होंने सभी पक्षों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसी समय इन्हें कुछ अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रंगकर्मियों जैसे पीटर ब्रुक, रिचर्ड जेख्नर, येजई ग्रोतोस्की तथा हबीब तनवीर आदि के साथ काम करने का अवसर मिला। नीरद महापात्र तथा ज्यों क्लादकारिए जैसे दिग्गजों से पटकथा लेखन में दक्षता प्राप्त कर शेखर, बंगला दूरदर्शन के शीर्ष लेखक के रूप में उभरे। सुभद्रो चौधरी द्वारा निर्देशित फिल्म प्रोहोर के पटकथा लेखन के साथ ही शेखर का प्रवेश बंगला सिनेमा में हुआ। इनकी पहली फिल्म **महुलबनीर सेरेंग** भारतीय पैनोरमा में शामिल हुई तथा देश–विदेश में सराही गई।

शेखर दास कई वृत्तचित्रों, टेलीविजन धारावाहिकों और आन्तोन चेखव के नाटकों का वीडियो रूपान्तरण कर चुके हैं।

**क्रान्तिकाल** इनकी दूसरी फीचर फिल्म है।



## SEKHAR DAS

Sekhar Das's passion for cinema took him to Chitrabani, the communications and film studies center of St. Xavier's college, Kolkata. A keen student of cinema while studying both theory and practical aspects of the 7th art, Das also excelled as an actor, director of theatre and playwright. He had the privilege of working with internationally acclaimed theatre personalities like Peter Brook, Richard Secchner, Jerzy Grotwosky, Habib Tanvir.

After learning the ropes of screenplay writing from the likes of Niradh Mahapatra and Jean Claude Carrier, he emerged as one of Bengali Television's most prolific writers. His screenplay for the film Prohor directed by Subhadro Chaudhury has won the national and international awards.

After his debut film **Mahulbanir Sereng** Das also made several documentaries, numerous suspense thrillers for TV and brilliant video adaptation of four Anton Chekov's classic plays.

**Krantikaal** is his second feature film.

# सर्वोत्तम हिन्दी फिल्म

## रेनकोट

निर्माता **श्री वेंकटेश फिल्मस** को रजतकमल एवं 20,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशक **ऋतुपर्णो घोष** को रजतकमल एवं 20,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

### प्रशस्ति

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम हिंदी कथा चित्र का पुरस्कार **रेनकोट** को प्रेम एवं मानवीय संबंधों को अतिसूक्ष्म तथा संवेदनशील रूप से प्रस्तुत करने के लिए दिया गया है।

# BEST FEATURE FILM IN HINDI

## RAINCOAT

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to Producer **SHREE VENKATESH FILMS**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to Director **RITUPARNO GHOSH**

### CITATION

The Award for the Best Feature Film in Hindi of 2004 is given to **Raincoat** for its subtle handling of human relationship in a low-key fashion yet mentioning the warmth of a lost love.

## श्री वेंकटेश फिल्म

श्रीकान्त मोहता एवं महेन्द्र सोनी के मार्गदर्शन में श्री वेंकटेश फिल्म्स बंगला फिल्मों के निर्माण तथा वितरण की ओर अग्रसर हुई। **चल मेरे भाई**, जिसमें संजयदत्त एवं गोविंदा ने अभिनय किया था, से शुरूआत कर वेंकटेश ने अनेक हिन्दी फिल्मों का भी वितरण किया है।

ऋतुपर्णो घोष की **चोखेर बाली** के निर्माण एवं वितरण के अतिरिक्त श्री वेंकटेश फिल्म्स ने **देव, मर्डर, गर्व, लक्ष्य, देवदास, मिस्टर एण्ड मिसेज़ अय्यर, मुन्नाभाई एम.बी.बी.एस.** इत्यादि का वितरण किया है।

## ऋतुपर्णो घोष

23 वर्ष की छोटी आयु में ऋतुपर्णो ने पहली फिल्म का निर्माण किया। दूसरी फिल्म **उनीशे अप्रैल** (1994) उस वर्ष की सर्वोत्तम फिल्म चुनी गई। बाद की लगभग सभी फिल्मों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भरपूर सराहना मिली है, जिनमें **दहन, असूख, बारीवली, उत्सव** और **शुभो मुहुर्त** शामिल हैं। चोखेर बाली लोकार्नो फिल्म समारोह 2003 के प्रतियोगिता वर्ग में शामिल की गई और नवीनतम फिल्म **रेनकोट** बर्लिन फिल्म समरोह 2004 के सर्वोच्च पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा में थी। उन की फिल्म **अंतर्महल** भी इस वर्ष लोकार्नो फिल्म समारोह में प्रदर्शित हुई।



## SHREE VENKATESH FILMS

Led by Shrikant Mohta and Mahendra Soni, Shree Venkatesh Films moved on from production and distribution of Bengali films from Bollywood under their distribution arm named Venkatesh 2000. They made their debut with the Govinda-Sanjay Dutt starrer **Chal Mere Bhai**.

Apart from producing and distributing Rituparno Ghosh's award winning Chokher Bali, SVF has also distributed films like Dev, Murder, Garv, Lakshya, Devdas, Mr. and Mrs Iyer, Munnabhai M.B.B. S. etc. and several other Bengali films.

## RITUPARNO GHOSH

Rituparno Ghosh made his first film at the age of 23. Since then, there has been no looking back. Even though he has a master's degree in economics, his first love has always been the story, the telling of the tale, whether in celluloid or in chaste prose.

Advertising, filmmaking and Bengali copywriting gave him precision and discipline. His own inclinations did the rest. He is now in the happy position of not only making his own kind of films but also finding leading producers willing to back him. His films have always been woman-centered because he empathizes with the gender. In fact, his forte is his ability to read, portray the unwritten nuances of difficult relationships and highlight the unique combination of strength and vulnerability in women. Films of acclaim are **Unishey April** (1994), **Dahan** (1997), **Baariwaali** (1999), **Utsab** (2000), **Shubho Mohorat** (2002) **Chokher Bali** (2003), **Rain coat** (2004), **Antar Mahal** (2005).

# सर्वोत्तम कन्नड़ फिल्म

## बेरु

निर्माता **मित्रचित्र** को रजतकमल एवं 20,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशिका **पी. शेषाद्री** को रजतकमल एवं 20,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**
वर्ष 2004 का सर्वोत्तम कन्नड़ कथा चित्र का पुरस्कार **बेरु** को दिया गया है। फिल्म में भ्रष्ट शासन तंत्र का एक वृद्ध लोकनर्तक की दृष्टि से निष्ठुर प्रतिपादन है।

# BEST FEATURE FILM IN KANNADA

## BERU

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to Producer **MITRACHITRA**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to Director **P. SHESHADRI**

**CITATION**
The Award for the Best Feature Film in Kannada of 2004 is given to **Beru** for critical analysis of bureaucratic corruption through the eyes of a folk dancer and its ironic overtone.

## मित्रचित्र

कर्नाटक स्थित मित्रचित्र ने अनेक कन्नड़ फिल्मों का निर्माण किया है। मित्रचित्र को अतिथि फिल्म के लिए वर्ष 2001 का सर्वोत्त कथाचित्र का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हो चुका है।

## पी. शेषाद्री

कन्नड साहित्य और पत्रकारिता में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त शेषाद्री, कुछ समय पत्रकार के रूप में नाम कर के फिल्म **गौरीशंकर** के साथ पटकथा लेखन से जुड़ गये। स्वतंत्र रूप से कुछ टेलीविज़न धारावाहिक निर्देशित करने के पश्चात् उन्होंने अपनी पहली फिल्म **मुन्नुडी** का सन् 2000 में निर्माण किया। फिल्म के साथ उन्होंने काफी ख्याति प्राप्त की।

मुन्नुडी के बाद शेषाद्री तीन फीचर फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं जिनमें से दो फिल्में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुकी हैं। यह उनका तीसरा राष्ट्रीय पुरस्कार है।



## MITRACHITRA

A leading production house of Karnataka, Mitrachitra has produced several Kannada films. Mitrachitra has won the National Award for Atithi for the year 2001.

## P. SHESHADRI

A postgraduate in Kannada Literature and Journalism, after a short stint as journalist, he turned towards films in 1990 with his Screenplay and dialogues for Gourishankara. He became an independent Director of Television serials, Documentaries and Telefilms. His maiden effort as a Director of feature film **Munnudi** in 2000 brought him applause for sensitive approach to cinema and the film was hailed as a landmark. Sheshadri has since directed three other features, with two of these winning national acclaim.

This is his third National Award.

# सर्वोत्तम मलयालम फिल्म

## अकले

निर्माता **टॉम जॉर्ज कोलथ** को रजतकमल एवं 20,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशक **श्याम प्रसाद** को रजतकमल एवं 20,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

### प्रशस्ति

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम मलयालम कथा चित्र का पुरस्कार **अकले** को एक परिवार की त्रासद स्थिति के मार्मिक प्रतिपादन के लिए दिया गया है।

# BEST FEATURE FILM IN MALAYALAM

## AKALE

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producer **TOM GEORGE KOLATH**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Director **SHYAMAPRASAD**

### CITATION

The Award for the Best Feature Film in Malayalam of 2004 is given to **Akale** for its sensitive handling of characters trapped in a tragic situation, in an unconventional filmic way.

## टॉम जॉर्ज कोलथ

सन् 1970 में पालाघाट में जन्मे टॉम जॉर्ज कोलथ का बाल्यकाल से ही फिल्म जगत में अपना स्थान बनाने का स्वप्न था।

बरमिंघम स्टेट यूनिवर्सिटी, न्यूयार्क से लेखा में स्नातक शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने प्रबंधन में कोलम्बिया से स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त की। शीघ्र ही उन्होंने मलयालम फिल्म मीरायुदे दुखावुम मुतुविन्ते स्वप्नावुम तथा टेलीविजन के माध्यम से अभिनय की शुरुआत की। टॉम जॉर्ज अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फिल्मों के निर्माण में रत हैं।



## TOM GEORGE KOLATH

Born in 1970, he grew up in a loving, traditional family in Palghat, a little town in Kerala, one of the southern states of India.

After acquiring a Bachelor's degree in Accounting from Birmingham State University of New York he excelled in the field which inspired him to acquire an MBA from Columbia. With a goal to have a good financial foundation which he could use to enter the Indian film industry, he began by acting and producing successful TV series (Anna-Kairali Television) and feature film in Malayalam (Meerayude Dukhavum Muthuvinte Swapnavum). Tom is planning to make international films.

## श्याम प्रसाद

नाट्य कला में कालीकट विश्वविद्यालय के नाट्य विद्यालय से शिक्षित श्यामा प्रसाद ने मीडिया स्टडीज में यूनाइटेड किंगडम से कॉमन वेल्थ स्कॉलर के रूप में स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त की। उनकी फीचर फिल्म **अग्निसाक्षी** का अनेक अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में प्रदर्शन हुआ तथा इस फिल्म ने राष्ट्रीय पुरस्कार के अतिरिक्त नौ केरल राज्य फिल्म पुरस्कार भी प्राप्त किए। अपनी टेलीफिल्मों के लिए श्याम प्रसाद ने लगातार सन 1994 से 1996 तक केरल में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार प्राप्त किया। श्याम प्रसाद भारतीय पैनोरमा तथा राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार निर्णायक मण्डलों में कार्य कर चुके हैं।



## SHYAMAPRASAD

Born in 1960, Shyamprasad has his basic degree in Theatre Arts from the School of Drama of Calicut University in 1981. As a Commonwealth scholar, he did his Masters Degree in Media Studies at the Hull University, U.K.

His feature film Agnisakshi was premiered at many prestigious international film festivals including Karlovy vary, Cairo, Tokyo and Benodet film festival of France. The film won him National award for the best regional film of 1998 and also 9 Kerala State film awards including the Best Director and Best Film of the year 1998. For his TV films he had won consecutively the Best Director prize of Kerala state in 1994, 1995 and 1996.

In 1999 and 2003 Shyamaprasad served as member of the Jury for Indian Panorama and National Film Awards.

# सर्वोत्तम मराठी फिल्म

## उत्तरायण

निर्माता **ऑप्टिकस फिल्म्स** को रजतकमल एवं 20,000 /– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशक **बिपिन नादकर्णी** को रजतकमल एवं 20,000 /– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**
वर्ष 2004 का सर्वोत्तम मराठी कथा चित्र का पुरस्कार **उत्तरायण** को दो वृद्ध पात्रों के परस्पर प्रेम एवं आने वाली पीढ़ी से उनके द्वन्द्व एवं समस्याओं को दर्शाने के लिए दिया गया है।

# BEST FEATURE FILM IN MARATHI

## UTTARAYAN

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producer **OPTICUS FILMS**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Director **BIPIN NADKARNI**

**CITATION**
The Award for the Best Feature Film in Marathi of 2004 is given to **Uttarayan** for its portrayal of nostalgic love between two aged characters and their problems with the next generation.

# ऑप्टिकस फिल्म्स्

सन् 2000 में स्थापित ऑप्टिकस फिल्म्स् टेलीविजन व्यावसायिक फिल्मों तथा फीचर फिल्मों में निर्माणरत्त है। इनकी प्रमुख व्यावसायिक फिल्में भारत की प्रमुख एडवरटाइजिंग एजेंसी जैसे– लियो बर्नेट, मैकेन एरिक्सन, बेट्स इंडिया, ग्रे एवं क्लाइंस जैसे हिन्दुस्तान लीवर लिमिटेड, पी.एन.जी., नेस्ले, माइको, वी वी एफ इंडस्ट्रीज इत्यादि।

# बिपिन नादकर्णी

मुम्बई के सेंटजेवियर उच्च विद्यालय तथा मुम्बई विश्वविद्यालय के एलफिन्स्टोन कालेज से शिक्षित बिपिन नादकर्णी ने अपना कैरियर कार्गो तथा ट्रैफिक सहायक के रूप में प्रारम्भ किया। शीघ्र ही उनका रुझान फिल्मों की ओर हुआ और उन्होंने सुमंत्र घोषाल और राम माधवानी के साथ सहायक के रूप में अनेकों टेलीविजन विज्ञापनों में कार्य किया। इनमें से हमारा बजाज तथा रिपन कपूर के जीवन पर आधारित वृत्त चित्र विशेषतः सराहे गए। शीघ्र ही बिपिन ने ऑप्टिकस के नाम से प्रोडक्शन डिजाइनर के रूप में कार्य प्रारम्भ किया।

**उत्तरायण** बिपिन की पहली फीचर फिल्म है।



# OPTICUS FILMS

Established in the year 2000 a joint venture of Sanjay Shetty and Bipin Nadkarni, 'Opticus Films' directs and produces TV commercials. Their clientele includes agencies like Lowe, Leo Burnett, McCann Erickson, Bates India, Grey and clients like HLL, PNG, Nestle, Maico, VVF Industries etc.

Their debut venture **Uttarayan** has won twelve nominations & seven awards at the Alpha Gaurav 2005 Awards.

# BIPIN NADKARNI

Bipin Nadkarni finished his schooling from St. Xavier's High School (Fort-Mumbai) and graduated in Arts from Elphinstone College, Mumbai University in 1985.

Beginning his career as a Cargo and Traffic Assistant he soon switched over to Communications in 1988. He assisted Sumantra Ghoshal and Ram Madhwani for six years, working on hundreds of TV commercials, his most memorable being the Hamara Bajaj campaign and documentary on Ripan Kapur the founder of CRY. Soon Bipin began freelancing as a Production Designer under the name of Opticus.

**Uttarayan** is Bipin's first feature film.

# सर्वोत्तम पंजाबी फिल्म

## देस होया परदेस

निर्माता **मंजीत मान** को रजतकमल एवं 20,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशक **मनोज पुंज** को रजतकमल एवं 20,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**
वर्ष 2004 का सर्वोत्तम पंजाबी कथा चित्र का पुरस्कार **देस होया परदेस** को पंजाब में आतंकवाद एवं पंजाबी युवा के पश्चिम की ओर पलायन एवं अलगाववाद की समस्याओं को दर्शाने के लिए दिया गया है।

# BEST FEATURE FILM IN PUNJABI

## DES HOYA PARDES

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producer **MANJEET MAN**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Director **MANOJ PUNJ**

**CITATION**
The Award for the Best Feature Film in Punjabi of 2004 is given to **Des Hoya Pardes** for its sharp handling of terrorism in Punjab and portrayal of alienation, migration of Punjabi youth to the west.

## मंजीत मान

मंजीत मान ने फिल्म निर्माण के क्षेत्र में अपनी पहली पंजाबी संगीतमय फिल्म **मामला गड़बड़ है** के साथ प्रवेश किया। **शहीद–ए– मोहब्बत बूटा सिंह** इनकी दूसरी पंजाबी फिल्म थी जिसे हिन्दी में भी डब किया गया। इस फिल्म ने राष्ट्रीय पुरस्कार के साथ भारतीय पैनोरमा में भी प्रवेश प्राप्त किया। इस फिल्म का प्रदर्शन कई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों जैसे– वैंकूवर, कोलकाता तथा सार्क फिल्म फेस्टिवल आदि में हुआ। मंजीत मान द्वारा तीसरी फिल्म, **जिंदगी खूबसूरत है** (हिन्दी) तथा चौथी फिल्म **देस होया परदेस** है। मंजीत फिल्मों के अतिरिक्त टेलीविजन कार्यक्रम तथा म्यूजिक ऐलबम का भी निर्माण करती हैं।



## MANJEET MAAN

Manjeet Maan ventured into film production with **Maamla Gadbad Hai**, a popular Punjabi musical film. **Shaheed-e-Mohabbat Boota Singh** in Punjabi and dubbed in Hindi, was her second venture which won a National Award and also selected for Indian Panorama. It was also screened at various International Film Festivals like Vancouver International Film Festival, Kolkata Film Festival, SAARC Film Festival etc. and won critical acclaim. Her third film **Zindagi Khoobsoorat Hai** was in Hindi. Des Hoya Pardes is her fourth feature film.

## मनोज पुंज

चण्डीगढ़ में जन्मे मनोज पुंज पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातक हैं। उन्होंने अपने फिल्मकार प्रोफेसर के सहायक के रूप में निर्देशन प्रारम्भ किया। भारतीय फिल्म एवं टेलविजन संस्थान पुणे द्वारा आयोजित फिल्म अप्रिसिएशन वर्कशॉप में उन्होंने भाग लिया। शीघ्र ही उन्होंने मुम्बई से टेलीविजन सीरियल तथा म्यूजिक वीडियोज़ का निर्माण प्रारम्भ किया। उनकी प्रथम फीचर फिल्म **शहीद–ए–मोहब्बत बूटा सिंह** (पंजाबी) को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनकी अन्य फिल्में हैं– **ज़िन्दगी खूबसूरत है** (हिन्दी) तथा **देश होया परदेस** (पंजाबी)। **मनोज पुंज** अपनी अगली फिल्म **पोलिटिकल असाईलम** (अंग्रेजी) पर कार्य कर रहे हैं।



## MANOJ PUNJ

Chandigarh born Manoj Punj is a graduate from Punjab University.

He began by assisting his Professor who was making corporate and documentary films, in production and direction, attended a film appreciation workshop organized by NFDS in association with Film Archive of India, FTII, Pune, Embassies of Germany, USSR, Czeckoslovakia etc. Soon he shifted to Mumbai where he directed some TV software and music videos for leading companies. His debut feature film as independent director was the National Award winning feature film **Shaheed-E-Mohabbat Buta Singh** (Punjabi).

His other films are **Zindagi Khoobsoorat Hai** (Hindi) and Des Hoyaa Pardes (Punjabi). **Political Asylum** (English) is his next venture under production.

# सर्वोत्तम तमिल फिल्म

## नवरस

निर्माता **सुनील दोषी** को रजत कमल एवं 20,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशक **संतोष सिवन** को रजत कमल एवं 20,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

### प्रशस्ति

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम तमिल कथा चित्र का पुरस्कार **नवरस** को किन्नर समुदाय के विश्वसनीय चित्रण तथा निर्देशक के विशिष्ट सिनेमाई दृष्टिकोण के लिए दिया गया है।

# BEST FEATURE FILM IN TAMIL

## NAVARASA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producer **SUNIL DOSHI**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Director **SANTOSH SIVAN**

### CITATION

The Award for the Best Feature Film in Tamil of 2004 is given to **Navarasa** for its credible exploitation of the world of the third gender blended with director's own cinematic style.

## सुनील दोषी

फिल्म उत्प्रेरक सुनील दोषी मुम्बई में हैंडमेड फिल्म्स के मुख्य कार्याधिकारी हैं। भारतीय बाल तथा युवा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह (1993 और 1995) के कार्यकारी निदेशक रह चुके सुनील अनेकों अंतर्राष्ट्रीय फिल्म निर्णायक मंडलों का प्रतिनिधित्व करते हैं। **नवरस** उनके द्वारा निर्मित पहली फीचर फिल्म है। वे एलाइन्स मीडिया एण्ड एन्टरटेनमेन्ट नामक कन्सलटेन्सी फर्म के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी हैं।



## SUNIL DOSHI

Sunil Doshi is a film activist based in Mumbai and the Chief Executive of Handmade Films, Mumbai. He was the Executive Director of the International Film Festival of Children and Young People held in Udaipur (1993) and Hyderabad (1995). He has served as an International jury member at Annecy (France), Leon (France) Isafahan (Iran) and Locarno International Film Festival.

Navarasa, is the first film produced by Sunil Doshi, Handmade Films.

He is also the CEO of Alliance Media & Entertainment a consultancy firm specializing in the area of Media, Entertainment, Advertising and Marketing.

## संतोष सिवन

भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे से छायांकन में डिप्लोमा प्राप्त संतोष की गिनती भारत के जानेमाने छायाकारों एवं फिल्मकारों में होती है। निर्देशक के रूप में वे **हेलो** (1995) तथा **मल्ली** (1999) जैसे बाल फिल्में बना चुके हैं। उनकी फिल्म **द टेररिस्ट** (1998) को देश–विदेश में कई सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हुए। अमेरिका में ये फिल्म प्रसिद्ध कलाकार जॉन माल्कोविच द्वारा प्रस्तुत की गई। संतोष को इस फिल्म के लिए सिआटल फिल्म समारोह (2000) में एमर्जिंग मास्टर नामक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संतोष छायांकन तथा निर्देशन के लिए अब तक दस राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं।



## SANTOSH SIVAN

Santosh Sivan graduated from the prestigious Film and Television Institute of India in cinematography in 1984. As cinematographer, Santosh has worked with some of the most prominent filmmakers in India.

As director, he has made children's film like **Halo** (Hindi/1995) and **Malli** (Tamil/1999). His other Feature **The Terrorist** (Tamil/1998) received much national and international acclaim as well as numerous awards at film festivals around the world. The American stage and film actor John Malkovich also presented the film in the US. He was also awarded Emerging Master at the Seattle Film Festival in the year 2000.

Santosh has won ten National Awards for Cinematography and Direction.

# सर्वोत्तम तेलुगु फिल्म

## स्वराभिषेकम

निर्माता **सी.के. राव** को रजत कमल एवं 20,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशक **के. विश्वनाथ** को रजत कमल एवं 20,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

### प्रशस्ति

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम तेलुगु कथा चित्र का पुरस्कार **स्वराभिषेकम** को शास्त्रीय संगीत की उत्कृष्ट सरचना तथा विशिष्ट शास्त्रीय संगीत परंपरा के प्रदर्शन के लिए दिया गया है।

# BEST FEATURE FILM IN TELUGU

## SWARABHISHEKAM

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producer **C.K. RAO**
Rajat Kamal and cash prize of Rs. 20,000 to the Director **K. VISWANATH**

### CITATION

The Award for the Best Feature Film in Telugu of 2004 is given to **Swarabhishekam** for its excellent musical structure clubbed with great classical musical performance.

## सी.के. राव

चेरुकुरी कौशलेन्द्र राव आन्ध्र प्रदेश के प्रसिद्ध उद्योगपतियों में से एक हैं जिन्होंने अपने प्रदेश की औद्योगिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण योगदान किया है। 64 वर्षीय राव टेक्सटाइल तकनीकी विशेषज्ञ हैं। भारतीय संस्कृति के प्रशंसक राव ने भारतीय शास्त्रीय संगीत को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से फिल्म स्वराभिशेकम का निर्माण किया।



## C.K. RAO

Cherukuri Kowsalendra Rao, is one of the highly respected names among the leading industrialists and commands tremendous goodwill. Sixty four years old C.K. Rao, specialized in Textile Technology served various companies as technologist, and greatly contributed to the growth and development of spinning industry in Andhra Pradesh.

From industries to films is a great pleasant diversification for Rao. He has been an ardent admirer of films, particularly the ones that have projected our rich cultural heritage and great musical values. His dream culminated with production of **Swarabhishekam**.

## के. विश्वनाथ

वाहिनी स्टूडियो चेन्नई से ध्वनि आलेखक के रूप में कैरियर शुरू करने वाले, विज्ञान के स्नातक विश्वनाथ ने सौ से अधिक फिल्मों में प्रमुख निर्देशकों जैसे–बी.एन. रेड्डी, के. वी. रेड्डी, अदूर्थि सुब्बाराव तथा पी. पुल्लैया आदि के साथ रिकार्डिस्ट के रूप में कार्य किया। उनके द्वारा निर्देशित पहली फिल्म **आत्म गौरवम** ने आन्ध्र प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित नन्दी पुरस्कार प्राप्त किया। आन्ध्र प्रदेश सरकार का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार रघुपति वैंकेया नायडू पुरस्कार भी के. विश्वनाथ प्राप्त कर चुके हैं। 11 फिल्म फेयर पुरस्कार तथा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित विश्वनाथ की सुप्रसिद्ध फिल्में **शंकरा भरणम** तथा **स्वातिमुत्यम्** देश–विदेश में प्रसिद्ध हैं। विश्वनाथ ने कई प्रसिद्ध हिंदी फिल्मों–जैसे **सरगम, कामचोर** तथा **ईश्वर** आदि का भी निर्देशन किया। वे पद्मश्री से विभूषित हैं।



## K. VISWANATH

A science graduate, started his career as an audiographer in Vahini Studios, Chennai. As a recordist he worked for about 100 films and his association in that capacity, with veteran Directors like B.N. Reddy, K.V. Reddy, Adurthi Subba Rao, P. Pulliaiah to name a few. His first directorial venture **Atma Gauravam** bagged the prestigious Andhra Pradesh Govt.'s Nandi Award. He was prestented with Raghupati Venkaiah Naidu Award. Eleven Film Fare Annual Awards and life time Achievement Award. His film **Sankarabharanam** is considered a landmark in Telugu film industry. It bagged four National Awards besides innumerable awards in India and abroad. His film **Swathi Muthyam** was an official entry for OSCARS.

Vishwanath's Hindi films **Sargam, Kamchor** and **Easwar** etc. are reckoned as best family entertainers. He has been honoured with Padma Shree by the Govt. of India.

## सविंधान की आठवीं अनुसूची में शामिल भाषाओं से इतर भाषाओं में सर्वोत्तम कथाचित्र

## सर्वोत्तम अंग्रेजी फीचर फिल्म

### अमू

निर्मात्री **सोनाली बोस** को रजत कमल एवं 20,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशिका **सोनाली बोस** को रजत कमल एवं 20,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**
वर्ष 2004 का सर्वोत्तम अंग्रेजी कथा चित्र का पुरस्कार **अमू** को एक लड़की अपनी पहचान के लिए संघर्ष तथा घायल समाज से उसके साक्षात्कार तथा प्रतिकार के लिए दिया गया है।

## BEST FEATURE FILM IN EACH OF THE LANGUAGES OTHER THAN THOSE SPECIFIED IN SCHEDULE VIII OF THE CONSTITUTION

## BEST FEATURE FILM IN ENGLISH

### AMU

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producer **SHONALI BOSE**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Director **SHONALI BOSE**

**CITATION**
The Award for the Best Feature Film in English of 2004 is given to **Amu** for its innovative style of handling a girl's search for her identity and her encounter with a scarred society.

## सोनाली बोस

कोलकत्ता, मुम्बई ओर दिल्ली में पली–बढ़ी सोनाली बोस मिरांडा कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रकाल से ही एक सामाजिक कार्यकर्ता रही है। कोलंबिया विश्वविद्यालय, न्यूयार्क से राजनैतिक विज्ञान में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् सोनाली नाट्य जगत से जुड़ी रहीं। सन् 1984 में उन्होंने दिल्ली में हुए दंगों पर नाटकों का राहत शिविरों आदि में मंचन किया।

अनेक वर्षो तक नेशनल लायर्स गिल्ड के लिये कार्य करने वाली सोनाली ने मैनहाटन में सामुदायिक टेलीविजन के लिये निर्देशन किया। उन्होंने यू सी एल ए के नाट्य फिल्म टेलीविज़न स्कूल से उच्च शिक्षा प्राप्त की। उनकी लघु फिल्में **'द जेन्डर्म इज़ हियर'**, तथा **'अनडोक्युमेंटिड'** तथा वृत्तचित्र **'लिफ्टिंग द वेल'** विश्वभर में प्रदर्शित हो चुकी हैं।

**'अमू'** उनके द्वारा लिखित, निर्मित और निर्देशित पहली फीचर फिल्म है।



## SHONALI BOSE

Shonali Bose was born in 1965 and grew up in Kolkata, Mumbai and Delhi. She has been an activist since her student days in Miranda House College, Delhi University (BA History Honours) and Columbia University, New York (MA Political Science). Bose was also passionately involved in theatre throughout school and college. In 1984 she co-wrote and acted in a street play on the Delhi riots which was performed in relief camps, riot-effected areas, markets, and colleges across Delhi.

Shonali worked as an organizer at the National Lawyer's Guild, and directed live community television in Manhattan before embarking on the MFA Directing Program at UCLA's School of Theater, Film, and Television. Her short narrative films **The Gendarme is Here** and **Undocumented** and her feature-length documentary **Lifting the Veil** have been screened throughout the world.

**Amu** is her feature film debut, written, produced and directed by her.

# सर्वोत्तम कोंकणी

## आलिशा

निर्माता **राजेन्द्र तालक क्रिएशनस** को रजत कमल एवं 20,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशक **राजेन्द्र तालक** को रजत कमल एवं 20,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

### प्रशस्ति

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम कोंकणी कथा चित्र का पुरस्कार **आलिशा** को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता एवं भ्रष्टाचार को उद्घाटित करने के लिए दिया गया है।

# BEST FEATURE FILM IN KONKANI

## ALEESHA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producer **RAJENDRA TALAK CREATIONS**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Director **RAJENDRA TALAK**

### CITATION

The Award for the Best Feature Film in Konkani of 2004 is given to **Aleesha** for its concern about pollution and protection at the same time exposing corruption.

## राजेन्द्र तालक

प्रसिद्ध रंगकर्मी एवं निर्माता राजेन्द्र नारायण तालाक मुम्बई विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक हैं। आर फॉर रैगिंग, तीन खेती शनि सुरती, घासीवाल कोतवाल, आधे अधूरे, लेकुरे वदान्ध झाली, चुडावा मजाला इत्यादि इनके प्रमुख नाटकों में से हैं। इन्होंने एक कोंकणी टेलीफिल्म **शीतू** तथा एक कोंकणी कैसेट **दरयाच्या देगेर** का निर्माण किया है जिसमें आशा भोसले, सुरेश वाड़कर तथा लारा ने गीत गाये हैं।

राजेन्द्र अनेक सांस्कृतिक प्रतिष्ठानों से संबद्ध हैं।



## RAJENDRA TALAK

A noted theatrist and producer Rajendra Narayan Talak is a Science graduate from Mumbai University. Some of his prominent plays include R for Ragging, Teen Kheti Shani Surti, Ghasiram Kotwal, Aadhe Adhure, Lekure Vadhandh Zhali, Chudava Majala. He also produced **Shitu** a Konkani telefilm and a Konkani cassett Daryachya Deger sung by Asha Bhonsle, Suresh Wadkar and Lhara.

He has also served on several cultural institutions.

# विशेष उल्लेख

## गुरदास मान एवं प्रदीप नायर

### प्रशस्ति
निर्णायक मण्डल ने अभिनेता **गुरुदास मान** का पंजाबी फिल्म **देस होया परदेस में** आतंकवाद एवं पुलिस के दो पाटों के बीच फंसे निष्कपट, असहाय किंतु देशभक्त युवा पंजाबी जमींदार के प्रभावशाली अभिनय के लिए विशेष उल्लेख किया है।

एवं

### प्रशस्ति
निर्णायक मण्डल ने निर्देशक **प्रदीप नायर** का मलयालम फिल्म **ओरिडम** में अभूतपूर्व नवीन चित्रण तथा प्रभावशाली सिनेमाई भाषा के प्रयोग के लिए विशेष उल्लेख किया है। प्रदीप नायर का यह प्रथम प्रयास सराहनीय है।

# SPECIAL MENTION

## GURDAS MAAN and PRADEEP NAIR

### CITATION
The Jury makes a special mention of **Gurdas Maan** for an effective portrayal of an innocent, helpless, patriotic young Punjabi landlord caught in a crossfire between terrorists and the police.

and

### CITATION
The Jury also makes a special mention of **Pradeep Nair** for his credible attempt at creating a new imagery and effective cinematic language in his debut film **Oridam** (Malayalam).

## गुरदास मान

एक विशिष्ट खिलाड़ी, गुरदास मान ने छोटी आयु में ही गायन प्रारम्भ किया। अपने कैरियर का प्रारम्भ एक पंजाबी लोक गायक के रूप में करते हुए गुरदास राष्ट्रीय मंच पर अपने गाने "दिल द मामला है" से उभरे।

एक अभिनेता के रूप में उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय **मामला गड़बड़ है, शहीद–ए–मोहब्बत बूटा सिंह** (पंजाबी) **जिन्दगी खूबसूरत है** (हिन्दी) तथा **देस होया परदेस** (पंजाबी) आदि फिल्मों से दिया। आज वे एक प्रख्यात गायक, अभिनेता तथा गीतकार के रूप में जाने जाते हैं।



## GURDAS MANN

A notable sportsperson, Gurdas Mann took to singing at an early age. He began his career as a Punjabi Folk Singer and soon shot to national limelight with his song '**Dil Da Mamla Hai**'.

As an actor he has displayed his talent in prominent films like **Maamla Gadbad Hai, Shaheed-E-Mohabbat Buta Singh, Zindagi Khoobsoorat Hai, Des Hoyaa Pardes** etc. Today he is recognized as a prominent singer, actor and lyricist.

## प्रदीप–नायर

पत्रकारिता में स्नातकोत्तर प्रदीप नायर वृत्तचित्र निर्देशक के रूप में सन् 1997 से कार्यरत हैं। उन्होंने दस वर्षों में सामाजिक विषयों, वातावरण तथा सांस्कृतिक विषयों पर लेखन और निर्देशन किया है। उनकी फिल्में अनेक राष्ट्रीय–अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में दिखाई जा चुकी हैं।

**ओरिडम** उनकी पहली फीचर फिल्म है।



## PRADEEP NAIR

A post-graduate in Journalism and Communications, Pradeep Nair has been working as a Documentary filmmaker since 1997, scripted and directed more than ten films on Environment, Social issues and Cultural issues. His films have been selected for various film festivals.

कोकबोरोक, भोजपुरी एवं उड़िया फिल्मों के लिए
कोई पुरस्कार नहीं दिये गये।

**No awards recommended for Films in the following Languages/Dialects: Kokborok, Bhojpuri and Oriya**

# गैर कथाचित्र पुरस्कार
# Awards for Non-Feature Films

# सर्वोत्तम गैर कथाचित्र पुरस्कार

## गिरनी (मराठी)

निर्माता **भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान** को स्वर्णकमल तथा 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशक **उमेश विनायक कुलकर्णी** को स्वर्णकमल तथा 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

### प्रशस्ति

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम गैर–कथा चित्र का पुरस्कार **गिरनी** को दिया गया है। यह लघु कल्पित फिल्म में एक अबोध बच्चे पर शोर के दुष्प्रभाव का अति प्रभावशाली, सिनेमाई एवं नाटकीय चित्रण है।

# AWARD FOR THE BEST NON-FEATURE FILM

## GIRNI (Marathi)

Swarna Kamal and a Cash Prize of Rs. 20,000/- to the Producer: **Film and Television Institute of India, Pune**
Swarna Kamal and a Cash Prize of Rs. 20,000/- to the Director: **UMESH VINAYAK KULKARNI**

### CITATION

The Award for the Best Non-Feature Film of the year 2004 is given to **Girni**. This short fiction film projects the impact of noise over a child's mind with excellent visualization and fine cinematic dramatization

## भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान

सन् 1960 में प्रभात स्टूडियो के प्रांगण में स्थापित भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे का जन्म एक उत्तम विरासत के बीच हुआ। वर्षों से फिल्म एवं टेलीविजन के क्षेत्र में उत्तम शिक्षा का उद्देश्य रखते हुए इस संस्थान ने अनेक महत्वपूर्ण एवं प्रसिद्ध फिल्मी प्रतिभावों को जन्म दिया। आज इस संस्थान को फिल्म शिक्षा के क्षेत्र में न केवल भारत में अपितु एशिया और यूरोप में भी एक उत्कृष्ट संस्था के रूप में जाना जाता है। संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित फिल्मों ने देश–विदेश के विभिन्न फिल्म समारोहों में अनेक पुरस्कार विजित किए हैं।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत कार्यरत यह संस्थान एक स्वायत्त संस्था है। भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म स्कूलों के संस्थान 'सिलेक्ट' का सदस्य है।

## उमेश विनायक कुलकर्णी

सन् 1976 में जन्मे भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे के विद्यार्थी हैं। गिरनी से पहले उमेश कई वृत्तचित्रों जैसे–**दर्शन**, **फेड**, **सत्यकाम**, **सेव द चिल्ड्रन** आदि का निर्माण कर चुके हैं। उमेश कई फीचर फिल्मों जैसे–**डोघी**, **ज़िंदगी ज़िंदाबाद**, **बस यारी राखो**, **एकलव्य** (वृत्तचित्र), **पिहू**, **एक अकेली** आदि के निर्माण में सहायता कर चुके हैं।



## FILM AND TELEVISION INSTITUTE OF INDIA

Established in the year 1960 on the erstwhile Prabhat studio premises at Pune and thereby inheriting a rich legacy in quality Cinema , the Film and Television Institute of India (FTII) has truly lived up to its avowed objective in the field of imparting training in film making and television programme production. Today the FTII is considered as a Center of Excellence not only in India but also in Asia and Europe. Films made by the students of the Institute are entered in festivals both in India and abroad. Many of them have won National and International awards.

The FTII is an autonomous body under the Ministry of Information and Broadcasting of the Government of India.

The FTII is a member of CILECT, an international association of film schools.

## UMESH VINAYAK KULKARNI

Born in 1976, Umesh is a student of Film Direction at Film and Television Institute of India, Pune. Before Girni Umesh has made documentaries like **Darshan, Fed, Satyakam, Save the Children** etc. Umesh has also assisted in the production of feature films **Doghi, Zindagi Zindabad, Bas Yari Rakho**, documentaries **Eklavya, Pihu, Ek Akeli** and several corporate films.

His film **Darshan** was included in the Indian Panorama 2003.

# निर्देशन का प्रथम सर्वोत्तम गैर–कथाचित्र पुरस्कार

## एक सागर किनारे....ए सीसाइड स्टोरी (मराठी/अंग्रेजी)

निर्माता **गोमांतक मराठी एकेडमी** को रजत कमल एवं 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशिका **लक्ष्मीकांत शेतगांवकर** को रजत कमल एवं 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

### प्रशस्ति

वर्ष 2004 का निर्देशक का सर्वोत्तम प्रथम गैरकथा चित्र का पुरस्कार मराठी लघुकलिप्त फिल्म **एक सागर किनारे** को दिया गया है। फिल्म में मानव के व्यापारिक एवं विवशतापूर्ण वातावरण से संबंध का सरल एवं मनोहर चित्रण है।

# AWARD FOR THE BEST FIRST NON-FEATURE FILM OF A DIRECTOR

## EK SAGAR KINAREE... A SEASIDE STORY (Marathi/English)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Producer: **GOMANTAK MARATHI ACADEMY**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director: **LAXMIKANT SHETGAONKAR**

### CITATION

The Award for the Best First Non-Featgure of a Director for the year 2004 is given to **Ek Sagar Kinaree... A Seaside Story**. This short fiction film handles the simple and delicate relationship between ordinary human beings in a very profound evocative and enterprising manner, within a commercialized compulsive atmosphere.

## गोमांतक मराठी अकादमी

मराठी भाषा, कला, साहित्य तथा संस्कृति के उत्थान के उद्देश्य से स्थापित गोमांतक मराठी अकादमी का जन्म 16 अगस्त, 1987 को एक लम्बे आन्दोलन के बाद हुआ। पिछले 18 वर्षों से यह अकादमी गोवा में मराठी भाषा के उत्थान के लिए कार्यरत है। अकादमी ने 70 पुस्तकें प्रकाशित की हैं। मराठी लेखकों को पुस्तकें प्रकाशित करने के लिए वित्तीय सहायता दी है। इसके अतिरिक्त अकादमी साहित्यिक सभाओं, युवा महोत्सव तथा अन्य गोष्ठियों का आयोजन करती रहती है।

## GOMANTAK MARATHI ACADEMY

Gomantak Marathi Academy is a premier institute working for the development of Marathi language, Marathi literature, and Marathi art and culture. It was founded on 16th August 1987, after a long drawn agitation of Marathi protagonists of Goa.

During the last 18 years, Gomantak Marathi Academy is working for the development of Marathi language in Goa. It has published 70 books, given financial assistance to Marathi writers to publish their books. Besides this Academy organises literary conferences, youth festivals, seminars and conferences for Marathi loving people and youth.

## लक्ष्मीकान्त शेतगाँवकर

लक्ष्मीकान्त थियेटर आर्ट्स में स्नातक हैं तथा भारत में प्रयोगधर्मी रंगमंच से जुड़े हुए हैं। ये नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, दिल्ली में अभिनय–अध्यापन करते हैं। ये आर्टिस्टिक डायरेक्टर ऑफ थियेटर फोरम, भारत के संस्थापक सदस्य हैं तथा अब तक 15 से अधिक नाटकों का निर्देशन कर चुके हैं। टेलीविजन धारावाहिकों के लिए थोड़े समय तक पटकथा लेखन के पश्चात् इन्होंने **स्लम्स ऑफ धारावी** तथा **इन्फ्लूऐन्स ऑफ रोमन आर्किटेक्चर ऑन गोअन हाउसेज** जैसे वृत्तचित्र बनाये जिन्हें पर्याप्त सराहना मिली।

**एक सागर किनारे.....ए सीसाइड स्टोरी** इनकी पहली लघुकल्पित फिल्म है।



## LAXMIKANT SHETGAONKAR

Laxmikant is a graduate in Theatre Arts and has been actively involved in the experimental theatre in India, working with National School of Drama, New Delhi, as actor-teacher. He is the founder member and Artistic Director of Theatre Forum, India and has more than 15 plays to his credit as a director. With his short stint as a screenplay writer for episodic TV serials he has moved into filmmaking by his critically acclaimed documentaries **Slums of Dharavi** and **Influence of Roman Architecture on Goan Houses**.

**Ek Sagar Kinare......A Seaside Story** is his first fiction.

# सर्वोत्तम मानव शास्त्रीय/जनजातीय फिल्म

## द लैजेंड ऑफ फैट ममा (अंग्रेजी)

निर्माता **रफ़ीक इलियास** को रजत कमल एवं 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशक **रफ़ीक इलियास** को रजत कमल एवं 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**
वर्ष 2004 का सर्वोत्तम मानवशास्त्रीय/मानवजातीय फिल्म का पुरस्कार **द लीजेंड ऑफ फैट ममा** को दिया गया है। फिल्म में चाइनीज़ समुदाय की गृहस्मारी यात्रा का जीवंत तथापि विचारोत्तजक चित्रण है।

# AWARD FOR THE BEST ANTHROPOLOGICAL/ ETHNOGRAPHIC FILM

## THE LEGEND OF FAT MAMA (English)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Producer: **RAFEEQ ELLIAS**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director: **RAFEEQ ELLIAS**

**CITATION**
The award for the Best Antropological/Ethnographic film of the year 2004 is given to **The Legend of Fat Mama**. This documentary presents a nostalgic journey of the Chinese community in Kolkata in a very lively and engrossing, and yet thought provoking moment.

## रफ़ीक इलियास

अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फोटोग्राफर रफ़ीक इलियास छायाकार के रूपमें तीन वृत्त चित्रों का निर्माण कर चुके हैं। इनमें से एक कुंभ मेले पर आधारित **द नेक्टर ऑफ इम्मौर्टलिटी**, मुम्बई के फुटपाथ तथा झुग्गी झोंपड़ी वासियों के जीवन पर आधारित **स्लम मुम्बई** तथा तीसरी 150 वर्ष पुराने ऐतिहासिक वाचनालय पर आधारित **स्टैप्स इन टाइम** हैं।

**द लैजेंड ऑफ फैट ममा** निर्देशक तथा लेखक के रूप में उनकी पहली फिल्म है। इसके अतिरिक्त रफ़ीक मास्को तथा अन्य शहरों जैसे– ताशकंद, बुकारेस्ट आदि में दस वर्षों तक संगीत और नृत्य के अन्तर्राष्ट्रीय समारोहों में फोटोग्राफी कर चुके हैं।



## RAFEEQ ELLIAS

An international award-winning advertising and magazine photographer, Rafeeq Ellias has shot three previous documentaries as a cinematographer. These include a film on the Kumbh Mela in India **The Nectar of Immortality**, another on the condition of Mumbai's pavement and slum dwellers **Slum Mumbai**, and yet another on a historic 150 year old library in Mumbai **Steps in Time. The Legend of Fat Mama** is his first documentary as a director and scriptwriter as well. His other passion is photographing ballet and opera which he has been doing for the last 10 years in Moscow, Novosibirsk, Tashkent, Moldova and Bucharest for international festivals of dance and music.

# सर्वोत्तम जीवनी फिल्म

## इट्स प्रभात (मराठी)

निर्माता **मैसर्स ए.वी. दामले** को रजत कमल एवं 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशिका **डा. श्रीमति माधवी वैद्य** को रजत कमल एवं 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

### प्रशस्ति

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम जीवनी पुरस्कार **इट्स प्रभात** को दिया गया है। यह लघु फिल्म प्रभात फिल्म कम्पनी के गरिमामय इतिहास को मनोहर एवं आकर्षक रूप से चित्रित करती है। फिल्म में कम्पनी की प्रतिष्ठित फिल्म उद्धरणों का श्रेष्ठ संकलन है।

# AWARD FOR THE BEST BIOGRAPHICAL FILM

## IT'S PRABHAT (Marathi)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Producer: **M/S A.V. DAMLE**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director: **DR. MRS. MADHAVI VAIDYA**

### CITATION

The award for the Best Biographical Film of the year 2004 is given to **It's Prabhat**. This short documentary presents the glorious history of Prabhat Film Company in a very engaging and fascinating manner through excellent compilation of the excerpts of some of the renowned old films of the company.

## मैसर्स ए.वी. दामले

स्वर्गीय श्री विष्णु पंत दामले के परिवार द्वारा स्थापित मैसर्स ए.वी. दामले ने प्रभात स्टूडियो द्वारा निर्मित फिल्मों के अधिकार श्री वी.एस.एस मुदलियार से प्राप्त किए तथा इन फिल्मों का 1970 के दशक में प्रभात स्टूडियो के भव्य कार्य को प्रकाश में लाने के उद्देश्य से प्रदर्शन किया। कंपनी द्वारा प्रभात स्टूडियो की भव्यता पर एक पुस्तक 'एक होती प्रभात नगरी' सन् 1993 में प्रकाशित की गई। प्रभात स्टूडियो के कार्य को प्रचारित करने के उद्देश्य से मैसर्स ए.वी. दामले ने सन् 2004 में फिल्म **इट्स प्रभात** का निर्माण किया।

## M/S. A.V. DAMLE

M/s. A.V. Damle, acquired the rights of Prabhat Films from Shri. V.S.S. Mudliar in 1969. The films were exhibited throughout Maharashtra between 1970 and 1980, to excellent response. The films were **Sant Tukaram, Ramshastri, Ayodhyacha Raja, Dharmatma, Shejari, Manoos, Kunku**, and **Gopal Krishna** among others.

M/s. A.V. Damle released these films on VHS format in 1989. A book titled 'Ek Hoti Prabhatnagri' on the history and facts about Prabhat Film Company was also published in June 1993.

In November, 2002 these films were transferred on VCD format and would now be available in DVD format.

**Its Prabhat** was produced by M/s. A.V. Damle on the occasion of 75th anniversary of 'Prabhat Film Company'.

## डा. माधवी वैद्य

सेंट मीरा कॉलेज पुणे में मराठी विभाग की प्रमुख डा. माधवी वैद्य अनेक पुस्तकों का लेखन कर चुकी हैं। नाट्य क्षेत्र में अभिनय के लिए डा. वैद्य को अनेक पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। उनके द्वारा लिखित 23 वृत्तचित्रों में से 7 राष्ट्रीय तथा 3 अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। डा. वैद्य ने मराठी टेलीविजन के लिए भी फिल्मों का निर्माण किया है। संस्कृति, कला तथा साहित्य के क्षेत्र में डा. वैद्य का योगदान सराहनीय है।



## DR. MADHAVI VAIDYA

Dr. Madhavi Vaidya is the head of the Marathi Department at Saint Mira College, Pune. She has to her credit several publications. Dr. Vaidya has acted in Dramas and has won several awards. She has written scripts for 23 documentary films out of which 7 films won National Awards and 3 international Awards. She has also directed films/programmes for Marathi television.

An intensely occupied professional Dr. Vaidya has immensely contributed in the field of culture, fine arts and literature.

# सर्वोत्तम वैज्ञानिक फिल्म/सर्वोत्तम पर्यावरण संरक्षण/परिरक्षण फिल्म

## टाइमलेस ट्रैवलर–द हॉर्सशू क्रैब (अंग्रेजी)

निर्माता **रिवर बैंक स्टूडियोज़** को रजत कमल तथा 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशन **गौतम पांडे** को रजत कमल तथा 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**

वर्ष 2004 का सर्वोत्तम वैज्ञानिक फिल्म/सर्वोत्तम पर्यावरण संरक्षण/परिरक्षण फिल्म का पुरस्कार **टाइमलेस ट्रैवलर–द हॉर्सशू क्रैब** को दिया गया है। इस वृत्तचित्र में रहस्यमय प्राणी **हॉर्सशू क्रैब** का बहुत वैज्ञानिक एवं अनुशीलनात्मक प्रस्तुतीकरण है। फिल्म इस अद्भुत प्राणी के संरक्षण का निवेदन भी करती है।

# AWARD FOR THE BEST SCIENTIFIC FILM (including method and process of science, contribution of Scientists, etc.) ENVIRONMENT CONSERVATION / PRESERVATION FILM (including awareness)

## TIMELESS TRAVELLER-THE HORSESHOE CRAB (English)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Producer: **M/S RIVERBANK STUDIOS, NEW DELHI**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director: **GAUTAM PANDEY**

**CITATION**

The award for the Best Scientific Film/ Environment Conservation / Preservation film of 2004 is given to **Timeless Traveller-The Horseshoe Crab**. This documentary has ventured to explore the most enigmatic creature The HORESESHOE CRAB, in a very scientific and analytical manner, effectively urging mankind to conserve this unique species.

## रिवर बैंक स्टूडियोज़

अत्याधुनिक तकनीक से सम्पन्न रिवर बैंक स्टूडियोज की स्थापना 35 वर्ष पूर्व दिल्ली में वन्य जीवन तथा अन्य पर्यावरण संबंधी धारावाहिक बनाने के उद्देश्य से हुई। 200 से अधिक राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाली यह संस्था सिनेमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट संस्थाओं में जानी जाती है। विश्व की प्रमुख संस्थाओं के मध्य भारत की साख स्थापित करने वाली यह एक प्रमुख संस्था है।

## गौतम पांडेय

गौतम पांडेय भारत के युवा एवं उदीयमान फिल्मकार हैं जो अपनी पर्यावरण एवं वन्यजीवन पर आधारित फिल्मों के लिए अनेक पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं।

प्रकृति–प्रेमी परिवार में जन्मे गौतम का फिल्म बनाने का शौक बचपन से ही आरम्भ हो गया था और अब उन्होंने फिल्म को वन्यजीवन एवं पर्यावरण का संदेश देने का माध्यम बना लिया है। गौतम ने वन्यजीवन एवं पर्यावरण पर अनेक वृत्तचित्र बनाए हैं। वर्ष 2002 में उन्हें अपनी फिल्म **कुरुम्बाज–चिल्ड्रन ऑफ द ब्लू माउन्टेन्स** के लिए **मेयर आफ प्राग** का पुरस्कार मिला।

प्रतिष्ठित कार्टूनकार एवं ग्राफिक डिज़ाइनर गौतम को मैजिक आफ लाइफ फिल्म के लिए वातावरण फिल्म समारोह में **न्यूकमर अवार्ड खंड** में सर्वोत्तम डाक्यूमेन्टरी का पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है।



## RIVERBANK STUDIOS

Riverbank Studios state of art production house started some 35 years ago in Delhi making documentary films on wildlife and environment and fiction based on serials including feature films. With over 200 documentaries, international and national awards to their name, Riverbank Studios is a testament to Mike Pandey's work and is a continuing legacy of great cinema. It has established India in the highly competitive international cinema circuit.

## GAUTAM PANDEY

Gautam Pandey is one of India's young and upcoming wildlife filmmakers who has already won several national and international awards for his films on wildlife and environment.

Born into a family of nature–enthusiasts, Gautam's passion for filmmaking started at an early age and he is now focused on using film as a medium to bring about wildlife and other environmental issues.

Gautam has directed and produced several films on wildlife and environment. In 2002, he won his first award–the prestigious **Mayor Of Prague Award** at **IFAAF** for the **kurumbas–children of the blue mountains**

His film **Timeless Traveller – The Horseshoe Crab** is an appeal for the conservation of a unique species and aims to achieve widespread public awareness and appreciation of the horseshoe crabs throughout India and the world.

An established animator and graphics designer, Gautam has also won the Best Documentary in the **Newcomer Award Category** at the **Vatavaran Film Festival** for his animated film **Magic of Life**.

## सामाजिक विषयों (जैसे मद्य निषेध, महिला एवं बाल कल्याण और दहेज, नशे की बुराई, विकलांगों का कल्याण आदि पर सर्वोत्तम फिल्म)

### द्विजा (मराठी)

निर्माता **भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान** को रजत कमल एवं 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशक **पंकज पुरन्दरे** को रजत कमल एवं 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**

वर्ष 2004 का सामाजिक विषयों पर सर्वोत्तम फिल्म का पुरस्कार मराठी फिल्म **द्विजा** को दिया गया है। यह लघुकल्पित फिल्म एक बालविधवा की व्यथा एवं वास्तविकता से उसका सामना करने की क्षमता का भावपूर्ण एवं सिनेमाई प्रस्तुतीकरण है।

## AWARD FOR THE BEST FILM ON SOCIAL ISSUES (such as prohibition, women and child welfare, and dowry, drug abuse, welfare of the handicapped etc.)

### DWIJAA (Marathi)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Producer: **Film and Television Institute of India, Pune**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director: **PANKAJ PURANDARE**

**CITATION**

The award for the Best Film on Social Issues for the year 2004 is given to **Dwijaa**. This short fiction film presents the distress of a child widow and her graduation over reality with subtle and sensitive cinematic treatment.

## भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान

सन् 1960 में प्रभात स्टूडियो के प्रांगण में स्थापित भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे का जन्म एक उत्तम विरासत के बीच हुआ। वर्षों से फिल्म एवं टेलीविजन के क्षेत्र में उत्तम शिक्षा का उद्देश्य रखते हुए इस संस्थान ने अनेक महत्वपूर्ण एवं प्रसिद्ध फिल्मी प्रतिभावों को जन्म दिया। आज इस संस्थान को फिल्म शिक्षा के क्षेत्र में न केवल भारत में अपितु एशिया और यूरोप में भी एक उत्कृष्ट संस्था के रूप में जाना जाता है। संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित फिल्मों में देश–विदेश के विभिन्न फिल्म समारोहों में अनेक पुरस्कार विजित किए हैं।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत कार्यरत यह संस्थान एक स्वायत्त संस्था है। भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म स्कूलों के संस्थान 'सिलेक्ट' का सदस्य है।

## FILM AND TELEVISION INSTITUTE OF INDIA

Established in the year 1960 on the erstwhile Prabhat studio premises at Pune and thereby inheriting a rich legacy in quality Cinema , the Film and Television Institute of India (FTII) has truly lived up to its avowed objective in the field o f imparting training in film making and television programme production. Today the FTII is considered as a Center of Excellence not only in India but also in Asia and Europe . Films made by the students of the Institute are entered in festivals both in India and abroad. Many of them have own National and International awards.

The FTII is an autonomous body under the Ministry of Information and Broadcasting of the Government of India.

The FTII is a member of CILECT an international association of film schools.

## पंकज पुरंदरे

मुम्बई विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक पंकज पुरंदरे ने फिल्म निर्देशन में भारतीय फिल्म एवं टेलीविज़न संस्थान, पुणे से सन् 2004 में डिप्लोमा प्राप्त किया है।



## PANKAJ PURANDARE

Pankaj Purandare is a Bachelor of Science from University of Mumbai.

He joined Narsee Monjee Institute of Management Studies to pursue Masters in Marketing in 1996. He completed Diploma in Film Direction from FTII, Pune in 2004.

# सर्वोत्तम गवेषणा/साहसी फिल्म (खेलों का शामिल करना)

## शोर्स ऑफ साइलेंस–व्हेल शार्क्स इन इण्डिया (अंग्रेजी)

निर्माता **गौतम पांडे** को रजत कमल एवं 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार
निर्देशक **रंजना पांडे** को रजत कमल एवं 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

**प्रशस्ति**
The movie begins with the hero Senthil Kumar, returning to his village distributing his wedding invitations. What happens to the girl who held his hand as a teenager? What happens to the teacher who was extra nice to him? What happens to the girl who wants him just as a friend? As he walks down the familiar lanes, meeting people, he meets his life itself as a beautiful memory, a walk through the past.

The movie records Senthil's recollection of the days gone by and ends with his marriage to a girl of his mother's choice. His ex-flames bless him from the crowning glory - his greatest moment ever.

# बेरू

**कन्नड़ / 125मिनट / 35 एम एम**

**निर्माता:** मित्रचित्र **निर्देशन:** पी. शेषाद्री **पटकथा:** जे.एम. प्रह्लाद **संगीत:** प्रवीण किरण **कैमरा:** एस. रामचन्द्र **संपादन:** बी.एस. कम्पराज **कलाकार** एच. जी. दत्तात्रेय, एम.पी. वेंकटराव, बेबी सौम्या

एक छोटे तालुके के सरकारी दफ्तर में अफसर की नियुक्ति न होने से एक कनिष्ठ अधिकारी ने कार्यभार संभाला हुआ है। लोककलाकार गौरवैया की झोपड़ी की छत गिरने वाली है क्योंकि एक पेड़ की जड़े उसकी दीवारों को तोड़ने लगी हैं। वह उस झोपड़ी में एक छोटी बच्ची के साथ रहता है। बार–बार वह इस अधिकारी से पेड़ को कटवाने का निवेदन कर चुका है।

उसी समय इस दफ्तर में एक वरिष्ठ अधिकारी की नियुक्ति होती है। निष्कपट तथा उत्साही इस नये अधिकारी को एक मंत्री के विभागीय दौरे पर आने का समाचार प्राप्त होता है। उनकी आवास व्यवस्था के लिए विभाग के इंस्पेक्शन बंगले को चुना जाता है, पर यह बंगला कहां है इसका भास किसी को नहीं है। विभाग के रिकॉर्ड में बंगले का पता जरूर दर्ज होता है परंतु बंगला वहां पर नहीं है। नया अफसर लोगों की संवेदनाओं को समझते हुए और नादानी के कारण अपने वरिष्ठ अधिकारियों को बंगले के न होने की सूचना देने के स्थान पर इस घटना की लीपापोती में लग जाता है। अब बंगले को तुड़वाकर उसकी जगह नये बंगले का निर्माण होना है।

परन्तु मंत्री का दौरा रद्द हो जाता है और नया अधिकारी अपनी ही बनाई हुई समस्या में उलझ जाता है। उसका श्वसुर उसको किसी तरह इस समस्या से बाहर निकालता है। मामले की दोबारा लीपापोती में यह फैसला होता है कि लोककलाकार गौरवैया को बंगले के न होने के लिए जिम्मेदार ठहराया जाए क्योंकि पुरानी इंस्पेक्शन में गौरवैया को उस बंगले का नकली केयरटेकर बनाकर प्रस्तुत किया गया था।

दोनों अधिकारी गौरवैया को मनाने के लिए उसके घर पहुंचते हैं, परन्तु तबतक झोपड़ी टूट चुकी है और उसके नीचे दबकर गौरवैया मर चुका है।



## BERU (The Root)

Kannada/125 minutes/35mm

**Producer:** Mitrachitra **Director:** P. Sheshadri **Screenplay:** J.M. Prahalad **Camera:** S. Ramachanda **Editing:** B.S. Kemparaj Music: Praveen – Kiran **Cast:** H.G. Dattatreya, M.P. Venkatrao, Baby Soumya

A taluk level office has been working without a regular head for sometime. A junior level official is in charge of the office. It has stuck to mandatory minimal routine work.

Goravayya is a poor old folk artiste. Though living on a small income, he has been magnanimous in his own small way to provide shelter to an orphan girl. He is stuck with a problem. The roots of a tree are affecting the stability of his small shelter. He has been repeatedly requesting the office for permission to fell the tree to save his shelter.

At last, a regular officer arrives on posting. Being sincere and enthusiastic, this new officer starts tuning the office for proactive working. Even before he settles down, a minister's visit is announced. Arrangements have to be made in the inspection Bungalow (IB). Much to his shock and surprise, nobody in the office knows about IB. In the process of locating this IB, a scandal unfolds. The IB exists only on records. It is not there physically. So, many irregularities and misappropriations come to light. The new officer is not able to report the whole matter to higher-ups because of his own indiscretion and emotional considerations. He tries to cover-up the whole thing by seeking approval for demolition of the dilapilated (non-existent) IB for rebuilding a new one there.

Meanwhile the minister's visit is cancelled. But by then the officer is deeply involved in this cover-up story created by himself. He is about to face the consequences, but his influential father-in-law comes to his rescue. He is now asked to provide some cooked-up reasons for the IB's 'present' condition so that the matter can be hushed up and he is saved. Goravayya is proposed to be implicated as the servant looking after IB responsible for its present condition. Both officials go to see Goravayya only to find that his shelter has collapsed and he has died.

## छोटा सिपाही

हिंदी/83 मिनट/35 एम एम

**निर्माता:** भारतीय बालचित्र समिति **निर्देशन** एवं **पटकथा:** जयश्री कणल **संगीत:** केदार अवाति और विवेक फिलिप कैमरा एवं **संपादन:** जयश्री कणल **कलाकार:** मोहन आगाशे, ओम भुतकर

जोजे एक मछुवारे का बेटा है और गोवा के समुद्र तट पर छोटे से गांव में रहता है। अक्सर वह अपनी माँ के साथ रहकर मछली बेचने मडगांव तक जाता है। कभी–कभी वह पुर्तगाली अफसर के घर मछली पहुंचाने भी जाता है। जोजे का समुद्र किनारे गुफाओं में छुपने और खेलने का एक गुप्त स्थान है। एक दिन अचानक जोजे की भेंट इस गुप्त स्थान में मंगेश नामक स्वतंत्रता सेनानी से होती है। दोनों को छुपने का यह स्थान पसंद है। उन्हीं दिनों जोजे समुद्र किनारे खेल रहे बच्चों में से एक गोपू को समुद्र में डूबने से बचाता है। गोपू की अध्यापिका श्यामा दीदी जोजे को पढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

गोपू जोजे को गणेश उत्सव पर आमंत्रित करता है। गोपू के घर मंगेश उसे फिर मिलता है। जोजे को पता चलता है कि मंगेश ही प्रसिद्ध "क्लेवर फौक्स" है जिसकी पुलिस को तलाश है। मंगेश के घर से निकलने में कठिनाई है क्योंकि पुलिस का चारों ओर पहरा है। जोजे एक योजना बनाता है जिसके तहत् लोककलाकार मंगेश के घर के चारों ओर नृत्य करते हैं और मंगेश धीरे से निकल जाता है। जोजे अब गोवा के स्वतंत्रता संग्राम का भाग बन गया है।

एक दिन जोजे सुनता है कि भारतीय थल सेना गोवा की ओर बढ़ रही है, परंतु पुर्तगालियों ने बोरी के पुल पर डायनामाइट लगाया है। जोजे भारतीय सिपाहियों को बचाने के लिए अत्यंत चौड़ी नदी को चुपचाप तैरकर पार करता है और भारतीय सेना को पुल पर बम होने का समाचार देकर क्षति होने से बचा लेता है।



## CHHOTA SIPAAHI *(Little Soldier)*

Hindi/83 minutes/35mm

**Producer:** Children's Film Society, India **Direction** and **Screenplay:** Jayashree Kanal **Camera** and **Editing:** A.S. Kanal: **Music:** Kedar Awati and Vivek Philip **Cast:** Mohan Agashe, Om Bhutkar

Joze, son of a fisherman, lives in a small village on the seashore in Goa.

Often, he accompanies his mother to Madgaon when she goes there to sell the day's catch. Once in a while they go to the Portuguese officer's house to deliver fish. On his way Joze always lingers longingly around the school gate. One day Joze finds a bearded man (Mangesh, a freedom fighter) in his hideout. Joze takes an instant liking for the man.... both part, swearing secrecy about their hiding place and their chance meeting.

A group of school children comes to the beach to play. Joze saves a boy 'Gopu' from drowning in the sea. The boy's teacher – Shyama Didi – encourages Joze to join school. Through his interaction with her, Joze realizes that Goa is ruled by outsiders.

Gopu invites Joze for Ganesh festival celebrations Joze finds Mangesh. He comes to know that Mangesh is a freedom fighter known as 'Clever Fox'. Since the house is being watched by the police. Joze makes a plan, he brings his group to dance. After the musical evening, Mangesh slips out of the house with the dance party.

Joze gets drawn not only towards Mangesh and Didi but also the entire freedom movement now.

He overhears at the Portuguese officer's house that the Indian army is approaching and it is a matter of a day or two before they take over Goa. There is a plan to plant dynamites under the bridge at Bori and blow it while the Indian soldiers cross the bridge......

Joze swims across a river, alerts the Indian Army, and saves casualties.

# छुटकन की महाभारत

हिंदी/87 मिनट/35 एम एम

**निर्माताः** भारतीय बालचित्र समिति **निर्देशन** एवं **पटकथाः** संकल्प मेश्राम **संगीतः** आशीष विलेजार एवं शैलेश दानी **कैमराः** समीरन दत्ता एवं विवेक शाह **संपादनः** जबीन मर्चेन्ट **कलाकारः** अदिति देशपांडे, वरुण झा, सागर शेट्टी और अवनीश सत्यानाथन

10 वर्षीय गांव के लड़के छुटकन के सपने अचानक सच होने लगते हैं। उसके गांव में खलबली फैल जाती है जब यह समाचार मिलता है कि उसके गांव में होने वाला महाभारत का नाटक भी बदल गया है। कौरव और पांडवों का झगड़ा समाप्त हो गया है और युद्ध प्रारंभ होने से पहले ही वे मित्र बन गये हैं। नौटंकी के कलाकार जो गांव में महाभारत का नाटक करने के उद्देश्य से आये हैं वे अपने संवाद भूलकर कुछ नये संवाद बोलने लगे हैं।

छुटकन का ममेरा भाई जो उस पर बहुत रौब गांठता था, छुटकन के सपने के कारण गधा बन चुका है तथा कुछ अन्य गांव वाले बत्तख बन चुके हैं। एक ओझा को छुटकन का इलाज करने के लिए बुलाया जाता है, परंतु छुटकन सपना देखता है कि पांडव उसे आकर बचा लेते हैं। होता भी यही है पांडव आकर छुटकन को बचा लेते हैं और ओझा का इलाज हो जाता है।

पांडव गांव वालों को आश्वासन देते हैं कि अब नौटंकी में केवल छुटकन की महाभारत ही प्रस्तुत की जाएगी।



## CHHUTKAN KI MAHABHARAT

Hindi/87 minutes/35mm

**Producer:** Children's Film Society, India **Direction** and **Screenplay:** Sankalp Meshram **Camera:** Samiran Dutta and Vivek Shah **Editing:** Jabeen Merchant **Music:** Ashish Vilejar and Shailesh Dani **Cast:** Aditi Deshpande, Varun Jha, Sagar Shetty, Avneesh Sathianathan

This is a phantasmagoric story of Chhutkan, a ten year old village boy, whose dreams suddenly start coming true. All hell breaks loose when he dreams that the story of the epic Mahabharat has changed and that the warring brothers Kauravas and Pandavas have buried their differences and become friends even before the war has begun. The Nautanki (folk theatre) actors who are performing the Mahabharat in the village, seem to be under a magical spell, being unable to recite the original lines of the war epic.

Next, Chhutkan turns his bully cousin into a donkey in his dreams and a few aggressive villagers into a gaggle of squawking geese. Finally an exorcist is called to cure Chhutkan but Chhutkan manages to cure him instead by dreaming that the real Pandavas will rescue him. They do. The real Pandavas then declare that the only Mahabharat that will be performed from now on will be Chuttkan's Mahabharat.

# डांसर

तमिल / 99 मिनट / 35 एम एम

**निर्माता:** योगेश के.आर. **निर्देशन एवं पटकथा:** ए. कोतंड रमैय्या **संगीत:** प्रवीण मणि **कैमरा:** जे. रॉबर्ट आशीर्वतम **संपादन:** आर.टी. अन्नादुरई कलाकार: जे.फिलिप कुट्टी, दिव्या, ए. रॉबर्ट, मीरा कृष्णन

एक पैर से अपंग कुट्टी अपने दुर्भाग्य पर दुखी होने की अपेक्षा कुछ अनोखा कर दिखाने का इच्छुक है। उसके पड़ौस में रहने वाली दिव्या कुट्टी की संगीत और नृत्य में रुचि से परिचित है। दिव्या के पिता नहीं हैं और वह अपने दादा और माँ के साथ रहती है। स्वयं प्रसिद्ध नर्तक बनने का सपना देखने वाली दिव्या का उसका नृत्य शिक्षक अरुण अपमान कर देता है।

अपमानित दिव्या कुट्टी को नृत्य के लिए प्रोत्साहन देती है। कुट्टी को अरुण द्वारा आयोजित एक समारोह में नृत्य प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त होता है, परंतु आयोजन से पहले अरुण कुट्टी और दिव्या का घोर अपमान करता है। परंतु समारोह से कुछ समय पहले दर्शकों की कुट्टी में रुचि जाग जाती है और उसकी नृत्य कुशलता देखने के लिए वे आतुर हो जाते हैं। कुट्टी का नृत्य सफल होता है और वह शीघ्र प्रसिद्धि प्राप्त करने लगता है। कुट्टी अपंग व्यक्तियों के लिए एक संस्था **अभय** का निर्माण करता है। संस्था के लिए धन जुटाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में अरुण और उसके साथी बाधा पहुंचाने का प्रयत्न करते हैं। वे दिव्या का अपहरण कर लेते हैं और कुट्टी की पिटाई करते हैं। मजबूत इच्छाशक्ति वाला कुट्टी इन सब समस्याओं से पार पा कर अपने लक्ष्य में सफल होता है।



# DANCER

Tamil/99 minutes/35mm

**Producer:** Yogesh KR **Direction** and **Screenplay:** A. Kothandaramaiah **Camera:** J. Robert Asirvatham **Editing:** R.T. Annathurai Music: Pravin Mani **Cast:** J. Philip (Kutty), Divya, A. Robert, Meera Krishnan

**Kutty**, the hero in the film is a handicapped person with one leg. This handicap is not from birth but happens early in Kutty's life, at the hands of his stepbrother. Instead of lamenting over the misfortune, Kutty goes about doing odd jobs to earn a living but silently yearns to do something remarkable and astounding. **Divya** (the heroine) is also a resident in the same building as that of Kutty's and happens to observe his interest in dance and music. Fatherless, she lives with her grandfather and mother, who want her to become a rich and famous celebrity. As she is interested in becoming a renowned dancer herself she starts attending dance classes with popular dance master, **Arun**. The dance master in turn misbehaves with her. As she neglects his advances and unruly behaviour, she is ill treated by Arun on different occasions.

Divya, deeply insulted decides to promote and encourage Kutty as a dancer in order to avenge the insult by all possible means. An opportunity knocks on Kutty's door in the form of a stage performance, but, to their dismay, Arun happens to be the host of that particular event. They (Kutty and Divya) are again insulted by him but fortunately, as fate has it, the ten minute performance of Kutty becomes the highlight of the event and wins thunderous applause and appreciation. From then on Kutty's popularity starts soaring and subsequently leads to Arun's downfall. Meanwhile Kutty has high ambitions of creating an institution for the well being of the handicapped.

**Abhaya**, an institution with similar ambitions, approaches him to perform at the first inaugural function of the fundraiser. Learning of this, Arun along with his henchmen, decides to foil and disrupt the function. In this attempt they kidnap the heroine and Kutty is beaten up during his efforts to save her. However, with his determination and will power, he overcomes these obstacles. Arun finally acknowledges his folly.

## देवरई

मराठी / 120 मिनट / 35 एम एम

**निर्माता:** वाई.एन. ओक **निर्देशन:** सुमित्रा भावे एवं सुनील सुक्थांकर **पटकथा:** सुमित्रा भावे **संगीत:** श्रीरंग उमराणी **कैमरा:** देबू देवधर **संपादन:** सुमित्रा भावे एवं वीरेन्द्र वाल्संगकर **कलाकार:** अतुल कुलकर्णी, सोनाली कुलकर्णी, तुषार दलवी, देविका दफ्तरदार

युवा शेष देसाई माँ की मृत्यु के बाद समुद्रतट पर अपने गांव में अकेला आम के बागों की देखभाल करता है। उसकी बहन सीना गोरे उसे अपने साथ पुणे ले आती है। अपने नौकरों से उसे सूचना मिलती है कि शेष का व्यवहार कुछ अजीब सा है। शेष के हिंसक व्यवहार को देखते हुए सीना और उसका वैज्ञानिक पति उसे मनोचिकित्सा केंद्र भेज देते हैं। शेष एक मनोरोगी है और अवहेलना के कारण उसकी दशा बिगड़ चुकी है। शेष को देवराई नामक वनों से अत्यन्त लगाव है। उसकी अवस्था बिगड़ने के साथ उसे वन एक देवी के रूप में नजर आने लगते हैं।

चिकित्सा के बाद सीना के लिए शेष को घर में रख पाना एक अत्यन्त दुष्कर कार्य है। शेष के कारण सीना का जीवन भी उसके पति, पुत्र तथा भाई के बीच बट गया है। धीरे–धीरे चिकित्सा के आगे बढ़ने के साथ सीना और कल्याणी शेष का उसके मतिभ्रम के साथ सामंजस्य बिठाने में सफल हो पाते हैं और शेष कल्याणी की मदद से सामाजिक और सार्थक जीवन बिता सकता है।



## DEVRAI

Marathi/120 minutes/35mm

**Producer:** Y.N. Oak **Director:** Sumitra Bhave and Sunil Sukhtankar **Screenplay:** Sumitra Bhave **Camera:** Debu Deodhar **Editing:** Sumitra Bhave and Virendra Valsangkar **Music:** Shrirang Umrani **Cast:** Atul Kulkarni, Sonali Kulkarni, Tushar Dalvi, Devika Daftardar

Shesh Desai, a young man living alone in a coastal village after his mother's death, looking after family business of mango plantations, is brought to Pune by his married sister Seena Gore. Servants who give service to Shesh tell Seena about Shesh's strange behaviour.

Seena and her scientist husband Sudesh experience a sudden violent outburst of Shesh and admit him in a hospital. Psychiatric help is sought.

Through the case history told to the doctors by Seena and through Shesh's sessions with the panel of psychiatrists and psychologists unfolds the story of a neglected victim of Schizophrenia. The meanings and linkages of Shesh's strange behaviour are analysed by the doctor.

Shesh, a victim of Schizophrenia has an obsession for Devrai Sacred Groves (the forests protected by the community in the name of God). As his problem aggravates his interest in Devrai as a student of science is turned into a series of hallucinations. He starts personifying Devrai in the form of a Goddess like character.

After treatment, keeping Shesh at home is another big problem for Seena who is torn between her concern for his brother and her duties towards her husband and ten year old son. Her support is Kalyani, a distant cousin.

Finally, after medication and participation in the day care centre Shesh slowly learn to become friendly with his hallucinations and Seena and Kalyani partly succeed in making him realize the difference between the reality perceived by him and by the others.

Now, with the help of Kalyani's dedicated support, Shesh will live a socially functional and meaningful life.

# देस होया परदेस

पंजाबी / 163 मिनट / 35 एम एम

**निर्माता:** मंजीत मान **निर्देशक:** मनोज पुंज **पटकथा:** सूरज सनीम **संगीत:** जयदेव कुमार **कैमरा:** आर.ए. कृष्णा **संपादन:** ऑंकार भाकरी **कलाकार:** गुरुदास मान, जूही चावला, सुधीर पांडे, अनूप सोनी, दिव्या दत्ता

गुरशान एक शिक्षित पंजाबी किसान है जो अपने गांव में अपने माता–पिता और छोटी बहन के साथ रहता है। गुरशान का मित्र दर्शन अमेरीका से अपने पुराने कॉलेज के एक समारोह में सम्मिलित होने आता है। समारोह में गुरशान की भेंट जस्सी से होती है जो सुंदर, सुशिक्षित है तथा कॉलेज में संगीत की शिक्षिका है।

एक रात गुरशान का पुराना सहपाठी सुखबीर, जो अब आतंकवादी है, गुरशान से मिलने उसके घर आता है। पुलिस को लगता है कि गुरशान के आतंकवादियों से संबंध हैं, जिसके कारण उसे पुलिस की कैद और प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है।

गुरशान को पुलिस और आतंकवादियों के बीच फंसा जानकर दर्शन उसे भारत छोड़कर अमेरिका में बसाने की कोशिश करता है। गुरशान को राजनैतिक संरक्षण तो प्राप्त होता है, परंतु साथ ही मानवाधिकारों का हनन भी होता है क्योंकि वह अपने माता–पिता को अपने साथ अमेरिका नही ला सकता। इस राजनैतिक संरक्षण के कारण गुरशान के पूरे परिवार को उसके परिणामों का सामना करना पड़ता है।



# DES HOYA PARDES

Punjabi/163 minutes/35mm

**Producer:** Manjeet Maan **Director:** Manoj Punj **Screenplay:** Suraj Sanim **Camera:** R.A. Krishna **Editing:** Omkar Bhakri **Music:** Jaidev Kumar **Cast:** Gurdas Maan, Juhi Chawla, Sudhir Pandey, Anoop Soni, Divya Dutta

Gursharan, an educated man whose parents and sister live in punjab, tills his ancestral land. He is visited by his childhood friend Darshan from America who has come to attend the old student's meet in their college. There they happen to meet Jassi, a beautiful girl who is active in theatre and teaches music in a college.

One night, Sukhbir who happened to be Gursharan's class fellow but now member of a terrorist group, visits Gursharan and this incident drives the police to believe that Gursharan is conniving with the terrorists. This leads to his arrest and torture.

Realising that Gursharan is caught in the crossfire between terrorism and police, Darshan forces him to leave the country and come to America where he fights to get him political asylum. This political asylum given to Gursharan is to protect his human rights but even this protection violates his human rights intentionally or unintentionally and now all the members of the family suffer helplessly courtesy the repercussions of this asylum.

## दीनबन्धु

असमिया / 137 मिनट / 35 एम एम

**निर्माता:** कृष्णा रॉय **निर्देशन** एवं **पटकथा:** मुनीन बरुआ **संगीत:** ज़ुबीन गर्ग **कैमरा:** सुमन दोवेरा **संपादन:** ए. श्रीकर प्रसाद **कलाकार:** तपन दास, ज़ुबीन गर्ग, निशिता गोस्वामी

दीनबन्धु दास एक सरकारी कार्यालय में साधारण और ईमानदार क्लर्क है। अपनी माँ के ज़िद करने पर दीनबन्धु सावित्री से विवाह के लिए राज़ी हो जाता है, परंतु उसके विवाह से पहले ही उसकी माँ की मृत्यु हो जाती है। दीनबन्धु अपने विवाह पर अपने सामर्थ्य से अधिक खर्च करता है। उसके लिए यह कर्ज़ चुका पाना अत्यन्त दुष्कर कार्य है। उसके घर में दो पुत्रियों रानी और बानी के जन्म के साथ उसकी पत्नी सावित्री बीमार पड़ जाती है। लाख कोशिशों के बाद भी दीनबन्धु अपनी पत्नी के इलाज के लिए धन एकत्रित नहीं कर पाता है और अपनी पत्नी को खो बैठता है।

पुत्रियां बड़ी होती हैं, परंतु दीबन्धु की आर्थिक हालत में कोई सुधार नहीं होता। कॉलेज में पढ़ने वाली रानी पिता की मदद के लिए ट्यूशन पढ़ाना प्रारम्भ कर देती है तथा बानी संगीत की शिक्षा प्राप्त करती है। एक सम्भ्रांत घर का पुत्र रमेश रानी से प्रेम करता है, परंतु रमेश के लालची पिता दीनबन्धु से दहेज की मांग करते हैं और अहंकारी दीनबन्धु दोबारा उधार लेकर रानी और रमेश का विवाह सम्पन्न कराता है। दीनबन्धु का अहंकार और हठधर्म उसकी दूसरी बेटी बानी और बिपुल के विवाह के आड़े आ जाते हैं क्योंकि अब उसके पास साधारण रूप से विवाह खर्च के लिए भी धन नहीं है।

अपने जीवनवृत्त लेखन के माध्यम से दीनबन्धु बानी को बिपुल के साथ भाग जाने का संकेत देता है। पिता द्वारा लिखित वृत्त को पढ़कर बानी बिपुल के साथ भाग जाती है और दीनबन्धु अकेला रह जाता है।



## DINABANDHOO

Assamese/137 minutes/35mm

**Producer:** Krishna Roy **Direction** and **Screenplay:** Munin Barua **Camera:** Suman Dowerah **Editing:** A. Sreekar Prasad **Music:** Zubeen Garg **Cast:** Tapan Das, Zubeen Garg, Nishita Goswami

Dinabandhoo Das is a simple, honest clerk at a government office in town

He yields to his mother's insistence to settle down in life by marrying Savitri, a self-effacing, understanding woman. Hardly a week after his mother dies. Dinabandhoo goes overdrive, spends lot of money beyond his actual capacity only to show off during his marriage.

Paying off his debts incurred during his wedding mires him deeper in debt and he could never hope hope to improve his lot. Soon he is blessed withn two kids, both girls – Rani and Bani. His wife Savitri falls ill. Dinabandhoo starts taking tuitions to earn some extra bucks. To treat his wife. But Savitri finally dies. In the meantime, in a helpful, understanding and caring Dharmakanta, Dinabandhoo finds a true friend.

Both the girls grow up under the able care and guidance of their father. Dinabandhoo's financial constraints continue unabated. His older daughter Rani, a college-going girl also takes tuition to help her father run the family smoothly. His younger daughter Bani has a soft corner for Bipul, a young musician who teaches her.

Ramesh is a boy belonging a well-to-do family, falls in love with Rani.

Ramesh's father Arabinda is a greedy man and demands dowry from Dinbandhoo. Dinbandhoo again comes up with an egoistic approach towards the matter, borrows money from all his sources and marries of his daughter Rani to Ramesh to the fullest satisfaction of Ramesh's father giving the required dowry goods.

Dinbandhoo's obstinacy and arrogance turned out to be a farce in the face of his inability to marry off his second daughter Bani to Bipul even with the minimum basic requirements.

He writes out his candid life-story to impress upon Bani the fact that living happily was more important than pretending to be respectful. He kind of instigates Bani through his story to elope with her beloved so that he can have the satisfaction of pretending that much as he wanted, Bani did not allow him to marry her off the way he had actually wanted. Bani reads her father's story, makes her mind and elope with Bipul. A lonely Dinbandhoo lives on.

# ग्रहणम्

तेलुगु/93 मिनट/35 एम एम

**निर्माता:** कनकधारा क्रिएशन्स **निर्देशन एवं पटकथा:** मोहन कृष्ण इन्द्रगंति **संगीत:** के. विजय **कैमरा:** पी.जी. वृन्दा **संपादन:** लोकेश **कलाकार:** तन्नीकेला भरणी, जयललिता गोपाराजू रमण, ज्योति

लगभग 40 वर्षीय रघु एक डाक्टर है। उसके अस्पताल में एक रोगी एक बूढ़ी औरत को देखते ही पागल सा हो जाता है। वह बूढ़ी औरत अपने आपको उसकी माँ बताती है, जबकि रोगी इस रिश्ते को झूठा बताता है। रघु जब बूढ़ी औरत को सांत्वना देने का प्रयास करता है, तो उसे उस बूढ़ी औरत का चेहरा परिचित सा प्रतीत होता है। जैसे ही रघु उसका नाम पता पूछता है बूढ़ी औरत अचानक चली जाती है। रघु अपने मित्र श्रीनिवास को अपने गांव में घटी एक घटना के बारे में बताता है।

शारदम्बा नारायण स्वामी नामक ज़मींदार की सुन्दर पत्नी थी। कनकैया नामक एक बच्चा उनके घर में अक्सर आता-जाता रहता था। शारदम्बा कभी-कभी बच्चे को मातृप्रेम के साथ भोजन करा देती थी। एक बार कनकैया के बीमार पड़ जाने पर जब दवाइयां काम न आई तो उसके पिता ने गांव के ओझा गोपैया से परामर्श किया। गोपैया ने उस बीमारी को 'दोषगुनम' बताया। उसके अनुसार जब कोई मध्य आयु स्त्री युवा बालकों के साथ या किसी युवा बालक के साथ शारीरिक संबंध स्थापित करती है तो उसे 'दोशगुनम' कहते हैं। गोपैया के अनुसार उस औरत की जंघा से निकला खून ही कनकैया का इलाज था।

उसी रात स्वप्न में कनकैया के मुंह से शारदम्बा का नाम निकलने से उसके पिता को लगा कि शारदम्बा ही वह स्त्री है। उसने सारा वृतांत शारदम्बा के पति स्वामी को सुनाया। क्रोधवश स्वामी ने जब शारदम्बा से पूछताछ की तो क्रोध से भरी शारदम्बा ने भी पलटकर जवाब दिया। फिर भी संदेह से भरे स्वामी ने शारदम्बा को मारकर बेहोश कर दिया और उसकी जंघा का रक्त निकाल लिया। इस रक्त को जब कनकैया के आंखों में लगाया गया तो वह ठीक हो गया। शारदम्बा को चरित्रहीन बताकर घर से निकाल दिया गया।

डाक्टर रघु के अनुसार वह बूढ़ी औरत शारदम्बा थी और वह स्वयं कनकैया है। सत्य यह है कि उसके और शारदम्बा के बीच ऐसा कुछ नहीं था, परंतु फिर भी शारदम्बा को अंधविश्वास का शिकार बनना पड़ा। पश्चातापी रघु शारदम्बा से क्षमा-याचना की कोशिश की प्रतीक्षा करता है।



# GRAHANAM *(The Eclipse)*

Telugu/93 minutes/35mm

**Producer:** Kanakdhara Creations **Direction and Screenplay:** Mohan Krishna Indraganti **Camera:** P.G. Vinda **Editing:** Lokesh **Music:** K. Vijay **Cast:** Tanikella Bharani, Jayalalitha Goparaju Ramana, Jyothi

Raghu is a doctor in his early forties, well known and mild-mannered bachelor. One day while on his rounds at the hospital, he faces an unusual situation, which arouses his curiosity. One of the patients turns hysterical at the very sight of an old woman who claims to be his mother. The patient denies relationship between the old woman and himself. Later on in the day, Raghu consoles the old woman about her son. Raghu finds her face familiar. When he tries to find her name and address, she abruptly leaves.

A perturbed Raghu makes enquiries about the patient and realizes that both the patient and his mother are from his native village. That evening Raghu and his friend, Srinivas have a chat over coffee. Raghu narrates a story that took place in his village of two people, a rich landlord's wife called Saradamba and a young boy clalled Kanakayya.

Saradamba was the beautiful wife of a landlord, Narayana Swami, respected figure in the village, well-known for her charitable work. Kanakayya was a hard working and intelligent young boy belonging to a poor family. Saradamba would offer the boy free lunch out of motherly love.

Once Kanakayya fell ill and the local doctor's medication failed. His parents consulted Gopayya, a man known for his magical cures. Gopayya declared that the boy was suffering from a dangerous and rare disease called doshagunam, caused by middle-aged woman seducing a young boy into having sex with her. Gopayya declared that the only cure was a concoction prepared with the blood extracted from the thigh of the woman who seduced Kanakayya.

That night Kanakayya uttered Saradamba's name repeatedly in his sleep, prompting his parents to conclude that it was Saradamba who had seduced him. As Kanakayya's health deteriorated, his father approached Saradamba's husband, Swami and narrated the whole story. Furious Swami interrogated his wife. An enraged Saradamba derided her husband for accusing her of disgusting crime. Suspecting Swami demanded Sardamba's blood, beat her up and took blood after she fell unconscious. As concoction made with Sarada's blood was applied in his eyes, Kankayya recovered.

Saradamba was branded a whore and driven out of the house.

Raghu told Srinivas that the old woman at the hospital was Saradamba and that he himself was Kanakayya! The truth was that there was nothing between him and Saradamba. She was the victim of a superstitious belief and a tragic coincidence.

Repentent, Raghu begins his wait for Saradamba so as to apologise.

## हसीना

कन्नड/135 मिनट/35 एम एम

**निर्माता:** चिगुरू चित्र **निर्देशन** एवं **पटकथा:** गिरीश कासरवल्ली **संगीत:** आईजक थॉमस कोट्टुकपल्ली **कैमरा:** एस. रामचन्द्र **संपादन:** एम.एन. स्वामी **कलाकार:** चन्द्रहास उल्लाल, तारा पुरुषोत्तम तालवत, चित्रा शिनॉय

हसीना अपने तीन बच्चों के साथ शहर के बाहर अपने ऑटोरिक्शा चालक पति याकूब के साथ रहती है। शीघ्र ही डाक्टर को दिखाने पर पता चलता है कि गर्भवती हसीना का यह बच्चा भी लड़की है। याकूब हसीना को छोड़कर चला जाता है। इसी बीच हसीना की सबसे बड़ी नेत्रहीन बच्ची मुन्नी के साथ एक दुर्घटना घटती है। मुन्नी को देखने पर डाक्टर बताता है कि मुन्नी की आँखें एक साधारण ऑपरेशन के बाद ठीक हो सकती हैं। ऑपरेशन के लिए पैसा जुटाने के उद्देश्य से हसीना घरों में काम करना शुरू कर देती है। ऐसी ही एक स्त्री जुलेखा बेगम जिनके घर हसीना काम करती है, इस्लाम और शरीयत की ज्ञाता है। उनकी सलाह पर हसीना जमात से न्याय मांगने का निश्चय करती है। जमात के अध्यक्ष मुतवल्ली को ज्ञापन देने के साथ ही हसीना का न्याय के लिये संघर्ष प्रारम्भ होता है। मुन्नी का स्वास्थ्य बिगड़ता जाता है और जुलेखा बेगम भी एक बिन्दु के बाद सहायता करने से इंकार कर देती है। निराश हसीना याकूब की नई पत्नी ज़रीना से मदद मांगती है और याकूब हाथापाई में हसीना से उसका बचा हुआ धन भी यह समझकर छीन लेता है कि वह ज़रीना का है।

निराश हसीना अब मस्जिद में ही रहकर न्याय मांगने का निश्चय करती है। मुतवल्ली को जमात की सभा का आयोजन करना पड़ता है। जमात याकूब को बुलावा भेजती है जो शराब के नशे में चूर आ पहुंचता है। याकूब और हसीना के बीच हाथापाई होती है जिसमें हसीना की गोद में बैठी मुन्नी का चोट लगने से देहांत हो जाता है। मोहल्ले की सारी स्त्रियां दुख की इस घड़ी में हसीना के साथ बाहर आ जाती हैं। अगले दिन मुतवल्ली हसीना को उसके मेहर का धन देने आता है, परंतु वह लेने से इंकार कर देती है। जब मुतवल्ली वापस अपने घर पहुंचता है तो देखता है कि उसकी पत्नी ऑपरेशन के लिए उसकी इच्छा के विरुद्ध अस्पताल जा रही है।



## HASINA

Kannada/135 minutes/35mm

**Producer:** Chiguru Chitra **Direction** and **Screenplay:** Girish Kasaravalli **Camera:** S. Ramachndra **Editing:** M.N. Swamy **Music:** Issac Thomas Kottakapally **Cast:** Chandrahasa Ullal, Tara, Purushotham Talavata, Chitra Shenoy

Hasina lives with her three daughters in the outskirts of a small town. Her husband – Yakoob – an auto driver is with her. She borne only girls. When the doctor at private clinic tells him after examining the pregnant Hasina, that this baby too is female, he deserts her. Hasina makes despearate attempts to bring Yakoob back home, but does not succeed. She decides to live on her own.

Munni – the eldest daughter, who is blind meets with an accident. The doctor who attends on her, tells Hasina, that a suitable operation could bring eye sight back to Munni. She starts doing odd jobs to raise money for operation. She starts working as a house maid in the house of a rich lady – Julekha Begum. Julekha is a well informed person about the tenets of Islam and Shariat. She advises Hasina to seek justice from Jamaath.

Hasina begins her long journey seeking justice for her and her family, submitting petitions to Muthavalli, the President of the Jamaath requesting him to reprimand Yakoob, so that he would come forward to take the responsibility of the family.

The former Muthavalli finds in Hasina's case an opportunity to discredit the present Muthavalli. He starts politicizing the issue. Thus, Hasina's case, instead of getting sorted out, grows into a maize.

Munni's health begins to deteriorate. Even ever helping Julekha Begum refuses help beyond a certain point. Finding no other way out, Hasina decides to ask Zarina, Yakoob's new bride for help. This infuriates Yakoob, and in the ensuing quarrel, he takes away all the savings of Hasina, mistaking it to be the money given by Zarina.

Helpless Hasina decides to stay in the Mosque premises until she gets justice. The Muthavalli finally calls a Jamaath meeting. Jamaath sends for Yakoob, who comes drunk. A quarrel erupts between Yakoob and Hasina and inadvertently it ends in the tragic death of Munni.

All the women of the mohalla (street) come and stand by Hasina in the moment of sorrow. Next day, Muthavalli comes to Hasina with Mehar money, but she refuses to take it. When Muthavalli reaches home, he watches his wife getting ready to go to the hospital to get operated, much against his wishes.

## हम तुम

हिंदी / 144 मिनट / 35 एम एम

**निर्माता:** आदित्य चोपड़ा **निर्देशन** एवं **पटकथा:** कुणाल कोहली **संगीत:** मदन मोहन **कैमरा:** सुनील पटेल **संपादन:** रितेश सोनी **कलाकार:** सैफअली खान, रानी मुखर्जी, ऋषि कपूर, किरण खेर

करन एक कार्टूनिस्ट है। उसके प्रसिद्ध कार्टूनपात्र हम और तुम उसके स्त्री–पुरुष के अजीब रिश्तों पर उसका दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं। लड़कियों का चहेता करन अक्सर नई लड़कियों से मित्रता करता रहता है। रिया एक संवेदनशील, उच्च चरित्र में विश्वास रखने वाली लड़की है। दोनों अलग–अलग सामाजिक परिवेशों में पले–पढ़े अलग–अलग प्रकार के व्यक्तित्व हैं। करन के फैशन फोटोग्राफर पिता ने उसे जीवन को सरलता से बिताने का मंत्र दिया है, तो वहीं रिया की पंजाबी माँ ने उसे नैतिकता तथा अपने आप में विश्वास रखने का सबक दिया है। दोनों में बहुत कम समानतायें हैं परंतु दोनों के जीवन अनेक बिंदुओं पर मिलते रहते हैं। तीन महाद्वीपों तथा लगभग 10 वर्षों में उलझे ये दो जीवन विभिन्न रंगों को पर्दे पर जीते हैं।



## HUM TUM

Hindi/144 minutes/35mm

**Producer:** Aditya Chopra **Direction** and **Screenplay:** Kunal Kohli **Camera:** Sunil Patel **Editing:** Ritesh Soni **Music:** Madan Mohan **Cast:** Saif Ali Khan, Rani Mukherji, Rishi Kapoor, Kiron Kher

Karan is a cartoonist. His characters Hum and Tum are very popular. Hum Tum reflect Karan's perspective on men and women and their relationship. Karan is the quintessential bad boy – he is a complete flirt, and is constantly changing girlfriends. Rhea is sensitive, well bred and with high ethical and moral standards. The two come from very different backgrounds, and have evolved into very different people. Whereas Karan's father – a flamboyant famous fashion photographer, has influnced his son to be nonchalant and cool, Rhea gets her self-assuredness and moral code from her mother – a typical Punjabi with an effervescent spirit.

They have very little in common, except the fact that, time and again, their paths cross. Across three continents, and over the period of nearly a decade, the lives of Karan and Rhea intersect, and their relationship evolves, from hate, to mutual friendship and respect and finally ......

## इति श्रीकान्त

बंगाली / 124 मिनट / 35 एमएम

**निर्माता:** दीपक बजाज **निर्देशक:** रंजन दास **पटकथा:** सांतोश्री सरकार **कैमरा:** शिरषा रॉय **संपादन:** संजीव दत्ता **संगीत:** विक्रम घोष **कलाकार:** आदिल, सोहा अली खान, पीयूष गांगुली

श्रीकांत का जीवन दो स्त्रियों, जिनसे वह जीवन के भिन्न–भिन्न पड़ावों पर मिलता है, के बीच उलझा हुआ है। एक ओर सुन्दर, कामिनी, धनी तथा उसके बचपन की मित्र राजलक्ष्मी है जो अब पटना में दरबारी नर्तकी है तथा दूसरी ओर सुन्दर तथा मृगतृष्णा से परिपूर्ण वैष्णवी कमललता है। श्रीकांत का इन दो सिरों में बंटा जीवन इस फिल्म का कथानक है। जहा एक ओर राजलक्ष्मी का प्रेम उसे पाने की चाह के रूप में है वहीं दूसरी ओर कमललता अनेक कठिनाइयों के बावजूद श्रीकांत को मुक्त करना चाहती है। राजलक्ष्मी खुलेआम उसकी निन्दा करती है। वहीं दूसरी ओर कमललता उसकी प्रशंसा करती है। श्रीकांत राजलक्ष्मी के प्रेम के साथ सामंजस्य स्थापित नहीं कर पाता और अपने गांव वापस लौट जाता है। वह प्रताड़ित कमललता से गौहर की कब्र के पास मिलता है। क्या वे एक–दूसरे को समझ पाते हैं? या अलग हो जाते हैं।



## ITI SRIKANTA

Bengali/124 minutes/35mm

**Producer:** Deepak Bajaj **Director:** Anjan Das **Screenplay:** Shantoshree Sarkar **Camera:** Sirsha Roy Editing: Sanjeeb Dutta **Music:** Bikram Ghose **Cast:** Adil, Soha Ali Khan, Reema Sen, Piyush Ganguly

Srikant finds himself constantly torn between the two women he encounters during his journeys without destination. On the one hand, there is the seductive, affluent and dignified Rajlakshmi, his childhood sweetheart who is now a renowned courtesan of Patna. On the other, there is the beautiful, elusive and enigmatic Kamallata, the Vaishnavi who talks to him as if they have known each other forever. The complete polarization of his relationship with these two women defines the focal point of the film. While Rajlakshmi's love for him is expressed through a fierce desire to possess him and hold him back, Kamallata wishes to liberate him from any kind of commitment and bondage, even when she desperately needs his protection and shelter. Rajlakshmi openly accuses him of cowardice. Kamallata praises him for his ability to resist bondage. Srikanto fails to cope with Rajlakshmi's obsessive love and goes back to his village. He meets a devastated Kamallata at Gauhar's grave. Do they finally discover themselves in each other? Or do they go their separate ways?

# क्रान्तिकाल

बंगला / 110 मिनट / 35 एम एम

**निर्माता:** शम्पा भट्टाचार्जी **निर्देशन एवं पटकथा:** शेखर दास **संगीत:** चिरोदीप दासगुप्ता **कैमरा:** प्रेमेन्दु विकास चाकी **संपादन:** देबकान्त चक्रवर्ती **कलाकार:** सौमित्र चटर्जी, रूपा गांगुली, हाराधन बनर्जी, रितु दत्ता चक्रवर्ती

पुराने रजवाड़े के एक महल में एक पुराने महाराजा, उनका प्रौढ़ पुत्र तथा उसकी तलाकशुदा बहू रहते हैं। एक रात इस महल में उत्तर–पूर्वी भारत का एक भगोड़ा आतंकवादी आश्रय के लिए घुस आता है। उसके साथ ही अनेक अनसुलझे प्रश्न भी पुराने रजवाड़ों के प्रत्यक्ष अभिभूत होते हैं। आतंकवादी की अंत में पुलिस के हाथों मृत्यु होती है, परंतु इसके साथ ही जन्म होता है कुछ बुनियादी सवालों का।



## KRANTIKAAL (Critical encounter)

Bengali/110 minutes/35mm

**Producer:** Sampa Bhattacharjee **Direction** and **Screenplay:** Sekhar Das **Camera:** Premendu Bikash Chaki **Editing:** Debakanta Chakraborty **Music:** Chirodip Dasgupta **Cast:** Soumitra Chattrejee, Roopa Ganguly, Haradhan Banerjee, Ritu Dutta Chakraborty

Inside the palace of a princely state of India, time seems to have stood still. Confined in a quite and once grand home, a one-time Maharaja and his now elderly son exist along with the daughter-in-law, commoner and now divorced.

Into this stagnant atmosphere erupts the challenge of terror, as a 'secessionist' from North-Eastern part of India and a fugitive from the police intrudes into the palace in urgent need of refuge. He carries a frightening array of arms as well as an ideology that justifies violence as a means to a political end.
He also carries with him many unresolved questions which, in his critical encounter with the former royals, are brought into focus.

It is the princess-by-marriage, a woman with an exceptional intellect and immense moral strength, who evokes the essential qualities of Indian tradition that make India's amazing pluralism viable: non-violence, tolerance, sacrifice and generosity.

The lady's convictions are remarkably persuasive, and a breath of self-criticism gets through a chink in the terrorist's armour, but before he can resolve his new doubts, the last word is spoken by the instrumentalities of legal violence...the terrorist gets killed in the final encounter but his death gives birth to several basic questions.

## लक्ष्य

हिंदी / 185 मिनट / 35 एम एम

**निर्माता:** रितेश सिधवानी **निर्देशन:** फरहान अख्तर **पटकथा:** जावेद अख्तर **संगीत:** शंकर, अहसान, लॉय **कैमरा:** क्रिस्टोफर पॉप **संपादन:** आनन्द सुबाया **नृत्य निर्देशन:** प्रभु देवा **कलाकार:** ऋतिक रोशन, प्रीति जिंटा, अमिताभ बच्चन, ओमपुरी, बोमन ईरानी, सुशांत सिंह

धनी परिवार में जन्मा करन शेरगिल हमेशा स्वयं को जीवन के चौराहे पर खड़ा पाता है। इस सदैव बदलाव वाले जीवन में अगर कोई स्थिर स्तम्भ है तो वह है रोमिला दत्ता। एक प्रखर युवा लड़की। रोमी करन से प्रेम करती है और जानती है कि करन एक दिन अपने उद्देश्य में सफल होगा। करन भारतीय थल सेना में नियुक्ति के लिए इण्डियन मिलिट्री अकादमी में प्रवेश प्राप्त करता है। उसके इस फैसले से उसके पिता दुखी हैं और उसे थल सेना में प्रवेश करने से रोकना चाहते हैं। पिता की डांट से उत्तेजित करन अपने आप को साबित करना चाहता है और सेना में प्रशिक्षण के लिए चला जाता है, जहां उसका अनुभव कुछ अच्छा नहीं होता। उसे लगता है कि वह केवल अपनी हठधर्मिता के कारण तथा पिता को नीचा दिखाने के लिए सेना में प्रवेश पाना चाहता था। करन सैन्य अकादमी से प्रशिक्षण पूरा किये बिना ही भाग खड़ा होता है।

रोमी उसके इस फैसले से दुखी है और उसे भविष्य में मिलने से इंकार कर देती है। पिता की प्रताड़ना सुनकर एक बार फिर करन सैन्य अकादमी वापस आ जाता है और रोमी एक पत्रकार बन जाती है। प्रशिक्षण के बाद करन की तैनाती 3 पंजाब रेजीमेंट के साथ कारगिल में होती है। द्रास में शत्रु की घुसपैठ का पता चल चुका है और ऑप्रेशन विजय प्रारम्भ हो चुका है। पर्वत चोटी संख्या 5178 को पुनः विजित करने की ज़िम्मेदारी 3 पंजाब रेजीमेंट को सौंपी जाती है। एक कमांडो ग्रुप का भाग बनकर करन पर्वत चोटी पर भारतीय तिरंगा फहरा देता है और अपने लक्ष्य को पूरा करता है।



## LAKSHYA (Goal)

Hindi/185 minutes/35mm

**Producer:** Ritesh Sidhwani **Director:** Farhan Akhtar **Screenplay:** Javed Akhtar **Camera:** Christopher Popp **Editing:** Anand Subaya **Music:** Shankar, Ehsaan, Loy **Choreography:** Prabhudeva **Cast:** Hrithik Roshan, Priety Zinta, Amitabh Bachchan, Om Puri, Boman Irani and Sushant Singh

Lakshya is the story of a young man, Karan Shergill. Born to rich, affluent parents, he lives life not worrying about tomorrow. He is, forever at the crossroads of life. The only thing stable in his life is Romila Dutta, a bright and ambitious, young woman. Romi loves Karan and believes that someday, he will find his calling.

Karan enrolls himself into the Indian Military Academy (IMA). His father is shocked to hear of it and reprimands him for making this decision.

This run in with his father makes Karan dig his heels in. He wants to prove to his disapproving, cynical father, that he too can amount to something. Romi stands by him, supporting his decision.

Karan's experience at the IMA is not a memorable one. He realizes that he is there, more because of his ego problem with his father, than his desire to achieve anything. Unable to cope with the grueling program, he runs away.

Romi is disappointed to hear that he has quit and tells him that she doesn't want to see him again. His indecision and lack of self-respect is worrying her. She feels he needs to grow up and realize his responsibilities. Karan is shattered. He decides to go back and finish what he had started. Romi, meanwhile, becomes a news correspondent .

Post IMA, Karan is posted in Kargil with the 3 Punjab Regiment. The intrusions in Drass are detected and Operation Vijay commences. The responsibility of recapturing Peak 5179 is given to the 3 Punjab Regiment.

As part of a Commando Group, Karan after great heroics reaches the hilltop and unfurls the Indian tricolour to signal recapture of the peak.

## नवरस

तमिल / 99 मिनट / 35 एम एम

**निर्माता:** सुनील दोषी **निर्देशन, पटकथा एवं कैमरा:** संतोष सिवन **संगीत:** असलम मुस्तफा **संपादन:** ए. श्रीकर प्रसाद **कलाकार:** खुशबू, श्वेता, अज्जिके उमा महेश, अपेक्षा भट्ट

नवरस एक ऐसी अनोखी यात्रा है जिसमें एक युवा लड़की श्वेता को अपने चाचा के किन्नर होने के बारे में पता चलता है। इस यात्रा में श्वेता का सामना इस दर्दभरे सत्य के यथार्थ से होता है। तमिलनाडु में चित्रित इस फिल्म में श्वेता की यात्रा अपने चाचा को वापस लाने के लिए होती है। उसके चाचा कुछ किन्नर रिवाजों को पूरा करने के लिए कूवगम की यात्रा पर निकल चुके हैं। ऐसा माना जाता है कि इन रिवाजों को पूरा करने के बाद किन्नरों को पूर्ण स्त्रीत्व की प्राप्ति हो जाती है। इस यात्रा में श्वेता के समक्ष एक संपूर्ण नया परिप्रेक्ष्य खड़ा हो जाता है और श्वेता के अन्वेषण से दर्शकों को एक ऐसे समुदाय के बारे में जानकारी प्राप्त होती है जो दुष्कर है।



## NAVARASA

Tamil/99 minutes/35 mm

**Producer:** Sunil Doshi **Direction, Screenplay** and **Camera:** Santosh Sivan **Editing:** A. Sreekar Prasad **Music:** Aslam Mustafa **Cast:** Kushbu, Swetha, Ejji K. Umamahesh, Bobby Daring and Apeksha Bhatt

In a world where, being human and surviving is bad enough, battling between the gender you physically are and the gender you mentally belong to can be a never ending trauma. Navarasa is one such journey, where a young girl Swetha discovers that her uncle, belongs to the third gender. This discovery leads her to realize the reality behind this painful truth. The film set in Tamil Nadu, is an entire journey which Swetha undertakes, in search of her uncle, who has left home to a place called Koovagam, to complete certain rituals, which will lead him to complete woman hood. Through this journey Swetha discovers a whole new world and through the film we discover her discovery.

## नेताजी सुभाषचन्द्र बोस

हिन्दी / 207 मिनट / 35 एम एम

**निर्माता**: सहारा इंडिया मीडिया कम्युनिकेशन्स **निर्देशक**: श्याम बेनेगल **पटकथा**: शमा जैदी **कैमरा**: राजन कोठारी **संपादन**: असीम सिन्हा **संगीत**: ए.आर. रहमान **कलाकार**: सचिन खेडेकर, अन्ना प्रस्टल, कुलभूषण खरबन्दा, राजपाल यादव, इली अरुण

संध्या समय दुर्गा विसर्जन के अवसर पर सुभाषचन्द्र बोस तथा उनके साथी कैदी नाच–गा रहे हैं। दुर्गा की प्रतिमा सुभाष बाबू के हाथ में देते समय उनके भतीजे शिशिर उनको एक कागज में लिखा संदेश पकड़ा देते हैं। बोस जेल में भूखहड़ताल पर चले जाते हैं।

सुदूर पेशावर में बोस के एक पार्टी कार्यकर्त्ता शाह को तुरंत कलकत्ता आने के लिए तार मिलता है। जबतक शाह कलकत्ता पहुंचते हैं बोस को आज़ाद कर दिया जाता है ताकि जेल में उनकी भूख से मृत्यु होने पर दंगा न फैल जाए। शाह को अफगानिस्तान के मार्ग से बोस को रूस भेजने का प्रबंध करने का आदेश दिया जाता है। शिशिर अपने चाचा को वेष बदलकर कलकत्ता रो अंग्रेजी सरकार से बच निकलने में सहायता करते हैं। बोस पेशावर पहुंचते हैं और अपने एक साथी तलवार के साथ काबुल के लिए रवाना होते हैं।

काबुल में अफगान पुलिस उन्हें परेशान करती है तथा रूसी संपर्क स्थापित करने से इंकार कर देते हैं। मल्होत्रा नामक एक भारतीय दुकानदार बोस को न केवल अपने घर में आश्रय देता है बल्कि इटली तथा जर्मनी की सरकारों से संपर्क करने में सहायता करता है। अंततः बोस एक इटालियन नवाब के वेष में रूस होते हुए बर्लिन पहुंच जाते हैं।

ऐसे ही अनेक दृश्यों के माध्यम से यह फिल्म बोस के जीवन, उनके संघर्ष तथा भारत की स्वतंत्रता में उनके योगदान को सजीव रूप से प्रस्तुत करती है।



## Netaji Subhas Chandra Bose the Forgotten Hero

Hindi/207 minute/35 mm

